10 अभिषेक शर्मा....



12 श्रीनिधि शेट्टी...



झारखण्ड का अपना दैनिक

झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, रविवार, 01 नवंबर 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -129 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

जेटेट परीक्षा को लेकर सीएम की अपील, कदाचार मुक्त परीक्षा कराने में सहयोग करें सभी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता

रांची। झारखंड में करीब 10 साल बाद होने जा रही झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर पहली बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किसी परीक्षा के लिए विशेष अपील की है. राज्यभर में 5.60 लाख परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे, जिसके लिए 986 परीक्षा केंद्र तैयार किए गए हैं. राज्य में हाल के दिनों में छात्र आंदोलनों, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियों के आरोप और कई परीक्षाओं व नियुक्ति विज्ञापनों को रद्द किए जाने के बीच इस परीक्षा को लेकर सरकार की चुनौती भी बढ़ गई है. लंबे इंतजार और कई बदलावों के बाद होने जा रही ख-ळएळ परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परीक्षार्थियों, अभिभावकों और परीक्षा कार्य से जुड़े सभी लोगों से विशेष अपील की है. मुख्यमंत्री की यह अपील सोशल मीडिया के साथ-साथ अखबारों में भी प्रकाशित की गई है. उन्होंने परीक्षा को पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने की अपील की है. मुख्यमंत्री ने परीक्षार्थियों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों और परीक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों से पूरी जिम्मेदारी, अनुशासन और सहयोग के साथ अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया है.



अभ्यर्थियों से लेकर अभिभावकों तक से सहयोग की अपील

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी अपील में मुख्य रूप से दो बातों पर जोर दिया है. पहली, परीक्षा का आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचार मुक्त माहौल में हो. दूसरी, परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और परीक्षा कार्य में लगे सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और अनुशासन के साथ करें. करीब एक दशक के लंबे इंतजार के बाद हो रही इस परीक्षा से बड़ी संख्या में 5.60 लाख अभ्यर्थियों की उम्मीदें जुड़ी हैं. ऐसे में परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो और सभी अभ्यर्थियों को निष्पक्ष अवसर मिले, यह सबसे बड़ी चुनौती होगी.

परीक्षा को लेकर सरकार की भी प्रतिष्ठा दांव पर

दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में झारखंड में आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर सवाल उठते रहे हैं. प्रश्नपत्र लीक से लेकर परीक्षा में अनियमितताओं के आरोप तक सामने आए हैं. हाल के दिनों में सरकार ने पूर्व में जारी एक दर्जन से अधिक परीक्षा और नियुक्ति विज्ञापनों को रद्द करने के फैसले भी लिए हैं, जिन्हें अदालत में चुनौती दी गई है. ऐसे माहौल में ख-ळएळ परीक्षा का निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजन सरकार के लिए भी अहम माना जा रहा है. यही वजह है कि मुख्यमंत्री स्वयं सार्वजनिक अपील के जरिए परीक्षा से जुड़े सभी पक्षों को उनकी जिम्मेदारी याद दिला रहे हैं.

अब परीक्षा की पारदर्शिता पर सबकी नजर

जेटेट की परीक्षा केवल शिक्षक पात्रता हासिल करने की कोशिश कर रहे अभ्यर्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि परीक्षा व्यवस्था और सरकार के लिए भी एक महत्वपूर्ण कसौटी है. अब सबकी नजर इस बात पर है कि झारखंड में यह परीक्षा कितनी पारदर्शिता और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होती है.

राहुल दुबे गैंग पर पुलिस की कार्रवाई, 6 गुर्गे पहुंचे जेल, हथियार सप्लायर तक पहुंची पुलिस

हथियार सप्लायर तक पहुंची जांच, जियाउल हबीब गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में कुख्यात राहुल दुबे गैंग के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों का संबंध कांके, हजारीबाग के ए.के. इंटरनेशनल होटल, उरीमारी और टंडवा में हुई फायरिंग की घटनाओं से सामने आया है. पुलिस की इस कार्रवाई से संगठित अपराध और रंगदारी के लिए दहशत फैलाने वाले गिरोहों के खिलाफ चल रहे अभियान को बड़ी सफलता मिली है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से चार पिस्टल, आठ जिंदा कारतूस, पांच मैगजीन, छह मोबाइल फोन, एक कार और एक पल्सर मोटरसाइकिल जब्त की गई है.

गुप्त सूचना से खुला गैंग का नेटवर्क

रांची पुलिस के अनुसार, 30 अक्टूबर 2026 को वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गैंग के कुछ अपराधी एक कार से रिंग रोड इलाके में घूम रहे हैं. आशंका थी कि वे किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं. सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई. वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर और ग्रामीण पुलिस अधीक्षकों के निर्देशन में हटिया के वरीय पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए कांके रिंग रोड क्षेत्र में संदिग्ध कार की पहचान की और उसमें सवार चार आरोपियों को दबोच लिया.

तलाशी में पिस्टल, गोलियां और मैगजीन बरामद

पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की तलाशी ली, तो उनके पास से हथियार और अन्य सामान बरामद हुए. शुरूआती पूछताछ में आरोपियों के राहुल दुबे गैंग से जुड़े होने और गिरोह की आपराधिक गतिविधियों में कथित रूप से शामिल रहने की जानकारी सामने आई. पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि बरामद हथियारों का इस्तेमाल किन-किन वारदातों में किया गया और गिरोह के अन्य सदस्यों तक इनकी आपूर्ति कैसे होती थी.



मुठभेड़ में सौरभ के पैर में लगी थी गोली

कांके से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस को गिरोह के एक अन्य सदस्य के बारे में सुराग मिला. इसके बाद पुलिस टीम ने धुर्वा थाना क्षेत्र के सीठियो इलाके में छापेमारी की. पुलिस के मुताबिक, इसी दौरान एक आरोपी ने पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर फायरिंग कर दी. जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें सौरभ कुमार नामक आरोपी के पैर में गोली लग गई. घायल आरोपी को इलाज के लिए रिम्स, रांची भेजा गया. पुलिस ने उसके पास से भी एक पिस्टल, गोलियां और मोबाइल फोन बरामद करने की बात कही है. इस घटना के बाद इलाके में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई. इस पूरे मामले में पुलिस की जांच सिर्फ हथियार लेकर घूम रहे आरोपियों तक सीमित नहीं रही.

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया ब्लॉक का 'महाभियोग प्रस्ताव' पास

राहुल गांधी की चेतावनी- 'बचेगा कोई नहीं...'

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एक प्रतीकात्मक सार्वजनिक महाभियोग कार्यक्रम आयोजित किया. इस कार्यक्रम में उनके खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पास कर दिया गया. कार्यक्रम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर एक नकली संसद की तरह चला. पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने इसकी अध्यक्षता की.

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया ब्लॉक के प्रतीकात्मक 'जन महाभियोग' कार्यक्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सीधे तौर पर बड़ी चेतावनी दी है. राहुल गांधी ने कहा कि वे भारत संघ पर हमला करने वालों को किसी भी कीमत पर बचने नहीं देंगे. प्रतीकात्मक जन महाभियोग प्रस्ताव का पूरा समर्थन करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ₹हम आपको भागने नहीं देंगे. मैं उन लोगों को भी संबोधित करना चाहता हूं जिन्होंने भारत संघ पर यह हमला किया है. ज्ञानेश कुमार तो सिर्फ एक जरिया हैं, उनके जैसे कई और भी हैं. उन्होंने आगे सचेत करते हुए कहा, यह आपके लिए एक चेतावनी है; चीजें अब बदल रही हैं. कृपया इस चेतावनी को सुनें और समझें कि यह बगीचे में रखा एक नया राजनीतिक हथियार है, और यदि आप इसी रास्ते पर चलते रहे तो यह हथियार आपको बहुत बुरी तरह चोट पहुंचाएगा. मैं यह बात बहुत ही प्रेम और सद्भाव के साथ कह रहा हूं. हम कोई बुरे या दुष्ट लोग नहीं हैं, लेकिन हम अपने लोगों की आवाज और संविधान की रक्षा जरूर करेंगे. राहुल गांधी ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की वकालत की. उन्होंने कहा, मैं इस प्रस्ताव का पूरी तरह से समर्थन करता हूं कि मिस्टर ज्ञानेश कुमार पर न केवल महाभियोग चलाया जाना चाहिए, बल्कि अदालत में देशद्रोह का मुकदमा भी चलाया जाना चाहिए ताकि न्याय सुनिश्चित हो सके.



रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की रैली, दिल्ली में हुई बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

रांची। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी और एसआईआर को रद्द करने की मांग को लेकर 01 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक में शामिल दलों की रैली होनेवाली है. इस रैली में शामिल होने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन दिल्ली पहुंच चुके हैं. वहीं झामुमो से राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी पहले से ही दिल्ली में हैं. इस रैली में झारखंड कांग्रेस के कार्यकर्ता, नेता, पार्टी विधायक और आमजनों के शामिल होने का दावा जेपीसीसी ने किया है. झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश आज शाम रामलीला मैदान जाकर रैली की तैयारियों का जायजा लिया. रविवार को होनेवाली रैली को ऐतिहासिक और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में महाजुटान को महत्वपूर्ण दिन करार दिया. झारखंड कांग्रेस के नेताओं ने शनिवार को दिल्ली में ही लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनके पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की. रामलीला मैदान की रैली से पहले दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई इंडिया ब्लॉक की बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी के साथ साथ झारखंड के मुख्यमंत्री एवं झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सहित इंडिया गठबंधन के तमाम वरिष्ठ नेता शामिल हुए.

क्या हैं छह आरोप

- चुनाव चोरी की साजिश में शामिल होना
- विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए करीब 13.2 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाना
- संसद की मंजूरी के बिना फॉर्म-6 में बदलाव करना
- ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म के जरिए मतदाता सूची पर नियंत्रण लेना
- बाकी दो चुनाव आयुक्तों को महत्वपूर्ण फैसलों से बाहर रखना
- प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर काम करना

महुआ, साल और केंदू से बनेगी दवा, डीएसपीएमयू के डॉ अशोक नाग और डॉ अंजना के आविष्कार को ब्रिटेन से मिला पेटेंट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि रांची के वनस्पतिशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर व वनस्पति विज्ञानी डॉ अशोक कुमार नाग और दिल्ली विवि की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अंजना सागर के संयुक्त अनुसंधान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है. दोनों वैज्ञानिकों द्वारा विकसित ए फाइटोकेमिकल एक्सट्रैक्शन अपरेटस फॉर आइसोलेशन ऑफ बायोएक्टिव कंपाउंड्स डिवाइस को यूनाइटेड किंगडम सरकार के इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑफिस ने आधिकारिक रूप से डिजाइन रजिस्ट्रेशन (पेटेंट) प्रदान किया है. इससे अब औषधीय पौधों से सस्ती दवाइयां बनाने में मदद मिलेगी.

क्या है यह आविष्कार और झारखंड के लिए क्यों है खास

यह एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला उपकरण है, जो जंगलों में पाये जाने वाले औषधीय पौधों से जैव-सक्रिय यौगिकों को निकालने की प्रक्रिया को बेहद तेज, शुद्ध और कम लागत वाला बनाता है. डॉ अशोक कुमार नाग पिछले एक दशक से झारखंड के जंगलों के 66 प्रमुख वृक्षों, लताओं और आदिवासी औषधीय पौधों पर शोध कर रहे हैं. जिसमें साल, महुआ, केंदू, बिजासाल, चिरोंजी, आंवला जैसे पेड़ शामिल हैं. डॉ अशोक और डॉ अंजना ने बताया कि इस पेटेंट के बाद झारखंड अपने 66 प्रमुख वृक्षों के बीजों और पत्तियों से अंतरराष्ट्रीय स्तर की दवाइयां बनाने की फैक्ट्रियां लगा सकेगा. डीएसपीएमयू में इसका पायलट प्लांट लगाने की योजना है. इससे मेड इन झारखंड टैग की दवाइयां विदेशों में निर्यात हो सकेंगी. उन्होंने बताया कि पहले आदिवासी महुआ, केंदू पत्ता और चिरोंजी सस्ते में बेच देते थे. अब इस मशीन से गांव में ही अर्क निकाल कर उसकी कीमत 10 गुना बढ़ाई जा सकेगी. इससे राज्य के वन-धन केंद्रों और स्वयं सहायता समूहों को सीधा लाभ मिलेगा और आदिवासी युवाओं के लिए रोजगार के हजारों अवसर बनेंगे. शोध के अनुसार झारखंड के जंगलों में कई ऐसे यौगिक हैं, जिनमें एंटी-कैंसर और एंटी-डायबिटिक गुण हैं. यह उपकरण उन यौगिकों को शुद्ध रूप में निकाल कर सस्ती जेनेरिक दवाइयां बनाने में मदद करेगा, जो आम आदमी तक पहुंच सकेंगी.



स्टार्टअप को भी मिलेगा बढ़ावा

यूके पेटेंट मिलने से अब यूरोप की फार्मा कंपनियां इस तकनीक में निवेश करने को तैयार होंगी. डीएसपीएमयू और दिल्ली विवि मिलकर इस पर दो नये स्टार्टअप, तीन पीएचडी और बीआइआरएसी/स्टार्टअप इंडिया से फंडिंग के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है. अगला लक्ष्य इस डिजाइन को यूएसए और इयू में भी रजिस्टर कराना और डब्ल्यूएचओ-जीएमपी सर्टिफाइड मशीन बनाना है, ताकि यह झारखंड के हर कॉलेज लैब में पहुंच सके. इससे जैव-चोरी रुकेगी और झारखंड को उसके संसाधनों की रॉयल्टी मिलेगी.

आज का विचार

झारखण्ड उजाला



श्री मिथिलेश्वर नाथ मिश्र
समाजसेवी रांची झारखंड।

नई पीढ़ी किसी भी राष्ट्र का भविष्य और उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़कर युवा समाज में बदलाव ला सकते हैं। आवश्यकता है कि नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करते हुए आधुनिक ज्ञान एवं तकनीक को अपनाए और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,38,150
चांदी (प्रति किलो) : 2,26,450
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 74,459.53
निफ्टी :- 23,053.30

मौसम

अधिकतम तापमान : 27
न्यूनतम तापमान : 20

सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:54
संध्या :- 17:10

आज का इतिहास

आज ही के दिन सन 2000 को मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ भारत के 26वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया।

संक्षिप्त समाचार

तमाड़ उपडाक घर में आधार कार्ड बनना शुरू

तमाड़। उप डाक घर तमाड़ मे सोमवार से आधार कार्ड बनना शुरू हो जायेगा जिसमें आधार कार्ड अपडेट, नया आधार कार्ड बनाने, मोबाइल नंबर जोड़वाने का काम अब सोमवार से शनिवार तक लगातार किया जायेगा। जिसकी जानकारी उप डाकपाल देवनारायण रविदास ने दिया।

लोहरदगा में ब्राउन शुगर के साथ 8 आरोपी गिरफ्तार, थार जब्त

लोहरदगा। कुडू थाना क्षेत्र में पुलिस ने करीब 98 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से काले रंग की महिंद्रा थार गाड़ी (JH01FX0060) भी जब्त की है. 30 अक्टूबर की रात लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा-कुडू रोड से महिंद्रा थार में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के लिए ले जाया जा रहा है. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कुडू के केरवाडी मोड़ के पास कार्रवाई की. इस दौरान पुलिस को एक निमार्णाधीन मकान में आठ लोग मिले. तलाशी लेने पर सभी के पास से एल्युमिनियम फॉयल में पैक ब्राउन शुगर बरामद हुआ. बरामद पदार्थ का कुल वजन करीब 98 ग्राम बताया गया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंकज कुमार, अभय कुमार, अलतमस अंसारी, वाहीद अंसारी, संदीप कुमार यादव, आर्यन राज चौधरी, रितु राज जायसवाल उर्फ रितु राज कुमार और सोनू राज कुमार के रूप में हुई है. इनमें छह आरोपी रांची के सुखदेवनगर और गोंदा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, जबकि दो लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के निवासी हैं. इस मामले में कुडू थाना कांड संख्या 95/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है.





प्राकृतिक बालू का विकल्प बनेगी बॉटम ऐश, निर्माण क्षेत्र में उपयोग बढ़ाने की पहल

पीवीयूएनएल ने आईआईएम रांची में आयोजित किया पहला ऐश उपयोगकर्ता सम्मेलन, 85 औद्योगिक एवं संस्थागत प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





पतरातू : पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) की ओर से शुक्रवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में प्रथम बॉटम ऐश उपयोगकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य निर्माण कार्यों में प्राकृतिक बालू के विकल्प के रूप में बॉटम ऐश के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करना तथा उद्योगों, उद्यमियों और छोटे व्यवसायों को इसके व्यावसायिक उपयोग की संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का उद्घाटन पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार सहगल ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक आर. के. निरंजन सहित निगम के कई वरिष्ठ अधिकारी तथा संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सम्मेलन में निर्माण कार्यों में बॉटम ऐश के उपयोग की तकनीकी संभावनाओं और इससे होने वाले पर्यावरणीय लाभों पर चर्चा की गई। अपने संबोधन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार सहगल ने कहा कि प्राकृतिक बालू पर निर्भरता कम करना और उसके स्थान पर टिकाऊ विकल्प को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। बॉटम ऐश का उपयोग बढ़ने से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा तथा औद्योगिक उप-उत्पादों का भी बेहतर इस्तेमाल संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से स्थानीय उद्यमियों और छोटे व्यवसायों के लिए नए व्यावसायिक अवसर पैदा होंगे। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने टिकाऊ निर्माण से जुड़े उद्यमियों को सहयोग देने की निगम की प्रतिबद्धता दोहराई। आईआईएम रांची के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में विभिन्न उद्योगों एवं संस्थानों के 85 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें इंडियन ऑयल, हिंडाल्को, राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम, भारतीय इस्पात प्राधिकरण, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, मेकॉन, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण तथा विभिन्न नगर निगमों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान बॉटम ऐश के प्रभावी उपयोग, निर्माण कार्यों में इसकी उपयोगिता और औद्योगिक स्तर पर इसके व्यापक इस्तेमाल की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। यह आयोजन औद्योगिक क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्री को बढ़ावा देने की दिशा में पीवीयूएनएल की महत्वपूर्ण पहल रही। इसके माध्यम से निगम का लक्ष्य बॉटम ऐश के उपयोग का दायरा बढ़ाना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा औद्योगिक अपशिष्ट के बेहतर उपयोग से टिकाऊ विकास को गति देना है।

पेंशनरों के कानूनी अधिकारों और पेंशन सुधारों को ले सांसद राजाराम सिंह को सौंपा ज्ञापन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



लोहरदगा: अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, दिल्ली के निर्णयानुसार पेंशनरों के कानूनी अधिकारों की सुरक्षा और आवश्यक पेंशन सुधारों की मांग को लेकर महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने काराकाट (बिहार) के सांसद कॉमरेड राजाराम सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने वित्त अधिनियम 2025 के तहत वैलिडेशन एक्ट के प्रावधानों सहित पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा।
प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड राज्य पेंशनर समाज के महासचिव महेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन सह राज्य वित्त सचिव चंद्रकांत सिंह तथा झारखंड राज्य पेंशनर समाज के राज्य सचिव सह धनबाद जिला सचिव वासुदेव गोस्वामी शामिल थे। सांसद राजाराम सिंह ने ज्ञापन प्रधानमंत्री को समर्पित करने के साथ ही आगामी संसदीय सत्र में इस मुद्दे को उठाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय गृह मंत्री, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती भी मनाई गई। समारोह को संबोधित करते हुए महासंघ के राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह ने कहा कि सरदार पटेल भारत की एकता, अखंडता और आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उनके व्यक्तित्व और योगदान को किसी क्षेत्र, जाति या धर्म की सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। वहीं, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन चंद्रकांत सिंह ने कहा कि सरदार पटेल की कुबार्नी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए उनके विचारों, दृढ़ इच्छाशक्ति और एकता के सिद्धांतों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की कथनी और करनी में एकरूपता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट संकल्प था।

डभातू के समीप सड़क दुर्घटना में बीएमएल प्लांट कर्मी राजेश कुमार महतो घायल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

जे एल केम के केंद्रीय सचिव ने अस्पताल पहुंचकर की मदद



रामगढ़/गोला। गोला। बीएमएल प्लांट से काम समाप्त कर घर लौट रहे कुम्हरदगा डुडगी डीह निवासी राजेश कुमार महतो डभातू के समीप सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। दुर्घटना के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर जे एल केम के केंद्रीय सचिव संतोष चौधरी ने अस्पताल पहुंचे और घायल राजेश कुमार महतो की सहायता करते हुए उनके इलाज में सहयोग किया। बताया जाता है कि बीएमएल प्लांट में काम करने वाले मजदूरों के साथ दुर्घटनाओं की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। कभी कारखाने के अंदर काम के दौरान मजदूर घायल होते हैं, तो कभी ड्यूटी समाप्त कर घर लौटते समय सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। इन घटनाओं ने मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मजदूरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कारखाना प्रबंधन को कार्यस्थल के साथ-साथ मजदूरों के सुरक्षित आवागमन को लेकर भी आवश्यक पहल करनी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। फिलहाल घायल राजेश कुमार महतो के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीणों ने बुलंद की आवाज, लिया ईमानदारी का संकल्प

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

कटिया बस्ती में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत चला जन-जागरूकता अभियान, रिश्वत नहीं देने और पारदर्शिता अपनाने की गई अपील



पतरातू : भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण और आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को पतरातू नवोदय विद्यालय के सौजन्य से ग्राम पंचायत कटिया बस्ती में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही अपनाने का संदेश दिया गया। मौके पर मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार पर रोक लगाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। समाज के हर व्यक्ति को इसके विरुद्ध जागरूक होना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि न रिश्वत दें, न रिश्वत लें और न ही किसी प्रकार के भ्रष्टाचार को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और पारदर्शिता के माध्यम से ही भ्रष्टाचार मुक्त एवं विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। अभियान के दौरान ग्रामीणों को जागरूक करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्रचारक रवि शंकर प्रसाद, एसपी सिन्हा, दीपक कुमार, सुमित धानुका, राजेश महतो, दिलीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नागपुरी गीतों की धुन पर रातभर झूमे ग्रामीण, बरवाटोला का मेला बना आकर्षण का केंद्र

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

करवाचौथ पूजा पर सांकुल बरवाटोला में भव्य मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, विधायक रोशन लाल चौधरी और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सहित कई जनप्रतिनिधि हुए शामिल



पतरातू: करवाचौथ पूजा के शुभ अवसर पर सांकुल पंचायत के बरवाटोला में शुक्रवार की रात भव्य मेला एवं नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं ग्रामीण शामिल हुए। मेले में लगी मिठाई और विभिन्न व्यंजनों की दुकानों पर लोगों की अच्छी भीड़ देखने को मिली। वहीं नागपुरी गायक नितेश कच्छप के गीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनके गीतों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान महिला एवं पुरुष कलाकारों ने आकर्षक गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, जेएलकेएम के केंद्रीय सदस्य विजय साहू, पालू मुखिया पानो देवी, पूर्व मुखिया गंगाधर महतो तथा परमानंद राजीव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए लोगों को करवाचौथ पूजा की शुभकामनाएं दीं। साथ ही क्षेत्र में सुख-शांति, आपसी भाईचारे और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला समिति के अध्यक्ष सिकरम सिंह, उपाध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, सचिव अशोक सिंह, उप सचिव सतीश सिंह, कोषाध्यक्ष भीम कुमार सिंह, गोपी एवं संरक्षक अर्जुन सिंह, राजेंद्र सिंह, बिंदेश्वर सिंह, राजन सिंह, भगवान सिंह, अरविंद सिंह, अमर सिंह, अभय सिंह, दीपक नारायण सिंह, वीर सिंह, मोहन सिंह, मनजीत सिंह, अजय सिंह, अमित गंझू, राहुल सिंह, रामचंद्र सिंह, राजा, संदीप सिंह, सूरज सिंह, देवानंद सिंह, अमित कुमार, कुलेश्वर सिंह एवं शनि कुमार सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं शनिवार की देर शाम पूरे विधि-विधान एवं गाजे-बाजे के साथ सांकुल तालाब में भगवान शिव एवं माता पार्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इससे पूर्व पूजा समिति की ओर से मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक आयोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर सरदार पटेल ने रखी अखंड भारत की नींव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

पटेल चौक पीटीपीएस में लौह पुरुष की 151वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा, विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित, लगा निशुल्क चिकित्सा शिविर





पतरातू: भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती शनिवार को पीटीपीएस स्थित पटेल चौक में पटेल सेवा संघ के तत्वावधान में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संयोजक सुजीत कुमार पटेल ने की, जबकि संचालन किड्ज ए जूनियर विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान एवं ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर किड्ज जूनियर स्कूल, आदर्श शिशु विद्यालय एवं वारिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गान, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं, विद्यालयों में आयोजित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पटेल सेवा संघ की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। शिविर का संचालन मैक्स लाइफ केयर अस्पताल की ओर से किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि आजादी के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 565 रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व के कारण ही उन्हें लौह पुरुष की उपाधि मिली। वहीं, संघ संयोजक सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अडिग निर्णय और प्रशासनिक कुशलता से देश की जनता के हित में कई महत्वपूर्ण आंदोलन किए। उनका जीवन आज भी देश की एकता और अखंडता की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में डॉ. के. के. सिंह एवं डॉ. के.के. शर्मा ने सरदार पटेल के जीवन और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर संघ सचिव मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ. ए.के. सिन्हा, डॉ. एच.के. सिंह, रामयज्ञ सिंह, रामचंद्र प्रसाद, संजय सिन्हा, अखिलेश सिन्हा, दिलीप सिंह, सुनील महतो, अनिल कुमार, संतोष, चंद्रशेखर सिंह, शंभु वर्मा, सुजीत कुमार, विनोद कुमार राज, किशोर सिंह, रणधीर कपूर, गंगाधर महतो, अमर यादव, डॉ. सुनील सिंह, मनोज महतो, राजेंद्र प्रसाद, संजय यादव, हुलास राय, गणेश महतो, चंदन कुमार, सुशील ठाकुर, अनिल सिंह, संजीव सिंह, अरिंदम नायक, कुंदन सिंह, राजीव पाठक सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

››››: संक्षिप्त खबर :‹‹‹

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल, इलाज के लिए आर्थिक मदद की लगाई गुहार



रामगढ़/गोला। पिछले दिन रामगढ़ के टायर मोड़ के समीप दो वाहनों के बीच हुई भीषण टक्कर में गोला प्रखंड क्षेत्र मुरपा गांव निवासी आशेश्वर महतो गंभीर रूप से घायल हो था। दुर्घटना में उनके पैर में तीन जगह फ्रैक्चर हो गया है, जबकि हाथ भी टूट गया है। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची स्थित विकास अस्पताल में उनका इलाज कराया जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार, सड़क दुर्घटना में आशेश्वर महतो को गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। पैर और हाथ में गंभीर फ्रैक्चर होने के कारण इलाज में काफी खर्च आ रहा है। बताया जाता है कि आशेश्वर महतो का परिवार अत्यंत गरीब है और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज का खर्च उठाना उनके परिजनों के लिए बेहद मुश्किल हो गया है।परिवार के सामने एक ओर अपने सदस्य की जिंदगी बचाने की चिंता है, तो दूसरी ओर इलाज के लिए आवश्यक पैसों की व्यवस्था करना बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे कठिन समय में परिजनों ने समाज के संवेदनशील लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं सक्षम व्यक्तियों से आर्थिक सहयोग की अपील की है।परिजनों ने गुहार लगाई है कि आशेश्वर महतो के इलाज में मदद के लिए लोग आगे आएं, ताकि आर्थिक तंगी उनके उपचार में बाधा न बने और उन्हें जल्द स्वस्थ होने का अवसर मिल सके।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रामगढ़ में माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



रामगढ़। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर शनिवार को रामगढ़ जिले के कांकेबार स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर एक विशेष माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देश के पहले गृह मंत्री और अखंड भारत के शिल्पी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का तांता लगा रहा।कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ की विधायक ममता देवी, उपायुक्त ऋतुराज और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने कांकेबार स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उनके साथ जिला प्रशासन के कई अन्य वरीय प्रशासनिक अधिकारी और पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए सरदार पटेल के अमूल्य योगदान को याद किया।वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एकजुट कर एक मजबूत राष्ट्र की नींव रखी थी। उनके आदर्श और विचार आज भी देशवासियों को राष्ट्र सेवा और एकता के सूत्र में बंधे रहने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत बच्चों को किया गया जागरूक

बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम और यौन शोषण से बचाव की दी गई जानकारी



लोहरदगा: झालसा, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को लोहरदगा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बमनडीहा में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजकमल मिश्रा एवं सचिव मनोरंजन कुमार के निदेर्शानुसार पीएलवी शाहिद हुसैन एवं इजहार अहमद ने बच्चों को उनके अधिकारों और बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 150 बच्चों को बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम-2012 (पॉक्सो एक्ट), गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। बच्चों को किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में चुप नहीं रहने तथा इसकी जानकारी अभिभावकों और संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विशेष रूप से बालिकाओं को कम उम्र में विवाह से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि बेटियां शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी, तभी परिवार के साथ पूरा समाज आगे बढ़ेगा।कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों और संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। मौके पर पीएलवी शाहिद हुसैन, इजहार अहमद सहितविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में एमबी डीएवी विद्यालय को मिला द्वितीय स्थान



राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2027 के तहत विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत का दिया संदेश

लोहरदगा: राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2027 के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग) के तहत आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले और विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। अपने अभिनय, दमदार संवाद और सामूहिक प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों को उजागर करते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। उनकी प्रस्तुति को सराहना मिली और टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया।इस प्रतियोगिता में सिद्धार्थ अग्रवाल, पूजा कुमारी, विद्या कुमारी, अरमान, आरव अग्रवाल, प्रिंस कुमार, पीयूष मित्तल, सक्षम साहू, कुनाल ठाकुर एवं अक्षय कुमार ने भाग लिया।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या प्रेरणा शंखधर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके प्रयास, लगन और टीम भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

छठ घाटों पर अवैध कब्जे को लेकर नगर आयुक्त सख्त, पूजा समितियों को चेतावनी, आम लोगों के लिए खाली रखने होंगे सार्वजनिक स्थल

रांची के नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने तालाबों और छठ घाटों का किया निरीक्षण, पदाधिकारियों को दिए कई निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर राजधानी रांची में तैयारियां तेज हो गई हैं. रांची नगर निगम ने शहर के तालाबों और छठ घाटों को दुरुस्त करने के लिए कवायद शुरू कर दी है. इसी कड़ी में शनिवार को नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने अपर नगर आयुक्त संजय कुमार और निगम के अन्य अधिकारियों के साथ शहर के कई तालाबों और छठ घाटों का निरीक्षण किया. इस दौरान नगर आयुक्त ने साफ-सफाई, रोशनी, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े इंतजामों का जायजा लिया. वहीं, छठ घाटों और सार्वजनिक तालाबों पर अवैध कब्जे व अतिक्रमण को लेकर उन्होंने सख्त रुख अपनाया.



आधा दर्जन तालाबों और घाटों का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान नगर निगम की टीम ने अरगोड़ा तालाब, बटन तालाब (डोरंडा), स्वर्णरेखा घाट (नामकुम), तिरिल तालाब (कोकर), जेल तालाब और चडरी तालाब का जायजा लिया. अधिकारियों ने संबंधित स्थलों पर छठ पूजा के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को होने वाली संभावित परेशानियों की जानकारी ली. नगर आयुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ महापर्व से पहले सभी घाटों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए. घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को दुरुस्त करने के साथ पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि शाम को अस्ताचलगामी और सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो.

गहरे पानी वाले स्थानों पर होगी बैरिकेडिंग

निरीक्षण के दौरान तालाबों में पानी की गहराई को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया. जिन स्थानों पर पानी अधिक गहरा है, वहां पहले से बैरिकेडिंग की जाएगी. साथ ही खतरे के निशान लगाए जाएंगे, ताकि व्रती और श्रद्धालु अनजाने में गहरे पानी में न चले जाएं. नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए.

छठ घाटों पर कब्जे को लेकर नगर आयुक्त सख्त

निरीक्षण के दौरान सबसे अहम मुद्दा सार्वजनिक तालाबों और छठ घाटों पर अवैध कब्जे व अतिक्रमण का रहा. नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी व्यक्ति या समिति का स्थायी कब्जा स्वीकार्य नहीं होगा. उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी छठ पूजा समितियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं. नगर आयुक्त ने कहा कि तालाब और घाट सार्वजनिक संपत्ति हैं. इनका इस्तेमाल आम लोगों की सुविधा के लिए होना चाहिए. पूजा समितियों को भी यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि छठ पूजा के आयोजन के नाम पर सार्वजनिक स्थानों पर स्थाई कब्जा या अतिक्रमण नहीं किया जाए. उन्होंने समितियों से इस दिशा में नगर निगम को सहयोग करने की अपील भी की.

सालभर लोगों के काम आएंगे तालाब और घाट

नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि रांची के सभी तालाबों की अपनी अलग भौगोलिक स्थिति और चुनौतियां हैं. इसलिए सभी जगह एक जैसी व्यवस्था लागू करने के बजाय स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप सुधार किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान शाम और सुबह दोनों समय श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं. ऐसे में पर्याप्त रोशनी, सुरक्षित रास्ते और पानी तक पहुंचने की बेहतर व्यवस्था जरूरी है. नगर निगम का प्रयास केवल छठ महापर्व के लिए घाटों को तैयार करना नहीं, बल्कि इन सार्वजनिक स्थलों को इस तरह विकसित करना भी है, ताकि लोग पूरे साल इनका बेहतर इस्तेमाल कर सकें.

जेटेट परीक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, पांच जिलों में 112 हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर तैनात

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 में नकल और कदाचार रोकने के लिए पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं. एक नवंबर को होने वाली परीक्षा में अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर कड़ी जांच की प्रक्रिया से गुजरना होगा. परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने और प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से अभ्यर्थियों की जांच की जाएगी. इसके लिए झारखंड पुलिस मुख्यालय ने पांच जिलों में कुल 112 हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है.

विशेष शाखा की ओर से 30 अक्टूबर को जारी पत्र के अनुसार रांची, धनबाद, पाकुड़, जामताड़ा और पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे. रांची में सबसे अधिक 50 हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर की मांग की गई है.



वहीं, धनबाद में 25, पाकुड़ में 12, जामताड़ा में 12 और पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में 13 मेटल डिटेक्टर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है. परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग के दौरान मेटल डिटेक्टर का इस्तेमाल किया जाएगा. इसका उद्देश्य प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को परीक्षा केंद्रों के भीतर ले जाने से रोकना और नकल की आशंका को कम करना है. पुलिस की ओर से परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है. अभ्यर्थियों की जांच के साथ परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखने पर भी जोर रहेगा.

विशेष शाखा ने संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि वे आवश्यक वाहन और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी निर्धारित कर धुर्वा स्थित विशेष शाखा के अनुरक्षण केंद्र से मेटल डिटेक्टर प्राप्त करें. परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी उपकरणों को तत्काल सुरक्षित वापस जमा कराने को भी कहा गया है. पुलिस मुख्यालय की तैयारी का मुख्य उद्देश्य परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त संपन्न कराना है. इसके लिए संबंधित जिलों को समय रहते सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है.

झारखंड एकेडमिक काउंसिल की कार्यप्रणाली पर सवालः बिना जांच के स्कूलों को स्थापना अनुमति, अब अनुदान पर भी रोक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। झारखंड में वित्त रहित माध्यमिक विद्यालयों को स्थापना अनुमति देने की प्रक्रिया में बड़ी अनियमितता सामने आई है. झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने कई विद्यालयों को निर्धारित मानकों और दस्तावेजों की जांच किए बिना ही स्थापना अनुमति दे दी. अब इन विद्यालयों के अनुदान आवेदन की समीक्षा के दौरान गड़बड़ी सामने आने के बाद विभागीय अनुदान समिति ने जैक से जवाब-तलब करने की अनुशंसा की है. साथ ही अनियमितता प्रमाणित होने पर जिम्मेदार पदाधिकारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर की अध्यक्षता में हुई विभागीय अनुदान समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुदान से वंचित विद्यालयों की अपील पर विचार किया गया. कुल 107 माध्यमिक विद्यालयों ने अनुदान प्राप्त करने के लिए विभाग



के समक्ष आवेदन दिया था. समीक्षा के दौरान नियमों और निर्धारित शर्तों का पालन नहीं करने वाले विद्यालयों के आवेदन खारिज कर दिए गए. समिति ने संबंधित विद्यालयों को अनुदान देने से भी इनकार कर दिया है। विभाग अब जैक की भूमिका की जांच और आगे की कार्रवाई की दिशा में बढ़ रहा है.

जांच में सामने आया कि कई विद्यालयों में विधिवत शासी निकाय का गठन तक नहीं किया गया था. वहीं, कुछ विद्यालयों में निर्धारित संख्या के अनुरूप वर्गकक्ष उपलब्ध नहीं थे. इसके बावजूद उन्हें स्थापना अनुमति दे दी गई. कई विद्यालय ऐसे भी मिले, जिन्होंने स्थापना अनुमति मिलने के वर्षों बाद भी स्थायी प्रस्वीकृति यानी मान्यता हासिल नहीं की. इसकी वजह यह थी कि वे मान्यता के लिए जरूरी शर्तें पूरी नहीं कर पा रहे थे. दुमका के विजय राय जनजाति माध्यमिक विद्यालय के मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी की रिपोर्ट में केवल छह वर्गकक्ष उपलब्ध होने की बात कही गई. इसे निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। वहीं, एक अन्य विद्यालय के निरीक्षण में नामांकन के मुकाबले विद्यार्थियों की उपस्थिति काफी कम मिली. रिपोर्ट में नामांकन के आंकड़ों पर भी सवाल उठाए गए।

रांची के अंधेरे इलाकों की बदलेगी तस्वीर! लगेंगी 6,000 नई स्ट्रीट लाइटें

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। शहर के कई इलाकों में रात होते ही अंधेरा छा जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है. खासकर पैदल चलने वालों, महिलाओं, बुजुर्गों और देर शाम काम से घर लौटने वाले लोगों को अंधेरी सड़कों और गलियों से गुजरना पड़ता है. एक महिला यात्री ने बताया कि अंधेरी गलियों से गुजरते हुए उसे हमेशा डर लगता है. कई स्थानों पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने से असुरक्षा की भावना भी बनी रहती है. इस समस्या को दूर करने के लिए रांची नगर निगम ने शहर में 6,000 नयी एलइडी स्ट्रीट लाइटें लगाने की तैयारी शुरू की है. योजना लागू होने के बाद शहर के चिह्नित अंधेरे इलाकों को रोशन करने में मदद मिलेगी. नगर आयुक्त के निर्देश पर फिलहाल शहर के उन स्थानों को चिह्नित



किया जा रहा है, जहां स्ट्रीट लाइट की जरूरत है. इस पहल का उद्देश्य केवल सड़कों को रोशन करना नहीं, बल्कि उन इलाकों में रहने वाले लोगों की रोजमर्रा की परेशानियों को भी कम करना है, जहां रात के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध नहीं है. खासकर ऐसे मोहल्लों, गलियों और सड़क मार्गों को प्राथमिकता देने की जरूरत होगी, जहां रात में लोगों की आवाजाही बनी रहती है और रोशनी की कमी के कारण उन्हें परेशानी होती है.

नक्सल-मुक्त भारत के सपने को पूरा कर राष्ट्रीय मंच पर पहुंचा झारखंड जगुआर, गुजरात में शौर्य का प्रदर्शन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। गुजरात के केवड़िया स्थित एकता नगर में शनिवार को देश की तमाम एंटी-नक्सल फोर्स का शौर्य दिखेगा. गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में झारखंड जगुआर (एसटीएफ) की टीम भी देश के सामने अपने शौर्य और अनुशासन का प्रदर्शन करेगी. परेड की प्रैक्टिस के दौरान झारखंड जगुआर के जवानों ने लोगों का दिल जीत लिया. बता दें कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में झारखंड पुलिस के विशेष बल झारखंड जगुआर का मार्चिंग कंटिंजेंट भाग ले रहा है. इस परेड के लिए झारखंड जगुआर के करीब 200 से अधिक पदाधिकारी और



जवान फिलहाल गुजरात में हैं.

आईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में ह्यनक्सल मुक्त भारतह्व की परिकल्पना को प्रमुखता दी गई है. इसी के तहत देश के विभिन्न राज्यों में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभियान चलाने वाले विशेष बलों को परेड में शामिल किया गया है. झारखंड जगुआर के साथ छत्तीसगढ़ की डीआरजी, आंध्र प्रदेश की Greyhounds, ओडिशा की एसओजी और मध्य प्रदेश की HAWK समेत अन्य राज्यों के विशेष बलों के मार्चिंग कंटिंजेंट भी परेड में हिस्सा ले रहे हैं. इस दौरान देश के अलग-अलग राज्यों के एंटी-नक्सल बल एक साथ राष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे.

झारखंड जगुआर का गठन वर्ष 2008 में हुआ था. गठन के बाद से ही यह बल राज्य के दुर्गम और चुनौतीपूर्ण इलाकों में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ चलाए गए अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है. कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में जवानों ने साहस, अनुशासन और पेशेवर दक्षता के साथ कई महत्वपूर्ण अभियानों को अंजाम दिया है. राष्ट्रीय एकता दिवस की परेड में झारखंड जगुआर के करीब 200 पदाधिकारियों और जवानों की भागीदारी को बल की वर्षों की सेवा, साहस और उपलब्धियों को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के अवसर के तौर पर देखा जा रहा है. 31 अक्टूबर को एकता नगर में होने वाली इस परेड में झारखंड जगुआर की मौजूदगी झारखंड पुलिस के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है. राष्ट्रीय मंच पर राज्य के विशेष बल की यह भागीदारी झारखंड के सुरक्षा अभियानों और नक्सल विरोधी अभियान में जवानों की भूमिका को भी सामने लाएगी.

झारखंड आएंगे सीजेआई सूर्यकांत, कल रांची में करेंगे डाटा सेंटर का उद्घाटन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत दो दिवसीय दौरे पर 2 नवंबर को झारखंड पहुंचेंगे. मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद यह उनका पहला झारखंड दौरा होगा. इस दौरान वह देवघर और रांची में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे. उनके दौरे को लेकर झारखंड हाई कोर्ट और न्यायिक प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं. मुख्य न्यायाधीश 2 नवंबर को देवघर से अपने दौरे की शुरूआत करेंगे. यहां बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद वह राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण यानी ठअछरअ के कार्यक्रम में शामिल होंगे.

सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत 2 नवंबर को दिल्ली से विमान के जरिए देवघर पहुंचेंगे. देवघर में



धार्मिक और आधिकारिक कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वह शाम को विमान से रांची पहुंचेंगे. राजधानी में झारखंड हाई कोर्ट परिसर में उनके स्वागत और कार्यक्रमों को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं. रांची में मुख्य न्यायाधीश झारखंड हाई कोर्ट के डाटा सेंटर का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही न्यायिक व्यवस्था को तकनीक के माध्यम से अधिक आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तैयार किए गए कई ई-प्रोजेक्ट्स की भी शुरूआत करेंगे. इन परियोजनाओं से न्यायिक कामकाज में डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने और अदालतों की कार्यप्रणाली को अधिक सुविधाजनक बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अपरेश कुमार सिंह और जस्टिस एस. चंद्रशेखर के अलावा झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एस सोनक समेत अन्य न्यायाधीश मौजूद रहेंगे.

मुख्य न्यायाधीश के कार्यक्रम के सफल और व्यवस्थित संचालन को लेकर झारखंड हाई कोर्ट प्रबंधन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं. इसी क्रम में हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार, एडमिनिस्ट्रेशन, विश्वनाथ शुक्ला ने एक आधिकारिक पत्र जारी किया है. इस पत्र के माध्यम से 16 न्यायिक अधिकारियों को मुख्य न्यायाधीश के कार्यक्रम के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इनमें सीबीआई और एसीबी की विशेष अदालतों में पदस्थापित न्यायिक अधिकारियों से लेकर फैमिली कोर्ट, पॉक्सो कोर्ट और सिविल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी शामिल हैं. पत्र में अतिरिक्त न्यायिक आयुक्त योगेश कुमार, देबाशीष महापात्र, ओंकार नाथ चौधरी, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश सौमेंद्र नाथ सिकदर, पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश बिरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अतिरिक्त न्यायिक आयुक्त पवन कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों को नामित किया गया है.

रजिस्ट्रार प्रशासन की ओर से जारी पत्र में सभी नामित न्यायिक अधिकारियों को 2 नवंबर 2026 को शाम ठीक 6 बजे झारखंड हाई कोर्ट परिसर में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है. उन्हें हाई कोर्ट के सेंट्रल प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, ई-कोर्ट्स प्रोजेक्ट के समक्ष रिपोर्ट करने को कहा गया है. यह व्यवस्था मुख्य न्यायाधीश की मौजूदगी में होने वाले डाटा सेंटर के उद्घाटन और ई-प्रोजेक्ट्स की लॉन्चिंग के दौरान कार्यक्रम के सुचारू और व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए की गई है. मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत 2 नवंबर की रात रांची में ही विश्राम करेंगे.

आईजी से जवान तक... झारखंड पुलिस ने बढ़ाया राज्य का मान, 28 अफसरों और कर्मियों को गृह मंत्री दक्षता पदक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। झारखंड पुलिस के लिए गौरव की बात है. वर्ष 2026 के केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक के लिए राज्य के 28 अफसर और कर्मियों का चयन किया गया है. इनमें आईजी, डीआईजी, डीसी, डीएसपी, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर से लेकर एएसआई, हवलदार और आरक्षी तक शामिल हैं. इन सभी को विशेष अभियान (स्पेशल ऑपरेशन) के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा. पदक पाने वालों में आईजी जगुआर के आईजी अनूप बिरथरे, डीआईजी इंद्रजीत महथा और डिप्टी कमांडेंट मिथलेश शामिल हैं. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गृह मंत्री दक्षता पदक का ऐलान कर दिया है. केंद्रीय गृह



मंत्रालय की ओर से जारी सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों की सूची में झारखंड के कुल 28 अधिकारियों और जवानों के नाम शामिल हैं. सूची के अनुसार, इन पुलिसकर्मियों ने 22 जनवरी 2026 से 30 जून 2026 के बीच अलग-अलग अभियानों में अपनी जिम्मेदारी निभाई.

पदकों से सम्मानित होने वालों में आईजी अनूप बिरथरे, डीआईजी इंद्रजीत महथा, डीसी मिथिलेश कुमार, डीएसपी ज्ञान रंजन और चंदन कुमार के अलावा इंस्पेक्टर रमेश मुर्मू, अमित रोशन कुल्लू और मनोरंजन प्रसाद सिंह शामिल हैं. वहीं, सब इंस्पेक्टर अमृत केरकेट्टा, संदीप तिर्की, प्रभात कुमार महतो, गौतम राणा और दीनबंधु हांसदा को भी इस पदक के लिए चुना गया है. इनके अलावा एएसआई लोहरा मुंडा और माधव लाल टोप्पो, हवलदार जालिंद्र साहू तथा आरक्षी ऋषि रंजन, शिव कुमार महतो और फिरदौस अंसारी का नाम भी सूची में शामिल है.

संक्षिप्त खबर

झारखंड में अगले तीन दिन कहीं धूप तो कहीं बारिश के रहेंगे आसार



रांची। झारखंड में अगले तीन दिनों के दौरान मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है. कहीं धूप निकलेगी तो कहीं बादल छाने और गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं. मौसम विभाग ने एक से तीन नवंबर तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश और मेघगर्जन की संभावना जताई है. इस दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है. 31 अक्टूबर को रांची में धूप निकलने के साथ मौसम सामान्य है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, एक नवंबर को राज्य के उत्तर-पूर्वी, मध्य और दक्षिणी हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है. दो नवंबर को भी कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश के आसार हैं. तीन नवंबर को दक्षिणी और मध्य झारखंड के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है. चार और पांच नवंबर को भी राज्य के दक्षिणी तथा आसपास के मध्यवर्ती हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है. पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के कई स्थानों पर बारिश दर्ज की गई. पलामू के हरिहरगंज में सबसे अधिक 45.1 मिमी बारिश हुई. डालटनगंज में 22.6 मिमी, लातेहार में 19 मिमी, पाकुड़ में 19.2 मिमी और बहरागोड़ा में 18.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई. रांची में 0.2 मिमी बारिश हुई. इस दौरान सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस दारीसाई में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज किया गया.

प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को मिलेगी नई लाइब्रेरी

रांची। करीब 65 करोड़ की लागत से मोरहाबादी में पांच मंजिला लाइब्रेरी भवन इस साल बनकर तैयारी हो जाएगी. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि दिसंबर 2026 में लाइब्रेरी में पढ़ने का अवसर मिलेगा. लाइब्रेरी का काम अंतिम चरण में है. उसके बाद विद्यार्थियों के लिए समर्पित कर दिया जाएगा. यह लाइब्रेरी छात्रों के लिए महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित हो रही है. इस लाइब्रेरी में हजारों विद्यार्थी एक साथ बैठकर पढ़ सकेंगे. यह भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस है. इसमें देश के परमवीर चक्र विजेताओं और जननायकों के चित्र लगाए जाएंगे. ताकि उनके संघर्ष और बलिदान को याद कर छात्र आगे बढने की प्रेरणा ले सकें.

नम आंखों से दी गई बिशप सीमांत संदीप तिर्की को अंतिम विदाई



रांची। जीईएल चर्च के बिशप सीमांत संदीप तिर्की को शनिवार को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई. उनका अंतिम संस्कार जीईएल चर्च कब्रिस्तान में किया गया. इससे पहले उनका पार्थिव शरीर गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, जहां हजारों विश्वासियों, विद्यार्थियों और गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी. इनमें कोलेबिरा विधायक विल्सन कोनगाड़ी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व बिशप जोहन डांग, सीएन आईं चर्च के पुरोहित जोलजस कुजूर, प्रार्थना सभा के संत रवि जारमाया, पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की, ऑल इंडिया माइनॉरिटी फ्रंट के अध्यक्ष प्रवीण कच्छप समेत सैकड़ों पुरोहित ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए. इसके बाद पार्थिव शरीर को अंतिम यात्रा वाहन से कब्रिस्तान ले जाया गया. यहां बाइबल वचन और विनती के बाद उन्हें दफनाया गया. अंतिम संस्कार के दौरान आयोजित प्रार्थना सभा में वक्ताओं ने कहा कि यीशु मसीह में विश्वास रखने वाले मृतक अनंत जीवन के लिए फिर जी उठेंगे. मसीही विश्वासियों के लिए मृत्यु जीवन का अंत नहीं, बल्कि प्रभु के साथ अनंत जीवन की आशा है. मोडरेटर मार्शल केरकेट्टा ने कहा कि जो लोग यीशु मसीह में विश्वास रखते हुए संसार से विदा हुए हैं, वे प्रभु के आगमन पर सबसे पहले जी उठेंगे. उन्होंने कहा कि धरती पर मनुष्य का जीवन घास के समान क्षणिक है. जन्म, बचपन, युवावस्था और बुढ़ापे के बाद हर व्यक्ति को संसार छोड़ना पड़ता है. मनुष्य का शरीर मिट्टी से बना है और मिट्टी में मिल जाता है, लेकिन अनंत जीवन की आशा परमेश्वर से जुड़ी है. शोक की इस घड़ी में परमेश्वर ही परिवार को दुख सहने की शक्ति और संबल प्रदान करते हैं.

एसआईआर के नाम पर साइबर ठगी का नया तरीका, फर्जी ई-मेल से रहें सावधान

रांची। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर साइबर ठगी की कोशिश की जा रही है. कुछ लोगों को फर्जी ई-मेल भेजकर दावा किया जा रहा है कि मतदाता सूची में गड़बड़ी मिलने के कारण उनका नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है. इसके साथ ही नाम दोबारा जुड़वाने के लिए ई-मेल में एक लिंक भेजा जा रहा है. इस लिंक पर क्लिक कर व्यक्तिगत जानकारी और जरूरी दस्तावेज अपलोड करने को कहा जा रहा है. निर्वाचन विभाग ने ऐसे ई-मेल को भ्रामक बताते हुए मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील की है. स्पष्ट किया गया है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी और निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी की ओर से इस तरह ई-मेल भेजकर प्रमाण-पत्र या व्यक्तिगत दस्तावेज जमा करने के लिए नहीं कहा जा रहा है.

छठ महापर्व को लेकर उपायुक्त श्री दीपक कुमार दूबे ने विभिन्न गंगा घाटों का किया निरीक्षण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

असुरक्षित घाटों को चिह्नित कर श्रद्धालुओं का आवागमन प्रतिबंधित करने तथा सुरक्षित घाटों पर बैरिकेडिंग कराने का निर्देश



साहिबगंज।आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दीपक कुमार दूबे ने शनिवार को विभिन्न पदाधिकारियों के साथ साहिबगंज शहरी क्षेत्र के गंगा तट स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शकुंतला सहाय घाट से लेकर चानन घाट तक लगभग 3 से 4 किलोमीटर के संपूर्ण क्षेत्र का जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य छठ महापर्व के दृष्टिकोण से घाटों की सुरक्षा का आकलन करना, गंगा नदी के जलस्तर, घाटों की भौगोलिक स्थिति एवं इस वर्ष हुए कटाव की स्थिति का निरीक्षण करना था।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बिजली घाट, शकुंतला सहाय घाट, मुक्तेश्वर घाट, ओझाटोली घाट, मलाही टोला घाट, चानन घाट एवं कबूतर खोपी घाट सहित विभिन्न घाटों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी घाटों का समुचित आकलन कर सुरक्षित एवं असुरक्षित घाटों को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जाए। प्रथम दृष्टया असुरक्षित अथवा खड़े एवं गहरे कटाव वाले तट (स्टैंडिंग क्लिफ) के रूप में प्रतीत होने वाले घाटों को छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन एवं उपयोग के लिए प्रतिबंधित किया जाए।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन घाटों को सुरक्षित पाया जाता है, वहां पूरे क्षेत्र में मजबूत एवं पर्याप्त बैरिकेडिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को नदी के गहरे पानी अथवा खतरनाक स्थानों तक जाने से रोका जा सके। उन्होंने घाटों की सीढ़ियों से मिट्टी एवं अन्य अवरोधों को हटाने, साफ-सफाई, समुचित प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।ओझाटोली घाट की स्थिति के संबंध में उपायुक्त ने बताया कि प्रथम दृष्टया यहां पानी की गहराई अचानक बढ़ती हुई प्रतीत होती है। ऐसे में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि बांस के माध्यम से पानी की गहराई का वास्तविक मापन कर स्थिति का आकलन करें। इसके बाद घाट को प्रतिबंधित करने अथवा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने के संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को घाटों पर पर्याप्त संख्या में चौकीदार, गोताखोर एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस प्रशासन को भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं आपातकालीन सेवाओं की समुचित तैयारी रखने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध तरीके से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।
इस अवसर पर उपायुक्त श्री दूबे ने जिलेवासियों एवं छठव्रतियों से अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिन घाटों को असुरक्षित घोषित किया जाएगा, उनका उपयोग छठ महापर्व के दौरान किसी भी परिस्थिति में नहीं करें। गंगा नदी का साहिबगंज क्षेत्र में विस्तृत तटीय क्षेत्र उपलब्ध है, जहां श्रद्धालु अपनी सुविधानुसार सुरक्षित घाटों का चयन कर सकते हैं। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निदेशों का पालन करें तथा प्रतिबंधित घाटों पर जाने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन का अधिकार उद्घोषणा सम्मेलन आज,छह सूत्रीय मांगों को लेकर बनेगी आंदोलन की रणनीति



साहिबगंज। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन,साहिबगंज शाखा,मालदा मंडल,पूर्व रेलवे की ओर से आज सुबह 10 बजे से साउथ कॉलोनी स्थित एलआरसी कार्यालय में अधिकार उद्घोषणा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।सम्मेलन में लोको रनिंग स्टाफ के अधिकारों, कार्य अवधि,विश्राम और अन्य सुविधाओं से जुड़ी छह सूत्रीय मांगों पर चर्चा की जाएगी।साथ ही 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस से छह सूत्रीय सशक्तिकरण अभियान शुरू करने की घोषणा की गई है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे कामरेड आरआर भगत,गौतम गोस्वामी, रघुनाथ शील,तन्मय राय,जेके मंडल,एमके राय,पीआर भारती सहित कई वरिष्ठ साथी एवं रेलकर्मी शामिल होंगे।सम्मेलन में शाखा सचिव कॉमरेड एनके प्रभाकर,शाखा अध्यक्ष कॉमरेड रवि रंजन तथा शाखा कोषाध्यक्ष कॉमरेड दिवाकर सहित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहेंगे।एसोसिएशन के साहिबगंज ब्रांच अध्यक्ष रवि रंजन ने बताया कि एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में रनिंग स्टाफ के लिए 46 घंटे का साप्ताहिक विश्राम,साइन ऑन से साइन ऑफ तक अधिकतम 9 घंटे की ड्यूटी,36 घंटे के भीतर मुख्यालय वापसी सुनिश्चित करना,प्रतिदिन 30 प्रतिशत अवकाश स्वीकृत करना,लगातार दो रात्रि ड्यूटी के बाद मुख्यालय में रात्रि विश्राम तथा रेस्ट अवधि के अतिरिक्त दो घंटे का तैयारी एवं कॉल बुक समय निर्धारित करना शामिल है।ब्रांच सचिब एन के प्रभाकर ने बताया कि रनिंग स्टाफ की कार्य परिस्थितियों को बेहतर बनाने,पर्याप्त विश्राम देने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए इन मांगों का पूरा होना जरूरी है।सम्मेलन के माध्यम से कर्मचारियों को एकजुट कर अधिकारों के प्रति जागरूक करने और आगे की संघर्ष की रणनीति तैयार करने पर जोर दिया जाएगा।उन्होंने एसोसिएशन ने सभी रनिंग कर्मचारियों से सम्मेलन में भाग लेकर एकता और संघर्ष को मजबूत बनाने की अपील की है।

ईदगाह व कब्रिस्तान कमेटी का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न, राशिद खान बने सचिव और सरफराज आलम अध्यक्ष निर्वाचित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



साहिबगंज।शहर के एलसी रोड स्थित बिस्मिल्लाह मैरिज हॉल में शनिवार को ईदगाह व कब्रिस्तान कमेटी की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हुआ।सुबह 8 बजे से 11 बजे तक मतदान कराया गया। शहर की विभिन्न मस्जिदों से चयनित सदस्यों ने अध्यक्ष,सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।चुनाव समिति के पर्यवेक्षक मो.शाहिद इकबाल ने बताया कि मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया गया।चुनाव में कुल 187 मतदाताओं ने हिस्सा लिया।सचिव पद पर राशिद खान को 78 मत प्राप्त हुए और वे विजयी घोषित किए गए।वहीं अध्यक्ष पद पर मो.सरफराज आलम को 104 मत मिले,जबकि कोषाध्यक्ष पद पर मो.सफदर अली ने 119 मत प्राप्त कर जीत हासिल की।चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।सचिव पद पर जीत दर्ज करने के बाद राशिद खान ने अपनी मां मुर्शिदा खातून से आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान समर्थकों में खुशी का माहौल रहा।सचिव राशिद खान ने कहा कि यह जीत उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं,बल्कि उन सभी लोगों के विश्वास और समर्थन की जीत है,जिन्होंने उन पर भरोसा जताया है।उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कमेटी की जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी,पारदर्शिता और निष्ठा के साथ निभाएंगे।ईदगाह एवं कब्रिस्तान का विकास,साफ-सफाई और बेहतर व्यवस्था उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से समाजहित में कार्य करेंगे।वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष मो.सरफराज आलम ने कहा कि मतदाताओं ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है,उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। ईदगाह एवं कब्रिस्तान की व्यवस्था को बेहतर बनाना,विकास कार्यों को गति देना तथा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता होगी।उन्होंने चुनाव में सहयोग और समर्थन देने वाले सभी मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि कमेटी आपसी एकता,भाईचारे और सामूहिक सहयोग से समाज के हित में काम करेगी।

अखिल भारतीय कुर्मी महासभा ने मनाई लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



साहिबगंज।लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के सदस्यों ने शहर के पटेल चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस दौरान समाज के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद उत्सव बैंक्वेट हॉल में जयंती समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए,जिससे उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान सरदार पटेल के जीवन,उनके योगदान और राष्ट्र की एकता के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया।मौके पर अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमलाल मंडल उर्फ मंटा मंडल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती समाज के लोगों ने एकजुट होकर धूमधाम से मनाई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।उनकी जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस अवसर पर बबलू सिन्हा,जय प्रकाश सिन्हा,संजय पटेल,रमन राय,अशोक सिन्हा, सत्यनारायण प्रसाद,संजय सिंह सहित अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के कई सदस्य एवं समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

तीन दशक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए संजय गुप्ता, अंचल परिवार ने दी भावभीनी विदाई



बरहरवा/साहिबगंज। बरहरवा अंचल कार्यालय में शनिवार को अंचल कर्मी संजय गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 30 अक्टूबर 2026 को अपने 30 वर्षों के सेवाकाल को पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए संजय गुप्ता को अंचल परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी अनोज कुमार ने की। इस अवसर पर अंचलाधिकारी अनोज कुमार ने संजय गुप्ता के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। अंचल कार्यालय के कार्यों में उनका योगदान सराहनीय रहा है। उनके साथ काम करने का अनुभव हमेशा अच्छा रहा। उन्होंने उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अंगवस्त्र एवं सम्मान प्रदान कर विदा किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय और खुशहाल भविष्य की कामना की। वहीं, अंचल परिवार के अन्य सदस्यों ने भी संजय गुप्ता के साथ बिताए गए कार्यकाल के अनुभव साझा किए और उनके योगदान को याद किया। सहकर्मियों ने कहा कि सेवानिवृत्ति सरकारी सेवा का एक पड़ाव है, लेकिन उनके अनुभव और कार्यशैली की यादें हमेशा बनी रहेंगी। मौके पर उमेश मंडल, सीआई जितेंद्र टुडू, जयंतो पासवान सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

साहिबगंज में काली पूजा की भव्य तैयारी, मायापुर इस्कॉन मंदिर की तर्ज पर बनेगा पंडाल, 10 लाख से अधिक का बजट

झारखंड उजाला संवाददाता

साहिबगंज।शहर के पुरानी साहिबगंज स्थित मां बायसी मंदिर प्रांगण में शनिवार को श्री श्री 108 काली पूजा समिति,मां बायसी स्थान की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित की गई इस दौरान समिति के अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि इस वर्ष काली पूजा को भव्य और आकर्षक रूप देने की तैयारी की जा रही है।मां बायसी स्थान पहले से ही पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है और यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर को विदेशों से भी सहयोग राशि प्राप्त होती है।उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूजा के अवसर पर मायापुर के इस्कॉन मंदिर की तर्ज पर भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है।इसके साथ ही मां काली की आकर्षक प्रतिमा और चंदननगर से मंगाई गई विशेष विद्युत सज्जा श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगी।इस वर्ष पूजा आयोजन का कुल बजट 10 लाख रुपये से अधिक निर्धारित किया गया है।समिति की ओर से मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे,ताकि पूजा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।समिति के अनुसार,8 नवंबर की रात्रि में मां काली की पूजा-अर्चना की जाएगी,जबकि 11 नवंबर को प्रतिमा का विसर्जन होगा।प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष संजय यादव,सचिव देव कुमार ओझा उर्फ काला ओझा,कोषाध्यक्ष संतोष चौधरी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

शहीद नायक सुबोध सिंह की स्मृति में आयोजित हुई चित्रकला,भाषण एवं राष्ट्रगान प्रतियोगिता

झारखंड उजाला संवाददाता



साहिबगंज।शहीद नायक सुबोध सिंह की स्मृति में शुक्रवार को नगर पालिका उच्च विद्यालय,साहिबगंज में चित्रकला,भाषण एवं राष्ट्रगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। न्यू झारखंड युवा क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के आयोजक विनोद कुमार यादव थे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योगेश पांडे उपस्थित रहे।वहीं चित्रकला प्रतियोगिता की निर्णायक सुमन कुमारी,प्राचार्या एलसीसी कंप्यूटर साहिबगंज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला,प्रतिभा एवं देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया।सीनियर वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में नीतू कुमारी ने प्रथम,श्वेता कुमारी ने द्वितीय तथा फूल बानो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।जूनियर वर्ग में खुशबू कुमारी प्रथम स्थान पर रहीं।वहीं सामूहिक गीत एवं राष्ट्रगान प्रतियोगिता में खुशी कुमारी,कुमकुम कुमारी,श्वेता कुमारी,नुसरत परवीन एवं नसिफा परवीन ने अपनी प्रस्तुति दी।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहीद नायक सुबोध सिंह के बलिदान एवं योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों में देशभक्ति,राष्ट्रीय एकता और सामाजिक जागरूकता की भावना विकसित करना था।साथ ही बच्चों की रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच प्रदान करना भी आयोजन का महत्वपूर्ण उद्देश्य रहा।कार्यक्रम के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी गई तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले शिक्षकों,अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।न्यू झारखंड युवा क्लब ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजन कर युवाओं एवं विद्यार्थियों में देशभक्ति और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में सोयेब अख्तर ने हासिल किया चौथा स्थान

एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर रखे प्रभावशाली विचार, प्रमाण-पत्र देकर किया गया सम्मानित



बरहरवा/साहिबगंज। बीएसके महाविद्यालय, बरहरवा के छात्र एवं एनएसयूआई अध्यक्ष सोयेब अख्तर ने विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट महोत्सव 2027 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से 31 अक्टूबर को साहिबगंज के सिदो-कान्हू सभागार में आयोजित प्रतियोगिता का विषय एक राष्ट्र, एक चुनाव था। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनावी सुधार पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सोयेब अख्तर ने भी युवा सांसद के रूप में तार्किक एवं प्रभावशाली ढंग से अपनी बात रखी, जिसकी निर्णायक मंडल ने सराहना की। उन्हें प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता से तीन प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाना है। इस उपलब्धि पर सोयेब अख्तर ने खुशी जताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार रखने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता से उन्हें काफी कुछ सीखने का अवसर मिला।

कांग्रेस कार्यकताओं ने सरदार पटेल की जयंती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

अभिजीत साह संवाददाता बरहरवा



बरहरवा/साहिबगंज। बरहरवा नगर पंचायत अंतर्गत राजमहल रोड स्थित वार्ड संख्या-03 के बसीर गैरेज परिसर में शनिवार को कांग्रेस कार्यकताओं की ओर से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रणजीत टुडू ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। आजादी के बाद देश की सैकड़ों रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराकर उन्होंने भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान दिया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी अपने राजनीतिक जीवन और सार्वजनिक सेवा के माध्यम से देश के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान बनाया। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। वहीं, प्रखंड महासचिव निताय सरकार ने कहा कि सरदार पटेल और इंदिरा गांधी दोनों का जीवन देश के इतिहास में प्रेरणादायी रहा है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए हमें राष्ट्रीय एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश सचिव मो. नसीरुद्दीन, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अश्विनी आनंद, जिला महासचिव भोलानाथ महतो, नगर अध्यक्ष मनोज घोष, छोटेलाल रमानी, संतोष राम, अहमद अंसारी, जावेद इकबाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मिर्जाचौकी अस्पताल में टीबी मरीजों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

झारखंड उजाला संवाददाता



मंडरो/साहिबगंज।मिर्जाचौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को टीबी मरीजों के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। साहिबगंज जिला यक्ष्मा पदाधिकारी के सहयोग से चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में मंडरो प्रखंड के तमाम टीबी मरीजों के बीच पोषण सह राशन किट का वितरण किया गया।शिविर के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही उन्हें टीबी बीमारी से बचाव, उपचार एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि टीबी के प्रभावी उपचार के लिए नियमित रूप से दवा का सेवन करने के साथ-साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेना भी बेहद आवश्यक है। उचित पोषण से मरीजों के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और उन्हें स्वस्थ होने में मदद मिलती है।इस पहल का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना तथा उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना है। पोषण किट मिलने से मरीजों को काफी राहत मिली। मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग ने टीबी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं एवं पोषण संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

छठ पूजा से पहले पनपिया पोखर घाट को दुरुस्त करने की मांग, नगर पंचायत को सौंपा ज्ञापन



बरहरवा/साहिबगंज। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नगर क्षेत्र में तैयारियां तेज होने लगी हैं। इसी बीच कुशवाहा टोला स्थित पनपिया पोखर छठ घाट पर व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा समिति ने पहल की है। समिति की ओर से घाट की बेहतर व्यवस्था को लेकर नगर पंचायत प्रशासन से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है। समिति अध्यक्ष बालेश्वर कुशवाहा के नेतृत्व में 31 अक्टूबर को नगर पंचायत बरहरवा के कार्यपालक पदाधिकारी को इस संबंध में आवेदन सौंपा गया। आवेदन में छठ पूजा से पहले पनपिया पोखर घाट एवं उसके आसपास के क्षेत्रों की व्यापक साफ-सफाई कराने, चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने तथा बिजली के खंभों पर पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की गई है। समिति के सदस्यों का कहना है कि छठ महापर्व के दौरान इस घाट पर बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में घाट तक आने-जाने वाले रास्तों और पूरे परिसर में स्वच्छता के साथ पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था होना जरूरी है। विशेषकर सुबह और शाम के अर्घ्य के दौरान अंधेरे के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ सकती है। समिति ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि धार्मिक आस्था और जनसुविधा को प्राथमिकता देते हुए आवेदन में उठाई गई मांगों पर समय रहते कार्रवाई की जाए। ताकि छठ व्रतियों को पूजा-अर्चना के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो और महापर्व स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा सके। मौके पर समिति अध्यक्ष बालेश्वर कुशवाहा सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

आदिवासी समाज के ज्वलंत मुद्दों को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित, राज्यपाल व मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

जनगणना में ट्राइबल कॉलम पुनः लागू करने, परिसीमन में आदिवासी सीटें बढ़ाने और जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड में सुधार की उठाई मांग



लोहरदगा। आदिवासी समन्वय समिति लोहरदगा की ओर से आदिवासी समाज के ज्वलंत मुद्दों को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत समिति के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन की प्रतिलिपि झारखंड के राज्यपाल को भी भेजी गई है। समिति ने आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों, जमीन की सुरक्षा, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और जनजातीय पहचान से जुड़े पांच प्रमुख मुद्दों पर अविलंब ठोस कार्रवाई करने की मांग की। समिति ने ज्ञापन में कहा है कि आदिवासी एवं जनजातीय समाज की लड़कियों और महिलाओं को गैर आदिवासी समुदाय के पुरुषों द्वारा कथित रूप से बहला-फुसलाकर प्रेम विवाह करने तथा इसके माध्यम से आदिवासी जमीन का हस्तांतरण कराने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कानूनी प्रावधान किया जाना चाहिए। समिति का आरोप है कि महिला के नाम पर आदिवासी जमीन का बड़े पैमाने पर हस्तांतरण हो रहा है। इससे आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों और सरकारी नौकरियों में मिलने वाले आरक्षण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। समिति ने इस संबंध में संवैधानिक प्रावधानों में आवश्यक संशोधन करने की मांग की है। दूसरी मांग में जनगणना प्रपत्र में ट्राइबल कॉलम को पुनः लागू करने की बात कही गई है। समिति ने कहा कि 1871-72 से जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग कॉलम की व्यवस्था थी, जिसे 1961 में हटा दिया गया। इसके बाद से आदिवासी समाज अपनी अलग पहचान को पुनः स्थापित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। इसलिए आगामी जनगणना में ट्राइबल कॉलम को फिर से शामिल किया जाए। तीसरी मांग परिसीमन से संबंधित है। समिति ने कहा कि परिसीमन के कारण आदिवासी समुदाय की विधानसभा और लोकसभा सीटों की संख्या प्रभावित हुई है। समिति की मांग है कि भविष्य में परिसीमन होने पर आदिवासी समुदाय की विधानसभा और लोकसभा सीटों की संख्या घटाने के बजाय दोगुनी की जाए। चौथी मांग के तहत लोहरदगा जिले के सभी गांवों एवं मौजों में जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड में हुई गड़बड़ियों को दूर करने के लिए दोबारा मिनी सर्वे कराने की मांग की गई है। समिति का कहना है कि जमीन के रिकॉर्ड में त्रुटियों के कारण आम लोगों को अंचल कार्यालय और न्यायालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। पांचवीं मांग में कल्याण विभाग द्वारा संचालित कॉलेज छात्रावासों में रसोइया की रिक्तियों पर अविलंब बहाली करने की मांग उठाई गई है। समिति ने मुख्यमंत्री से इन सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए आवश्यक कदम उठाने की अपील की है, ताकि आदिवासी एवं जनजातीय समाज के संवैधानिक अधिकारों, पहचान और हितों की रक्षा हो सके। ज्ञापन सौंपने एवं कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदिवासी समन्वय समिति लोहरदगा के जिला अध्यक्ष अरविंद उरांव, अंजू देवी, शनिचरवा किसान, मुकेश उरांव, बिरसू असुर, वीरेंद्र उरांव, करमदेव नागेसिया, बिगा पाहन सहित अन्य शामिल थे।

जला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा



लोकगीत और लोकनृत्य में बीएस कॉलेज ने मारी बाजी

लोहरदगा: कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में शनिवार को लोहरदगा में जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026-27 का आयोजन किया गया। महोत्सव में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान निबंध लेखन, कविता लेखन, सामूहिक लोकगीत, सामूहिक लोकनृत्य और मूक अभिनय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सहित पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ाई, कार्यालय सहायक लखन राम, अजय कुमार साहनी, मुख्य अभियंता अंजनी लकड़ा, डीएमओ मधु तिर्की, जिला खेल समन्वयक तपई उरांव, नीरज देव, अभिषेक कुजूर, महादेव उरांव, विकास कुजूर, दीपक अंसुल कुजूर एवं पूजा कुमारी सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत बैज पहनाकर किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए रमेश राम, लोकनाथ लोहरा, गोपेश लोहरा, कला मुंडा, विजय कुमार राय, रिंकू देव, शुभम सिंह, पलक सिंह, अंजली सिंह, सुमन कुमारी एवं गणेश भगत निर्णायक मंडल में शामिल थे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति और प्रदर्शन के आधार पर परिणाम घोषित किए।

ये रहे अव्वल.... लोकगीत और लोकनृत्य में बीएस कॉलेज प्रथम

कविता लेखन प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय, लोहरदगा के राज आर्य सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएस कॉलेज, लोहरदगा के प्रतिभागियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया। सामूहिक लोकगीत प्रतियोगिता में बीएस कॉलेज, लोहरदगा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, भंडरा दूसरे स्थान पर रहा। सामूहिक लोकनृत्य प्रतियोगिता में भी बीएस कॉलेज ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसमें केजीबीवी, भंडरा को द्वितीय स्थान मिला। वहीं, मूक अभिनय प्रतियोगिता में जीटीपीएस ने प्रथम तथा एमबी डीएवी विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराने के साथ साहित्य, कला एवं लोकसंस्कृति के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देना था।

कड़ी सुरक्षा और अनुशासन के साथ रामगढ़ में संपन्न हुई गोला प्रखंड के होमगार्ड अभ्यर्थियों की परीक्षा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



रामगढ़। जिले के सिद्धू-कान्हू मैदान में गृह रक्षा वाहिनी (होमगार्ड) बहाली प्रक्रिया के तहत आज गोला प्रखंड के पुरुष अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता एवं हिंदी लेखन क्षमता परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा के सातवें दिन गोला प्रखंड के लिए कुल 1,910 अभ्यर्थी निर्धारित थे, जिनमें से 1,070 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जबकि 840 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पारदर्शिता और कड़े सुरक्षा इंतजाम बहाली प्रक्रिया को निष्पक्ष और कदाचारमुक्त बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्र पर केवल अभ्यर्थियों को ही प्रवेश की अनुमति दी गई और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहा। पूरी प्रक्रिया पर प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है।जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपनी निर्धारित तिथि पर समय से पहुंचें और दिशा-निर्देशों का पालन करें। यह परीक्षा 24 अक्टूबर 2026 से प्रातः 5:00 बजे से लगातार जारी है।

आईआईटी-आईएसएम धनबाद में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्र की हॉस्टल की 8वीं मंजिल से गिरकर मौत, पुलिस जांच में जुटी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



धनबाद। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) आईएसएम धनबाद में शनिवार सुबह एक दुखद घटना हुई। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र माने राजकुमार प्रतीक (उम्र लगभग 24-25 वर्ष) एक्वामरीन हॉस्टल की आठवीं मंजिल से नीचे गिर गए। घटना करीब सुबह 7:30 से 7:45 बजे के बीच हुई। उन्हें तुरंत अशर्फी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रतीक महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के अहमदपुर के रहने वाले थे। वे संस्थान में मेधावी छात्र माने जाते थे और हाल ही में गेट 2026 की पेट्रोलियम इंजीनियरिंग परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 10 हासिल की थी। उनके सहपाठी और फैकल्टी सदस्यों के अनुसार वे पढ़ाई के साथ-साथ छात्र गतिविधियों में भी सक्रिय थे। संस्थान के सुरक्षा प्रभारी राम मनोहर ने बताया कि परिवार को सूचना दे दी गई है और वे धनबाद पहुंच रहे हैं। धनबाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह दुर्घटना थी या कोई अन्य कारण। पुलिस छात्र के दोस्तों से पूछताछ कर रही है और मोबाइल आदि जब्त कर आगे की जांच कर रही है। यह घटना पूरे कैंपस में शोक का माहौल पैदा कर गई है। संस्थान प्रशासन और पुलिस दोनों जांच में जुटे हुए हैं। परिवार के पहुंचने और जांच पूरी होने के बाद ही और स्पष्ट जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

सरदार पटेल की 151 वीं जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन



सिंदरी/ धनबाद। भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को शहरपुरा स्थित भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता में उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर निवर्तमान जिला महामंत्री मनोज मिश्रा ने कहा कि सरदार पटेल ने आजादी के बाद 562 से अधिक रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर देश की एकता को मजबूत आधार दिया। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण की प्रेरणा देता है। पूर्व सिंदरी मंडल अध्यक्ष एवं जिला कार्यसमिति सदस्य विजय सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व से अखंड भारत की मजबूत नींव रखी। उनके आदर्शों को अपनाना और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी राजेश चौधरी, रवि कुमार, राहुल कुमार, मनोज पांडेय, सूरज सिंह, सूरज ओझा, रमेश कुमार, मुन्ना कुमार, अमन कुमार, एमडी आलम, मनीष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कुडू में ब्राउन शुगर के साथ आठ युवक गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

98 ग्राम मादक पदार्थ बरामद

आरोपियों में छह रांची और दो लातेहार जिले के निवासी



लोहरदगा: जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कुडू थाना क्षेत्र के केरवाडी मोड़ के समीप पुलिस ने छापेमारी कर ब्राउन शुगर के साथ आठ युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 98 ग्राम ब्राउन शुगर और काले रंग की महिंद्रा थार गाड़ी संख्या जेएच 01एफएक्स 0060 बरामद की गई है। गिरफ्तार युवकों में छह रांची और दो लातेहार जिले के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, 30 अक्टूबर की रात पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा-कुडू मार्ग से काले रंग की महिंद्रा थार में अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए किस्को अंचल के पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद, कुडू थाना प्रभारी नीरज झा और सशस्त्र बल की टीम गठित की गई। टीम में कुडू के अंचलाधिकारी संतोष उरांव को भी शामिल किया गया। पुलिस टीम केरवाडी मोड़ के समीप पहुंची तो चंदवा की ओर से आ रही संदिग्ध थार सड़क किनारे रुकी। वाहन से दो लोग उतरकर एक निमार्णाधीन मकान की ओर गए। इसके बाद पुलिस ने मकान को चारों तरफ से घेरकर तलाशी ली। वहां कुल आठ युवक मौजूद मिले। अंचलाधिकारी की उपस्थिति में विधिवत तलाशी लेने पर सभी आठ युवकों के पास सेएल्यूमिनियम फॉयल में पैक ब्राउन शुगर जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ।पुलिस के अनुसार, पंकज कुमार के पास से 5.15 ग्राम, अभय कुमार से 7.32 ग्राम, अलतमस अंसारी से 8.01 ग्राम, वाहीद अंसारी से 11.09 ग्राम, संदीप कुमार यादव से 9.54 ग्राम, आर्यन राज चौधरी से 8.21 ग्राम, रितुराज जायसवाल से 32.81 ग्राम और सोनू राज कुमार से 16.12 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया। सभी आरोपियों ने पूछताछ में बरामद पदार्थ को ब्राउन शुगर बताया। पुलिस ने इसे जब्त कर आठों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रांची के पंकज कुमार (25), अभय कुमार (25), अलतमस अंसारी (21), वाहीद अंसारी (32), संदीप कुमार यादव (23) और आर्यन राज चौधरी (18) के रूप में हुई है। वहीं, लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र निवासी रितुराज जायसवाल उर्फ रितुराज कुमार (24) और सोनू राज कुमार (28) भी गिरफ्तार किए गए हैं। मामले में कुडू थाना कांड संख्या 95/26, दिनांक 30 अक्टूबर 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 17(बी), 21(बी), 22(बी) और 29 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद, कुडू थाना प्रभारी नीरज झा, आरक्षी आशुतोष कुमार सिंह, आरक्षी संख्या 240 जय कुमार यादव, आरक्षी संख्या 813 अखिलेश कुमार और कुडू थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

सिंदरी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत पाठक को भावभीनी विदाई, सेवानिवृत्ति पर हुआ सम्मान समारोह

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

सिंदरी/धनबाद। सिंदरी महाविद्यालय, सिंदरी के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत पाठक की सेवानिवृत्ति के अवसर पर शनिवार, 31 अक्टूबर को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. पाठक ने महाविद्यालय में तीन वर्षों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान उनका कार्यकाल सराहनीय एवं संतोषजनक रहा। समारोह की अध्यक्षता दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज तिवारी ने की। उन्होंने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर डॉ. पाठक को सम्मानित किया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ. शर्मिष्ठा आचार्य ने कहा कि डॉ. पाठक का कार्यकाल बेहद संतोषजनक रहा। उन्होंने उनके स्वस्थ, सुखी एवं प्रसन्न जीवन की कामना की। समारोह में आरएसपी कॉलेज, झरिया के जंतु विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. ए.के. गोराय एवं कतरास कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राचार्य तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के पूर्व महासचिव डॉ. पी.के. झा की उपस्थिति ने समारोह को भावुक एवं गौरवपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर प्रो. मनमोहन सिंह, डॉ. सुमिरन कुमार रजक, डॉ. अनुराधा दास, डॉ. नीतू गौरव कुमार, डॉ. रंजीत प्रसाद रजक, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. आरती यादव, प्रो. रोमोला जोजो, प्रो. अंकित आलोक टोप्पो, डॉ. शुभाशीष दत्त, शिवेश शंकर झा, दीपानंद मिश्रा, विनोद कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, संजय कुमार यादव, संजय हांसदा एवं तारा खातून सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

आईआरबी-10 पलामू कैंप परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली गई शपथ

पलामू –वाहिनी के पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार महतो ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ पलामू जिले मेंराष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 को आईआरबी-10 पलामू कैंप परिसर स्थित जीएलए कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार महतो ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक ने अपने संदेश में देश की एकता, अखंडता एवं आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने तथा राष्ट्र की एकजुटता के लिए सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने आपसी भाईचारे, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत बनाने पर जोर दिया।मौके पर वाहिनी के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

हजारीबाग में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का भव्य आयोजन

झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू

200 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



हजारीबाग: खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड के निदेर्शानुसार जिला खेल कार्यालय, हजारीबाग के तत्वावधान में आज दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को मौलाना अबुल कलाम आजाद इंडोर स्टेडियम, डिवीसी चौक, हजारीबाग में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस महोत्सव में लोक नृत्य, सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन एवं भाषण सहित विभिन्न विधाओं में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी हजारीबाग श्री कैलाश राम एवं जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के नोडल पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने अपनी कला, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता की विभिन्न विधाओं के परिणाम इस प्रकार रहे:

1. नुक्कड़ नाटक
तरंग ग्रुप, हजारीबाग झ प्रथम स्थान
2. सामूहिक लोक नृत्य
नृत्य वाटिका झ प्रथम स्थान
3. सामूहिक लोक गीत
रघुआ म्यूजिक एकेडमी झ प्रथम स्थान
4. कविता लेखन
प्रेरणा भारती झ प्रथम स्थान
5. भाषण प्रतियोगिता
अशी कुमारी झ प्रथम स्थान
6. चित्रकला प्रतियोगिता
निखिल कुमार झ प्रथम स्थान

महोत्सव के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन में जिला खेल पदाधिकारी, हजारीबाग श्री कैलाश राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में जिला खेल कार्यालय की टीम द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना, कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करना तथा युवाओं में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर बड़कागांव थाना परिसर में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए गए संदेश को सभी ने लाइव टेलीकास्ट सुना और संकल्प लिया

जागेश्वर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो



बड़कागांव। देश के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को बड़कागांव थाना परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए गए संदेश को थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के लाइव टेलीकास्ट को देखा और सरदार पटेल के विचारों एवं देश की एकता के प्रति उनके योगदान को याद किया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिसकर्मियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के साथ-साथ आपसी भाईचारा, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संदेश का संकल्प लिया। सभी ने देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।मौके पर थाना प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता से देश की एकीकरण कर मजबूत भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उनका जीवन हमें एकता, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का उद्देश्य देशवासियों में एकता और अखंडता की भावना को मजबूत करना तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का एहसास कराना है।कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर बड़कागांव थाना परिसर में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के क्रम में एनएमएल कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स, हजारीबाग में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



इस अवसर पर सभी कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं नैतिक आचरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया।इसके पश्चात कर्मचारियों की सहभागिता से एक वॉकाथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वॉकाथॉन का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच राष्ट्रीय एकता, आपसी सद्भाव एवं सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था।एकता एवं टीम भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आपसी सहयोग एवं सौहार्द का संदेश दिया।इस अवसर पर कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स के प्रमुख, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।यह आयोजन सतर्कता, सत्यनिष्ठा, राष्ट्रीय एकता एवं सामूहिक जिम्मेदारी के मूल्यों को बढ़ावा देने के प्रति एनएमएल कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बाल संरक्षण एवं केस मैनेजमेंट सहित विभिन्न विषयों पर पैरा-लीगल वॉलंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

50 पैरा–लीगल वॉलंटियर्स ने लिया प्रशिक्षण, बाल संरक्षण एवं जरूरतमंद बच्चों को कानूनी सहायता और पुनर्वास सेवाओं से जोड़ने की दी गई जानकारी



हजारीबाग: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA), हजारीबाग के भवन में आज पैरा-लीगल वॉलंटियर्स (PLVs) के लिए बाल संरक्षण, केस मैनेजमेंट, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO Act), स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर एवं आफ्टर केयर विषयों पर एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 50 पैरा-लीगल वॉलंटियर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पैरा-लीगल वॉलंटियर्स को बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधानों, सरकारी योजनाओं एवं पुनर्वास सेवाओं की जानकारी देकर उनकी क्षमता को सुदृढ़ करना था, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें समय पर उचित सहायता एवं कानूनी संरक्षण उपलब्ध कराने में सहयोग कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान बाल संरक्षण एवं केस मैनेजमेंट के तहत जरूरतमंद बच्चों की पहचान, मामलों की रिपोर्टिंग, रेफरल तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं, POCSO अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, बाल यौन शोषण से संबंधित मामलों की पहचान, रिपोर्टिंग तथा पीड़ित बच्चों को आवश्यक संरक्षण एवं सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA), जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU), बाल कल्याण समिति (CWC), पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की भूमिका तथा आपसी समन्वय के महत्व पर प्रकाश डाला गया। स्पॉन्सरशिप योजना के तहत पात्र बच्चों एवं परिवारों की पहचान कर सहायता उपलब्ध कराने, फोस्टर केयर के माध्यम से बच्चों को पारिवारिक वातावरण में देखभाल प्रदान करने तथा आफ्टर केयर के अंतर्गत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार से जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी (DCPO), जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU) के सदस्य सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र में यूनिसेफ की ओर से श्री गौरव कुमार (CPO, UNICEF) एवं अक्षेश, जिला कार्यक्रम समन्वयक (DPC), PCI/UNICEF, हजारीबाग ने सहभागिता की। वहीं, उदयन केयर सोसायटी (Udayan Care Society), नई दिल्ली की मेंटर -आफ्टर केयर श्रीमती रीता सिंह ने आफ्टर केयर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार एवं सामाजिक पुनर्स्थापन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।

प्रशिक्षण के दौरान पैरा-लीगल वॉलंटियर्स को बताया गया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बच्चों की उपेक्षा एवं विद्यालय छोड़ने जैसी परिस्थितियों की पहचान कर संबंधित बाल संरक्षण इकाइयों एवं विभागों तक मामलों को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हजारीबाग जिले में बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत बनाने तथा विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इसके माध्यम से प्रशिक्षित पैरा-लीगल वॉलंटियर्स जमीनी स्तर पर बच्चों के अधिकारों की रक्षा, कानूनी सहायता एवं उनके समुचित पुनर्वास में प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे।

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीमा सिंह का धनबाद में स्वागत



झारखण्ड उजाला, संवाददाता

धनबाद। भाजपा धनबाद जिला कार्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक में भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तारा देवी शामिल हुईं। इस दौरान धनबाद प्रवास पर पहुंचीं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीमा सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक में डॉ. सीमा सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्ययोजनाओं तथा महिला मोर्चा को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही संगठन की मजबूती और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मौके पर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहन कुंभकार, निरसा की पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, धनबाद ग्रामीण जिला मंत्री डॉ. निशि महतो सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बीआईटी सिंदरी में आइडिया ट्राइब 2026 का प्रशिक्षण शिविर आयोजित, 47 टीमों ने पेश किए नवाचारी विचार

250 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, ए आई से लेकर कृषि, खनन और स्वास्थ्य सेवाओं पर किया गया विचार–मंथन



सिंदरी/ धनबाद। बीआईटी सिंदरी की संस्थान नवाचार परिषद 9.0 की ओर से झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ,रांची की पहल आइडिया ट्राइब 2026 के तृतीय चरण के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार ,उद्यमिता और स्टार्टअप विकास की भावना को प्रोत्साहित करना था।कार्यक्रम का उद्घाटन बीआईटी सिंदरी के निदेशक प्रो. (डॉ.) पंकज राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर समाज की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान नवाचार परिषद के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) प्रकाश कुमार ने भी विद्यार्थियों को अपने विचारों को सफल उद्यम में बदलने के लिए विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेने की सलाह दी। प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों की 47 टीमों के 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अपशिष्ट प्रबंधन, कृषि, खनन, जनजातीय खानपान, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े नवाचारी विचार प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों एवं निर्णायक मंडल ने विचारों का मूल्यांकन कर उनकी उपयोगिता, व्यवहार्यता और उद्यम स्थापना की संभावनाओं पर सुझाव दिए। इस अवसर पर सूरज प्रकाश, आदित्य कुमार, प्रवीर कुमार सहित विभिन्न विशेषज्ञ उपस्थित थे। बीआईटी सिंदरी के निर्णायक मंडल में डॉ. एससी दत्ता, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अभिजीत आनंद, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. मुकेश चंद्रा, प्रो. विजय कुमार बेसरा एवं प्रो. रोशन कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन संस्थान नवाचार परिषद के संयोजक डॉ. राहुल कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आइडिया ट्राइब 2026 का अंतिम चरण झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची में आयोजित होगा, जहां चयनित प्रतिभागी अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत करेंगे।

आम्रपाली-शिवपुर सड़क पर कोयला ढुलाई व ट्रांसपोर्टिंग कार्य तीन नवम्बर से बंद करने की चेतावनी

ट्रांस्पोर्टिंग बन्द होने से बढ़ जाएगी सीसीएल व एनसीसी की सहायक एवीएस कंपनी की मुश्किल

टंडवा: आम्रपाली-शिवपुर क्षेत्र में कोयला परिवहन एवं ट्रांसपोर्टिंग कार्य पर संकट के बादल गहराने जा रहा है। ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन पर समस्याओं की अनदेखी करने और लगातार आश्वासन देने के बावजूद समाधान नहीं करने का आरोप लगाया है।मामले को लेकर रैयतों एवं विस्थापित ग्रामीणों ने आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक एक ज्ञापन सौपा था। जिसमें कहा है कि 20 सितंबर 2026 को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से सीसीएल प्रबंधन को अवगत कराया गया था। जिसमे रोजगार मुवाबजा समेत अन्य मुद्दे शामिल थे। रैयतों का आरोप है कि पत्र सौपने के बाद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वर्षों से रोजगार, जमीन का उचित मुआवजा और अन्य लंबित समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। परियोजना प्रबंधन ग्रामीणों और विस्थापितों के हितों की अनदेखी कर कुछ खास लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है।ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा। ग्रामीणों ने क्षुब्ध होकर 3 नवंबर से आम्रपाली-शिवपुर सड़क पर कोयला परिवहन एवं तमाम ट्रांसपोर्टिंग कार्य अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का निर्णय लिया है।इसकी प्रतिलिपि उपायुक्त , पुलिस अधीक्षक , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया एवं थाना प्रभारी टंडवा को भी भेजी गई है।गौरतलब है कि शिवपुर सड़क से एवीएस व एक अन्य कंपनी रेलवे साइडिंग तक कोयला ढुलाई का काम करती है। ग्रामीणों के आंदोलन से सीसीएल को काफी नुकसान हो सकता है।

जिसीपिए सड़मा कॉलेज में सरदार पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

अरविंद अग्रवाल @

झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू



छतरपुर, पलामू। गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा, छतरपुर, पलामू में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती सह राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपनाने की अपील की।शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. सूर्योदय कुमार ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्र की एकता और अखंडता के शिल्पकार थे। आजादी के बाद विभिन्न रियासतों के एकीकरण में उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रीय भावना के बल पर ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने खेड़ा एवं बारडोली सत्याग्रह सहित सरदार पटेल के संघर्ष, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण के समक्ष आई चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला।प्रो. रोहित कुमार ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, साहस और सामूहिक प्रयास से बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम, सद्भाव, समानता और संवैधानिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रो. अमित कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। वहीं, प्रो. राजमोहन ने सरदार पटेल के आदर्शों को आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. राजकिशोर लाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रो. इंदु कुमारी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर भव्य समारोह आयोजित, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां



झारखण्ड उजाला, संवाददाता

धनबाद। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को टाउन हॉल में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाकपा-माले के काराकाट (बिहार) सांसद कामरेड राजा राम सिंह एवं विशिष्ट अतिथि विधायक चंद्रदेव महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। अतिथियों ने सरदार पटेल के संघर्षपूर्ण जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान तथा देश की सैकड़ों रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत के निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति, साहस और दूरदर्शी नेतृत्व आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। समारोह का समापन सरदार पटेल के विचारों पर चलने और एकजुट एवं समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान देने के आह्वान के साथ हुआ।

151वीं जयंती पर पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर सांसद सहित गणमान्य लोगों ने किया माल्यार्पण, बुलंद किए अमर रहें के नारे

सरदार पटेल ने बिखरे भारत को एक सूत्र में पिरोकर अखंड राष्ट्र का निर्माण किया : मनीष जायसवाल

राष्ट्र की एकता, अखंडता और अटूट संकल्प के अमर प्रतीक भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को हजारीबाग शहर के पटेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल सहित विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं जनसंगठनों से जुड़े गणमान्य लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने 'लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहें' के गगनभेदी नारे लगाकर उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया।मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अद्भुत नेतृत्व, प्रखर राष्ट्रदृष्टि और अडिग निष्ठा के बल पर भारत की बिखरी हुई रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड राष्ट्र के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनकी कार्यशक्ति, अनुशासन, दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता ने भारतीय इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और सामाजिक समरसता के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने किसानों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया।सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को यह संदेश दिया कि राजनीति का वास्तविक उद्देश्य सत्ता का सुख भोगना नहीं, बल्कि जनसेवा और मानवता की सेवा करना है। उनका जीवन और विचार आज भी देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकसूत्र में पिरोने का जो काम किया वह आज भी अनुकरणीय है।मौके पर झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता, शंकर राणा, अजीम अंसारी, जन जागरण केंद्र के सचिव संजय कुमार, झारखंड आंदोलनकारी चंद्रनाथ भाई पटेल, चंद्रमोहन पटेल, राकेश सिंह, भाजपा नेता जीवन मेहता, मुनेष ठाकुर, प्रो. प्रमोद सिंह, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रोहित कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने मनाई लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती, राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिया एकजुटता का संदेश

झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू



हुसैनाबाद। भारत के लौह पुरुष, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं अखंड भारत के शिल्पकार भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर शनिवार को हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री श्री कमलेश कुमार सिंह ने सरदार पटेल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी पुष्प अर्पित कर देश की एकता और अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ स्वतंत्रता के बाद देश की सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, साहस, कुशल नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण के कारण ही आज हम एक अखंड भारत का स्वरूप देख पा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरदार पटेल केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण के प्रमुख शिल्पकार भी थे। देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का उद्देश्य केवल एक महान विभूति को याद करना ही नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना भी है। पूर्व मंत्री ने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी विविधता में निहित एकता है। हमारा देश विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और धर्मों का संगम है। इन विविधताओं के बावजूद हम सभी भारतीय हैं और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और सद्भाव को मजबूत करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल जी के जीवन से प्रेरणा लें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, संतोष सिंह, विनय पासवान, श्रवण अग्रवाल, अजय प्रसाद गुप्ता, उदय विश्वकर्मा, विमलेश सिंह, अप्पू सिंह, अजय सिंह, हंसराज सिंह, भुनेश्वर प्रसाद सिंह, भोला सिंह, बीरेंद्र राम, जितेंद्र सिंह, रवींद्र सिंह, सुनील गुप्ता एवं अक्षय सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सरदार पटेल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने एक मजबूत, समरस, संगठित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देने तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया।

रांची में 102 वाहनों की जांच, 4.21 लाख रुपये वसूला जुमार्ना

रांची। जिले में परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों और चालकों के खिलाफ परिवहन विभाग ने शनिवार को सघन जांच अभियान चलाया। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में दलादली, रिंग रोड और कांके रोड क्षेत्र में वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान करीब 102 वाहनों की जांच हुई, जिसमें 17 वाहनों में अनियमितता पाई गई। इनसे कुल 4 लाख 21 हजार 500 रुपये जुमार्ना वसूला गया, जबकि तीन वाहनों को जब्त कर लिया गया।जांच के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने वाहनों के रोड टैक्स, फिटनेस प्रमाण पत्र, इंश्योरेंस, परमिट और प्रदूषण प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की। इसके अलावा वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक माल लोड किए जाने की भी जांच की गई। इस दौरान कई वाहनों के कागजात अपडेट नहीं मिले, वहीं कुछ वाहन ओवरलोडिंग करते पकड़े गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों और चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई.आवश्यक दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण तीन वाहनों को जब्त कर कांके रोड स्थित टीओपी परिसर में सुरक्षित रखा गया है। वहीं, अन्य दोषी वाहन मालिकों से जुमार्ने की राशि वसूली गई।जिला परिवहन पदाधिकारी ने वाहन मालिकों और चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी जरूरी दस्तावेज अपडेट रखें। साथ ही निर्धारित क्षमता के अनुसार ही माल का परिवहन करें और यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और परिवहन नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिले में आगे भी इस तरह के जांच अभियान चलाए जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जियो की छलांग और विकसित भारत की नई आर्थिक गाथा



सुमित कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

रिलायंस के सामने भी भविष्य की कसौटियाँ कम नहीं हैं। बड़े बाजार मूल्यांकन को निरंतर नवाचार, टिकाऊ मुनाफे, रोजगार सृजन और जनविश्वास में बदलना होगा। निवेशकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के साथ पर्यावरणीय उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को महत्व देना होगा। किसी राष्ट्र की प्रगति केवल ऊँची इमारतों, चमचमाती सड़कों और बढ़ते सकल घरेलू उत्पाद के आँकड़ों से नहीं आंकी जाती, बल्कि इस बात से तय होती है कि उसकी उद्यमशीलता कितने लोगों के जीवन को बदलती है, तकनीक कितनी दूर तक पहुँचती है और आर्थिक शक्ति किस सीमा तक जनसामान्य की आकांक्षाओं को पंख देती है। भारत की विकास यात्रा में रिलायंस समूह और जियो की कहानी इसी व्यापक परिवर्तन की ओर ध्यान आकर्षित करती है। भारत के औद्योगिक इतिहास में टाटा समूह ने विश्वास, संस्थागत मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और दीर्घकालीन दृष्टि की मजबूत विरासत निर्मित की है। दूसरी ओर, रिलायंस समूह ने बड़े पैमाने पर निवेश, बाजार की नब्ज पहचानने, तकनीक को जनसुलभ बनाने और नए क्षेत्रों में निर्णायक प्रवेश करने की क्षमता से अपनी अलग पहचान बनाई है। दोनों समूह भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। ऐसे में रिलायंस का टाटा समूह से आगे निकलना किसी एक की पराजय और दूसरे की विजय भर नहीं है, इसे भारतीय उद्योग जगत में प्रतिस्पर्धा के नए अध्याय के रूप में देखना अधिक उचित होगा। जियो की यात्रा एक उल्लेखनीय उदाहरण है। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में प्रवेश के बाद उसने इंटरनेट सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने, डेटा की कीमतों में व्यापक बदलाव लाने और डिजिटल गतिविधियों को आम नागरिक तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जियो की असली उपलब्धि केवल बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में भागीदारी का दायरा विस्तृत करना है।

रिलायंस की सफलता को मुकेश अंबानी के नेतृत्व में विकसित दीर्घकालीन कारोबारी दृष्टि, बड़े निवेश और बदलते समय के अनुरूप व्यवसाय का विस्तार करने की रणनीति के संदर्भ में समझना चाहिए। धीरूभाई अंबानी ने जिस



उद्यमशीलता को व्यापक जनभागीदारी और पूँजी बाजार से जोड़ने की नींव रखी, उसे आगे बढ़ाते हुए समूह ने पेट्रोकेमिकल, ऊर्जा, खुदरा व्यापार और दूरसंचार जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत की। जियो ने इस विरासत को डिजिटल युग की आवश्यकताओं से जोड़ा। इस यात्रा का संदेश स्पष्ट है-समय के साथ जो नहीं बदलता, समय उसे पीछे छोड़ देता है, जो समय की आहट पहचान लेता है, वही भविष्य की दिशा तय करने लगता है। 28 अक्टूबर 2026 को जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में ऐतिहासिक सूचीबद्धता ने इस यात्रा को नया आयाम दिया। लगभग 30,213 करोड़ रुपये के सार्वजनिक निर्गम के बाद कंपनी का बाजार पूँजीकरण 12.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर पहुँच गया और कारोबार के पहले दिन यह देश की दूसरी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी बन गई। रिलायंस समूह की सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्य भी टाटा समूह से आगे निकल गया। ये आँकड़े भारतीय पूँजी बाजार के बदलते स्वरूप और डिजिटल अर्थव्यवस्था में निवेशकों के विश्वास को दशार्ते हैं। लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि बाजार पूँजीकरण कंपनियों के मूल्यांकन का पैमाना है, आम नागरिक की समृद्धि का नहीं। शेयर बाजार में ऊँचाई तभी सार्थक है, जब उसका लाभ अर्थव्यवस्था की जड़ों तक पहुँचे।

इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदत्त अनंत अंबानी का भावपूर्ण वक्तव्य चचाओं में हैं, उन्होंने इस व्यावसायिक उपलब्धि को पारिवारिक संस्कारों और आध्यात्मिक संवेदना से जोड़कर अर्थ के साथ अध्यात्म के महत्व को उजागर किया है। उन्होंने कारोबार की तुलना पूजा से और शेयरों को प्रसाद की तरह देश के साथ साझा करने की भावना से की। उनके शब्दों में कृतज्ञता, पारिवारिक विरासत और लाखों ग्राहकों के योगदान की स्वीकृति थी। मुकेश अंबानी का भावुक होना भी इस बात का प्रतीक था कि किसी बड़ी उपलब्धि के पीछे वर्षों का परिश्रम, संघर्ष, विश्वास और पीढ़ियों के सपने जुड़े होते हैं। यहाँ एक विचार विशेष रूप से उल्लेखनीय है-व्यापार केवल लाभ कमाने की व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास अर्जित करने का माध्यम भी है। जब कोई कंपनी अपनी सफलता में कर्मचारियों, तकनीशियनों, साझेदारों और उपभोक्ताओं के योगदान को स्वीकार करती है, तब उद्यम का मानवीय पक्ष सामने आता है। फलदार वृक्ष जितना ऊँचा होता है, उसकी शाखाओं में उतनी ही विनम्रता होनी चाहिए। यही विनम्रता किसी कारोबारी साम्राज्य को स्थायी प्रतिष्ठा प्रदान करती है। अनंत अंबानी की पशुसेवा और वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता भी इसी व्यापक सामाजिक उत्तरदायित्व के संदर्भ में देखी जा सकती है। उद्योग की वास्तविक प्रतिष्ठा तब बढ़ती है, जब आर्थिक प्रगति के साथ जीवों के प्रति करुणा और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी आगे बढ़े।

दूरसंचार क्षेत्र की अग्रणी कम्पनी हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशंस लिमिटेड (एचएफसीएल) के संस्थापक एवं उद्योगपति महेंद्र नाहटा ने जियो के ऐतिहासिक लॉन्चिंग समारोह में सहभागिता करते हुए इसे भारतीय आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति और आध्यात्मिक संवेदना का अनूठा संगम बताया। उनके अनुसार, जियो की यह उड़ान केवल एक कंपनी की व्यावसायिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की डिजिटल सामर्थ्य, उद्यमशीलता और वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा का प्रतीक है। उनके अनुसार अनंत अंबानी के आशीर्वाद, संस्कार और जनभागीदारी से जुड़े भावपूर्ण उद्बोधन ने इस आयोजन को मानवीय संवेदनाओं की विशिष्ट ऊँचाई प्रदान की। निस्संदेह, जियो की यह उड़ान नए भारत के आत्मविश्वास, नवाचार और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने वाला ऐतिहासिक अध्याय है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया, डिजिटल भुगतान, आधारभूत डिजिटल सुविधाओं और उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने वाली पहलों ने देश के तकनीकी परिवर्तन के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है। इस विकास में सरकार की नीतियों, निजी क्षेत्र के निवेश, वैज्ञानिक प्रतिभा और करोड़ों नागरिकों की भागीदारी का साझा योगदान है। जियो ने इस वातावरण का उपयोग करते हुए डिजिटल संपर्क का विस्तार किया। भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य भी इसी व्यापक विकास यात्रा का हिस्सा है। परंतु आर्थिक आकार के साथ प्रति व्यक्ति आय, गुणवत्तापूर्ण रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा में सुधार भी उतना ही आवश्यक है। आगे की चुनौती और भी बड़ी है।

आज का राशिफाल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

मेष राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

वृषभ राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

मिथुन राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

कर्क राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

सिंह राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

कन्या राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

तुला राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

वृश्चिक राशि :- आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

धनु राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

मकर राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कुम्भ राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

मीन राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

जोखिम बढ़ाता बढ़ता व्यापार घाटा

हाल में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे की चुनौती का सामना कर रहा है। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2015-16 के 52.5 अरब डालर से दोगुने से अधिक होकर 2025-26 में 112 अरब डालर हो गया। हालांकि चीन को भारत के निर्यात में वृद्धि हुई है, लेकिन वहां से आयात की बड़ी मात्रा व्यापार घाटे को और बढ़ा रही है।



चीन के साथ बढ़ते व्यापारिक असंतुलन के पीछे कई संरचनात्मक और नीतिगत कारक जिम्मेदार हैं। इसका प्रमुख कारण चीन की गैर-शुल्क बाधाएं हैं। वित्त मंत्री के अनुसार, चीनी प्रशासन के जटिल तकनीकी, स्वास्थ्य और गुणवत्ता मानक भारतीय वस्तुओं के चीनी बाजार में प्रवेश को बाधित करते हैं। भारत एक दशक से अधिक समय से अपनी जेनेरिक दवाओं, प्रसंस्कृत मांस और कृषि उत्पादों के लिए चीनी बाजार में उचित पहुंच की मांग करता रहा है। जबकि चीन घरेलू उद्योगों को संरक्षण देने के लिए जटिल नियम लागू करता है। इसके चलते भारतीय निर्यातक प्रतिस्पर्धी कीमतों और गुणवत्ता के बावजूद चीनी बाजार में अपनी जगह नहीं बना पाते। इसके अलावा चीनी युआन की विनिमय दर के उतार-चढ़ाव से भारतीय रुपये पर दबाव बढ़ता है।

चीन के साथ व्यापारिक असंतुलन का एक अन्य पहलू 'मेक इन इंडिया' अभियान के बावजूद चीनी कच्चे माल और घटकों पर भारत की निर्भरता है। हालांकि भारत का घरेलू विनिर्माण क्षेत्र हाल के वर्षों में बढ़ा है, लेकिन औद्योगिक उत्पादन अब भी चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर है। भारत का इलेक्ट्रानिक्स उद्योग, डिस्प्ले पैनल, सोलर पीवी सेल, औषधीय कच्चा माल यानी एक्टिव फार्मास्युटिकल इन्ग्रीडिएंट्स (एपीआइ) और भारी औद्योगिक मशीनरी के लिए चीन से आयात पर निर्भरता बनी हुई है। इस निर्भरता के कारण भारत में औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण बढ़ने के साथ चीनी कलपुर्जों का आयात भी बढ़ता है। साथ ही चीन ने दुर्लभ मृदा तत्वों, लीथियम और आधुनिक उर्वरकों के उत्पादन एवं निर्यात पर नियंत्रण स्थापित कर रखा है। ये संसाधन भारत के इलेक्ट्रानिक्स उद्योग, इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और कृषि क्षेत्र के लिए आवश्यक हैं। इनकी सीमित आपूर्ति और ऊंची कीमतों के कारण भारत को हर साल बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है।

चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे को नियंत्रित करने के लिए केवल जवाबी सीमा शुल्क लगाना दीर्घकालिक समाधान नहीं है। इसके बजाय भारत को व्यापक रणनीति अपनानी होगी। इसकी पहली प्राथमिकता इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर का घरेलू इकोसिस्टम विकसित करना होना चाहिए। भारत को अंतिम उत्पादों की असेंबलिंग के बजाय घटक स्तर पर निर्माण बढ़ाना होगा। जब तक प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, एडवांस्ड सेंसर, डिस्प्ले पैनल और सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन देश में शुरू नहीं होता, तब तक चीन पर निर्भरता समाप्त नहीं होगी। दूसरा कदम फार्मास्यूटिकल्स और बल्क ड्रग क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। भारत को दुनिया की फार्मेसी कहा जाता है, लेकिन उसका दवा उद्योग एपीआइ के लिए 70 प्रतिशत तक चीन पर निर्भर है। यह निर्भरता रणनीतिक और राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी जोखिम पैदा करती है।

इस निर्भरता को कम करने के लिए देश में घोषित बल्क ड्रग पार्कों की स्थापना तेज करनी होगी और 41 महत्वपूर्ण एपीआइ के घरेलू उत्पादन के लिए प्रोत्साहन योजनाएं लागू करनी होंगी। साथ ही चीन की गैर-शुल्क बाधाओं का मुकाबला करने के लिए भारत को कूटनीतिक प्रयासों के साथ देश में क्वालिटी कंट्रोल आर्डर लागू करने होंगे। अमानक चीनी सामान की डंपिंग रोकने के लिए गुणवत्ता मानक तय करना जरूरी है, ताकि घरेलू विनिमार्ताओं को प्रतिस्पर्धा का उचित माहौल मिल सके। भारत को आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और 'फ्रेंड-शोरिंग' की नीति अपनानी होगी। क्रिटिकल मिनरल्स, दुर्लभ धातुओं और उच्च तकनीकी उत्पादों के लिए चीन पर निर्भरता घटाने के उद्देश्य से समान विचारधारा वाले देशों के साथ वैकल्पिक आपूर्ति नेटवर्क तैयार करना होगा। ग्रीन टेक्नोलाजी और इलेक्ट्रिक वाहनों के विस्तार के दौर में यदि भारत ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा नहीं दिया तो जीवाश्म ईंधन के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भरता कम होने के बाद चीन से हरित प्रौद्योगिकी के आयात पर निर्भरता बढ़ सकती है।

चीन से बढ़ता व्यापार घाटा केवल आयात-निर्यात का आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह भारत की आर्थिक स्थिरता, औद्योगिक क्षमता और रणनीतिक संप्रभुता से जुड़ा विषय है। इसीलिए हमें घरेलू वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता बनाना होगा। हमें चीन को आर्थिक प्रतिस्पर्धी मानते हुए उससे मुकाबले के प्रयास करने होंगे। उद्योग और कारोबार में शोध एवं नवाचार के लिए संसाधन बढ़ाने होंगे। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजनाओं के पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता मानकों के पालन तथा व्यापारिक साझेदारों के विविधीकरण के प्रयासों को गति देनी होगी। इन प्रयासों से भारत चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता और व्यापार घाटे को चरणबद्ध ढंग से कम कर वैश्विक व्यापार में एक संतुलित और आत्मनिर्भर आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा।

बेबसी के मारे

गरीब परिवारों को सौ दिन के रोजगार की संवैधानिक गारंटी दी गई है। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की जिंदगी अब भी किसी जुए से कम नहीं। दो वक्त की रोटी के लिए उन्हें न जाने कहां-कहां भटकना पड़ता है, फिर भी निश्चिंतता कहीं नहीं कि बदहाली से उन्हें मुक्ति मिलेगी ही। ओड़ीशा के कालाहांड़ी के तीन मजदूरों की कहानी इसकी ताजा कड़ी है। वे इस आस में बंगलुरु गए थे कि वहां मेहनत करके कुछ पैसे कमाएंगे और अपने परिवार का पेट भर पाएंगे। मगर उन्हें लौटना पड़ा खाली हाथ। जिस व्यक्ति ने उन्हें काम पर लगाया था, मजदूरी मांगने पर वह उन्हें मारता-पीटता था। दो महीने काम करने के बाद भी मजदूरी नहीं मिली और जिल्लत मिलती रही, तो उन्होंने घर वापसी का फैसला किया। हाथ में पैसे नहीं थे, खाने को कुछ था नहीं। वे बंगलुरु से खाली हाथ चल पड़े अपने गांव और सात दिन लगातार चलते हुए भूखे-प्यासे अपने घर पहुंचे। इन मजदूरों की कहानी इसलिए लोगों के सामने आ सकी कि वे पैदल चलते हुए घर पहुंचे। वरना इन जैसे न जाने कितने मजदूर ऐसे हैं, तो हाड़तोड़ मेहनत करने के बाद भी मजदूरी को हाथ पसारते-पसारते थक जाते हैं और जिल्लत उठाने को मजबूर होते हैं। इनकी सुनवाई कहीं नहीं होती।

संगठित और सरकारी क्षेत्रों में रोजगार की कमी और पढ़े-लिखे बेरोजगारों का आंकड़ा तो समय-समय पर सामने आता रहता है, मगर हमारे देश में लाखों ऐसे मजदूरों का कोई ठीक-ठीक हिसाब-किताब नहीं, जो असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करते हैं। वे किसी ईंट भट्ठे पर, किसी बनती हुई इमारत में, कहीं सड़क पर मिट्टी ढोने वगैरह के काम तलाशते फिरते हैं। गांवों से बहुत सारे लोग इस उम्मीद में शहरों का रुख करते हैं कि वहां उन्हें गुजारे लायक काम मिल जाएगा। मगर वहां भी उन्हें कम दुश्वारियां नहीं झेलनी पड़तीं। शहरों के हर लेबर चौराहे पर सुबह-सुबह मजदूरों का हुजूम खड़ा होता है, मगर उनमें से कुछ को ही काम मिल पाता है। जो ठेकेदार उन्हें काम पर लगाते हैं, उनकी दबंगई ऐसी कि पैसा समय पर कभी नहीं देते, बल्कि मजदूरों का पैसा मारने की फिराक में अधिक रहते हैं।

ऐसे ही ठेकेदार के शोषण का शिकार हुए कालाहांडी के ये तीनों मजदूर। ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई का कोई व्यवस्थित तंत्र कहीं नहीं है, जहां मजदूर सीधे गुहार लगा सकें। वैसे भी गरीब अनपढ़ मजदूर पुलिस के सामने पड़ने से बचते हैं, वे शिकायत करने भला कहां जाते। मगर इससे भी दारुण कथा यह है कि इन मजदूरों को सरकारें कम नहीं छलतीं। कालाहांडी की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मगर ओड़ीशा सरकार वहां के लोगों के लिए क्या करती है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वहां से लोगों को सैकड़ों मील दूर रोजगार की तलाश में भटकना पड़ता है। किसी परिवार को अपना नवजात शिशु बेच कर पेट भरने का इंतजाम करना पड़ता है। गरीब परिवारों को सौ दिन के रोजगार की संवैधानिक गारंटी दी गई है। मगर इसके लिए शुरू की गई मनरेगा योजना में पैसे की कमी और अनियमितता के बीच मजदूर पचास दिन का काम और पैसा भी पा जाएं तो वे खुद को खुशकिस्मत समझते हैं। अगर इन श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर ही गुजारे लायक काम मिल जाता, तो उन्हें इस कदर दर-दर तो न भटकना पड़ता। ओड़ीशा सरकार के पास शायद ही इस सवाल का जवाब हो कि क्यों वहां के लोगों को ऐसी जिल्लत उठानी पड़ती है।

भारत की कूटनीति के आगे मस्क की रणनीति बेअसर

पांच साल पहले स्टारलिंक के तत्कालीन भारत प्रमुख ने एलान किया था कि 2022 के अंत तक देश में 2,00,000 टर्मिनल चालू कर दिए जाएंगे, जिनमें से ज्यादातर गांवों में होंगे। कंपनी ने करीब 5,000 भारतीयों से प्री-आर्डर भी ले लिए, जबकि उसके पास लाइसेंस नहीं था। दूरसंचार विभाग ने उसे रुकने और पैसा लौटाने को कहा और कुछ ही समय बाद भारत प्रमुख ने पद छोड़ दिया। हाल में इंडिया मोबाइल कांग्रेस में स्पेसएक्स की एक वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि स्टारलिंक भारत की सेवा के लिए तैयार है, जब भी भारत तैयार हो। उनके बास एलन मस्क में इतना सब्र नहीं था। उन्होंने लिखा, भारत में कुछ खास धनकुबेर इस सेवा को रोक रहे हैं और उन्होंने इसे भारत की जनता के खिलाफ अपराध भी बताया। इसके बाद उन्होंने एक तरह से भारत सरकार को कोसना शुरू कर दिया। सरकार के ठिठकने के लिए इतना ही काफी होना चाहिए। स्टारलिंक को भारत आने से मना करने की वजहें और भी हैं। स्टारलिंक सेवा के मामले में दलील हमेशा कुछ ऐसी रहती है: हिमालय की एक कक्षा, पूर्वोत्तर का एक क्लिनिक, मौसम का हाल देखता एक मछुआरा- इन सबको लाभ मिलेगा। खबरों के मुताबिक स्टारलिंक किट की कीमत रु33,000 से रु 35,000 है और मासिक शुल्क कम से कम रु 3,000। इसकी तुलना उससे कीजिए, जो भारतीय आज चुकाते हैं। फाइबर कनेक्शन रु 500 से रु 1,500 महीने में मिल जाता है और उसे लगवाने का खर्च स्टारलिंक किट के मुकाबले बहुत मामूली है। मोबाइल डेटा करीब रु 10 प्रति जीबी है। आम परिवार अपना इंटरनेट बिल रु 1,000 से नीचे रखता है। स्टारलिंक का मासिक शुल्क उसके सबसे करीबी विकल्पों से दो से पांच गुना है और हार्डवेयर लगभग पंद्रह गुना महंगा। माना जा रहा है कि स्टारलिंक भारत में एक प्रीमियम निश बना रहेगा यानी गिने-चुने संपन्न ग्राहकों की सेवा। इसके संभावित खरीदार रिजार्ट, दूरदराज के कार्यस्थल और बैकअप लाइन चाहने वाली कंपनियां हो सकती हैं। गांव का आदमी इस कहानी में तभी आता है, जब सरकार पैसा भरे यानी जनता का पैसा एक विदेशी कंपनी के पास जाए- उस काम के लिए जिसके लिए भारतनेट को पैसा दिया गया है।

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले मणिपुर में सुरक्षा बलों ने उग्रवादी गुटों से स्टारलिंक के उपकरण बरामद किए थे और तब ऐसी भी खबरें आई थीं कि म्यांमार सीमा के पास उग्रवादियों ने हिंसा के दौरान इंटरनेट बंदी से बचने के लिए तस्करी से लाए गए उपकरणों का इस्तेमाल किया। अंडमान में हुई एक जब्ती में भी एक टर्मिनल मिला था। दूसरे देशों ने भी यही देखा है। बोलीविया ने स्टारलिंक को लाइसेंस देने से मना किया, फिर भी वहां पड़ोसी देशों से किट पहुंचीं और वे ब्राजील या चिली के पतों पर रजिस्टर कराई गईं। इस मामले में कंपनी का जवाब था कि उसका सिस्टम यह गड़बड़ी पकड़ लेता है और करीब 60 दिन बाद सेवा काट देता है, लेकिन संघर्ष वाले इलाके में दो महीने बहुत लंबा समय होता है और सेवा बंद करने का फैसला कंपनी लेती है, अपने हिसाब से और अपने समय पर, न कि वहां की सरकार के हिसाब से। यह स्थिति स्वीकार नहीं की जा सकती। स्टारलिंक कहता है कि भारतीय उपयोगकताओं का डेटा भारत में ही रहेगा और उसने भारत की सुरक्षा जरूरतों के मुताबिक नियंत्रण तैयार किए हैं। उसकी नीयत पर शक करने की कोई वजह नहीं है, लेकिन आखिर किसी इलाके में सेवा चालू या बंद करने का अधिकार किसके पास होगा? बोलीविया की आपत्ति यह थी कि विदेशी सैटेलाइट आपरेटर किसी सरकार की अपने ही नेटवर्क पर अपने ही कानून लागू करने की क्षमता को कमजोर कर देता है।



प्रदेश में बनेगी सरदार पटेल सबसे ऊंची प्रतिमा, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का एलान

एजेंसी

पटना। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार में उनकी सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। पटना में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में उन्होंने वर्ष 2030 तक एक करोड़ लोगों को रोजगार देने और स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़े सुधार का लक्ष्य भी बताया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 31 अक्तूबर 2026 को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर बिहार में उनकी सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में यह एलान किया। मुख्यमंत्री ने सरदार



पटेल को आधुनिक भारत का शिल्पकार और राष्ट्रीय एकता का महान प्रतीक बताया। यह समारोह साझी विरासत अभियान द्वारा सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित बापू सभागार में आयोजित किया गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने 567 रियासतों का भारत में विलय कर देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया। उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। रोजगार और औद्योगिक विस्तार का लक्ष्य मुख्यमंत्री ने वर्ष 2030 तक बिहार में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा। उन्होंने नवंबर 2030 तक एक करोड़ परिवारों को उद्योग जगत से जोड़ने का भी लक्ष्य निर्धारित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए मजबूरी में बिहार से बाहर नहीं जाना पड़े, इसके लिए राज्य में उद्योगों का जाल बिछाया जा रहा है। औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं। सौर ऊर्जा संयंत्र, ताप विद्युत संयंत्र और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। बिहार की लगभग 14 करोड़ आबादी में युवाओं की बड़ी भागीदारी को राज्य की सबसे बड़ी ताकत बताया गया। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की पहल मुख्यमंत्री ने अगले चार वर्षों में बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को देश की सर्वश्रेष्ठ व्यवस्थाओं में शामिल करने का लक्ष्य बताया। राज्य के जिला और अनुमंडल अस्पतालों से मरीजों को अनावश्यक रूप से बड़े अस्पतालों में भेजने की व्यवस्था समाप्त करने की दिशा में काम किया गया है। यदि कोई डॉक्टर बिना उचित कारण के मरीज को भेजता है, तो उसे इसका कारण बताना होगा। जिला अस्पतालों में 52 प्रकार की शल्य चिकित्सा की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

एकता और विकास की विरासत

मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल को एकता के प्रतीक, भारत के निमार्ता और महान महापुरुषों में से एक बताया। उन्होंने देश को जोड़ने के उनके ऐतिहासिक कार्य को याद किया। बिहार में स्थापित होने वाली सरदार पटेल की प्रतिमा अब तक की सबसे बड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के देश को 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त करने के संकल्प का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वे भी संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ अपने लक्ष्यों को पूरा करने में विश्वास रखते हैं। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव, योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा, कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

10वीं-12वीं के डमी प्रवेश पत्र जारी, सुधार के लिए एक हफ्ते का समय,

एजेंसी

पटना। बिहार बोर्ड ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2027 का डमी एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। विद्यार्थी 1 से 7 नवंबर 2026 तक अपना डमी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर विवरण जांच सकते हैं। किसी भी त्रुटि का सुधार शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से ऑनलाइन कराया जाएगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2027 में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के डमी एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। बोर्ड ने ऑनलाइन भरे गए रजिस्ट्रेशन एवं परीक्षा फॉर्म के आधार पर विद्यार्थियों का डमी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया है। बोर्ड ने विद्यार्थियों को इसमें दर्ज सभी विवरणों की जांच करने और गलती मिलने पर निर्धारित अवधि में सुधार कराने का निर्देश दिया है। कहां से डाउनलोड किया जा सकता है डमी प्रवेश पत्र? डमी एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइटों से डाउनलोड किए जा सकते हैं। दोनों कक्षाओं के लिए अलग-अलग वेबसाइट बताई गई हैं: 1 से 7 नवंबर तक करवा सकते हैं सुधार बिहार बोर्ड के जारी नोटिस के अनुसार, विद्यार्थी 1 नवंबर 2026 से 7 नवंबर 2026 तक डमी एडमिट कार्ड में दर्ज विवरणों की जांच कर सकते हैं और त्रुटियों का सुधार करवा सकते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि केवल प्रधानाध्यापक ही नहीं, बल्कि विद्यार्थी भी अपना डमी एडमिट कार्ड स्वयं डाउनलोड करके उसमें दी गई जानकारी देख सकते हैं। हालांकि, यदि किसी प्रकार की गलती मिलती है, तो उसका ऑनलाइन सुधार संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से ही कराया जाएगा। नाम और माता-पिता के नाम में पूर्ण बदलाव संभव नहीं बिहार बोर्ड ने डमी एडमिट कार्ड में सुधार को लेकर एक महत्वपूर्ण शर्त भी रखी है। नोटिस के अनुसार, विद्यार्थी के नाम या उसके माता-पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन संभव नहीं है। इसलिए विद्यार्थियों को इन विवरणों की विशेष रूप से जांच करनी चाहिए। यदि कोई त्रुटि दिखाई देती है, तो समय रहते अपने स्कूल या कॉलेज के प्रधान से संपर्क करें।

पटना-मुजफ्फरपुर के रेस्टोरेंट में रेड, कहां मिला बासी खाना

एजेंसी

पटना। पटना और मुजफ्फरपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने कई होटल, रेस्टोरेंट और दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई सामान जब्त कर नष्ट कराया गया। कई रेस्टोरेंट में बासी और एक्सपायर्ड सामग्री मिली। पटना में त्योहारों और रोजमर्रा के खानपान के बीच लोगों को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य संरक्षा विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को विभाग की टीम ने पटना और मुजफ्फरपुर के कई होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कहीं बासी और एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री मिली तो कहीं शाकाहारी और मांसाहारी भोजन एक साथ रखा पाया गया। खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। कई जगह से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए, जबकि खराब सामग्री जब्त कर नष्ट कराई गई। अनमोल होटल से 36,650 रुपये की सामग्री जब्त पटना के बुद्ध मार्ग स्थित जीपीओ के पास मेसर्स अनमोल होटल में निरीक्षण के दौरान किचन की साफ-सफाई में कमी



और खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन मिला। टीम ने पनीर, रोस्टेड चिकन, ग्रेवी, मंचूरियन मसाला, व्हाइट ग्रेवी मिक्स, कच्चा चिकन, पनीर फ्राई, मशरूम, मंचूरियन और कटी हुई सब्जियां समेत कुल 36,650 रुपये की खाद्य सामग्री जब्त कर नष्ट कराई। प्रतिष्ठान से पनीर और चिकन के नमूने भी लिए गए। जांच में कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र, पेस्ट कंट्रोल रिपोर्ट और वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट उपलब्ध नहीं मिली। खाद्य सामग्री के भंडारण में फर्स्ट इन, फर्स्ट आउट (फीफो) नियम का पालन भी नहीं किया जा रहा था। विभाग ने होटल को सात दिनों के भीतर कमियां दूर करने का नोटिस दिया है। द बिरयानी मॉल का किचन तीन दिन बंद फ्रेजर रोड स्थित द बिरयानी मॉल में निरीक्षण के दौरान एक्सपायर्ड दूध, अमूल चीज और डेयरी क्रीम समेत अन्य सामग्री मिली। टीम ने करीब दो हजार रुपये की सामग्री जब्त कर नष्ट कराई। यहां से कच्चे चिकन के दो नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए। खाद्य सुरक्षा मानकों में गंभीर कमी मिलने पर विभाग ने तीन दिनों तक किचन बंद रखने का निर्देश दिया। वहीं, बोरिंग कैनाल रोड स्थित कोलकाता बिरयानी महल में किचन की साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिली। कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र, वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट और पेस्ट कंट्रोल से जुड़े दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं थे। टीम ने कच्चे चिकन और मिर्च पाउडर के नमूने लिए। किचन की अस्वच्छ स्थिति को देखते हुए इसे दो दिनों तक बंद रखने का निर्देश दिया गया। बिरयानी महल और बिरयानी बूल्ज में भी मिली गड़बड़ी आशियाना-दीघा रोड स्थित बिरयानी महल में टीम ने 13 किलो हाफ बॉयल्ड चिकन, तीन किलो वेज आइटम और डेढ़ किलो उबला हुआ मटन जब्त कर नष्ट कराया। जब्त सामग्री की कीमत करीब 3,150 रुपये बताई गई है। एसके पुरी स्थित बिरयानी बूल्ज में शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य पदार्थ एक साथ रखे मिले। कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र, पानी की जांच रिपोर्ट और खाद्य सामग्री के भंडारण से जुड़े फीफो और एफईएफओ नियमों की व्यवस्था भी नहीं मिली। टीम ने कच्चे बासमती चावल का नमूना लिया। बिरयानी महल और मटन महल भी पहुंची टीम एसके पुरी के बोरिंग रोड स्थित बिरयानी महल में भी वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट, पेस्ट कंट्रोल प्रमाण पत्र और कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं मिले।

किसानों को इस खास का लाभ लेने का आखिरी मौका

एजेंसी

पटना। पटना में आज कई अहम गतिविधियां होंगी। एक दिन पहले लंबित मांगों को लेकर नगर निगमकर्मी ने प्रदर्शन किया था। आज नगर निगम की मेयर ने स्थायी समिति थी बैठक बुलाई है। वहीं बिहार सरकार के गन्ना उद्योग विभाग ने वर्ष 2026-27 के लिए नए क्षेत्रों में गन्ना फसल का क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम शुरू किया। इसका लाभ पाने का आज किसानों के पास आखिरी मौका है। बिहार में आज किसानों और पटना नगर निगम से जुड़ी दो अहम गतिविधियां हैं। गन्ना उद्योग विभाग की ओर से नए क्षेत्रों में गन्ने की खेती का रकबा बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत इच्छुक किसानों को उन्नत किस्म का गन्ना बीज निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख आज यानी 31 अक्तूबर है। दूसरी ओर, पटना नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की 26वीं साधारण बैठक भी आज आयोजित होगी। पहले यह बैठक 30 अक्तूबर को होनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई थी। बिहार सरकार के गन्ना उद्योग विभाग ने वर्ष 2026-27 के लिए नए क्षेत्रों में गन्ना फसल का क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम शुरू किया है। इसका उद्देश्य गन्ने की खेती को उन इलाकों तक पहुंचाना है, जहां अभी इसकी खेती नहीं होती या बहुत कम होती है। इसके लिए किसानों को उन्नत किस्म का गन्ना बीज निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। चीनी मिल क्षेत्र के अंतर्गत केन केयर पोर्टल पर गन्ना रहित चिह्नित गांवों के सभी रैयत और गैर-रैयत किसान योजना का लाभ ले सकेंगे। इसमें पांच एकड़ या उससे कम गन्ना क्षेत्रफल वाले गांव शामिल हैं। वहीं, गैर-चीनी मिल क्षेत्र में गन्ने की खेती करने के इच्छुक सभी रैयत और गैर-रैयत किसान आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत न्यूनतम 0.25 एकड़ और अधिकतम 2.5 एकड़ तक का लाभ मिलेगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक किसानों को आज ही आवेदन करना होगा। पटना नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की 26वीं साधारण बैठक शनिवार को आयोजित होगी। बैठक महापौर कार्यालय कक्ष, मौयालोक कॉम्प्लेक्स में दोपहर 12:30 बजे से होगी। महापौर सीता साहू की ओर से जारी सूचना के अनुसार, यह बैठक पहले 30 अक्तूबर को निर्धारित थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई थी। अब इसे पूर्व निर्धारित समय और स्थान पर 31 अक्तूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। पटना में लोजपा रामविलास की ओर से खास तैयारी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का जन्मदिन पर आज पटना में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पार्टी की ओर से जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम पटना के एक व्हीलर रोड स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में होगा। इसके लिए पार्टी के ओर से कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है।

मोतिहारी इंजीनियरिंग कॉलेज में रैगिंग को लेकर विवाद, छात्रों के दो गुट आमने-सामने; परिसर में तनाव

एजेंसी

पटना। मोतिहारी इंजीनियरिंग कॉलेज में रैगिंग को लेकर छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर विवाद होने की खबर सामने आई है। देखते ही देखते कॉलेज परिसर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। छात्रों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि कॉलेज परिसर में अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। मोतिहारी इंजीनियरिंग कॉलेज में रैगिंग को लेकर छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद होने की खबर सामने आई है। देखते ही देखते कॉलेज परिसर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। विवाद बढ़ने के बाद परिसर में अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। जानकारी के अनुसार, रैगिंग को लेकर प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के छात्रों के बीच गुरुवार रात से ही तनाव बना हुआ था। दोनों पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद शुक्रवार को और गहरा गया। देखते ही देखते दोनों गुट आमने-सामने आ गए। इस दौरान उनके बीच मारपीट होने की भी सूचना मिली। घटना के बाद कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। छात्रों के बीच विवाद और हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, बड़ी संख्या में छात्रों की



मौजूदगी के बीच स्थिति को नियंत्रित करने में पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ा। कॉलेज परिसर में काफी देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। इधर, कॉलेज के प्राचार्य ने मारपीट की घटना से इनकार किया है। उनका कहना है कि प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के छात्रों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, लेकिन मारपीट की कोई घटना नहीं हुई है। फिलहाल, इस पूरे मामले में छात्रों के बीच विवाद की वास्तविक वजह और रैगिंग के आरोपों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना ने एक बार फिर इंजीनियरिंग कॉलेजों में रैगिंग पर रोक लगाने और छात्रावासों व परिसर में अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नशा मुक्ति केंद्र में 24 वर्षीय युवक की मौत

एजेंसी

पटना। सासाराम के नशा एवं पुनर्वास मुक्ति केंद्र में 24 वर्षीय युवक की मौत के बाद परिजनों और अन्य मरीजों ने हंगामा किया। केंद्र संचालक पर मारपीट, इलाज में लापरवाही और पैसे मांगने के आरोप लगे हैं। मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रोहतास जिले के सासाराम स्थित नशा एवं पुनर्वास मुक्ति केंद्र में शनिवार को एक युवक की मौत पर जमकर हंगामा हुआ। घटना से नाराज मृत युवक के परिजन एवं केंद्र में भर्ती अन्य बच्चों ने हंगामा करते हुए केंद्र संचालक पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। दरअसल इस घटना के बाद नशा मुक्ति केंद्र की कार्यशैली पर कई सवाल उठ रहे हैं। औरंगाबाद जिले का था मृतक प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत युवक औरंगाबाद जिले के ओबरा (दुर्गा चौक) निवासी प्रेम



कुमार सोनी का 24 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार सोनी बताया जाता है। वह शराब, गांजा और ब्राउन शुगर का आदी था, जिसको देखते हुए परिजनों ने उसे सासाराम स्थित नशा एवं पुनर्वास मुक्ति केंद्र में बीते 15 अक्तूबर को भर्ती कराया था। परिजनों एवं हंगामा कर रहे अन्य लोगों का कहना है कि नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती बच्चों के साथ मारपीट की जाती थी। इनका ना तो समुचित इलाज होता था और ना ही समय से भोजन दिया जाता था। इसके अलावा परिजनों ने केंद्र संचालक पर मरीज से न मिलने देने और इलाज के नाम पर बार-बार पैसे की मांग करने का भी आरोप लगाया है। दाह संस्कार के बाद पर परिजनों किया हंगामा हैरानी की बात है कि युवक की मौत के बाद परिजनों ने दाह संस्कार करने के बाद नशा मुक्ति केंद्र पर आकर हंगामा किया। लोगों ने प्रशासन से केंद्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं हंगामे के बाद कई परिजन अपने मरीज को केंद्र से निकाल कर घर ले जाने की तैयारी में हैं। बता दें कि इस दौरान घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा रही। चूंकि घटना के बाद सासाराम स्थित नशा एवं पुनर्वास मुक्ति केंद्र की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है और जांच के बाद ही युवक की मौत मामले में प्रबंधन द्वारा बरती गई लापरवाही के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आएगी। केंद्र में लगभग 50 बच्चे भर्ती मिली जानकारी के अनुसार नशा एवं पुनर्वास मुक्ति केंद्र सासाराम में फिलहाल 50 बच्चे भर्ती हैं।

चार साल बाद मिला पत्नी की हत्या का इंसाफ, पति को आजीवन कारावास; पिता ने ही दर्ज कराया था केस

एजेंसी

पटना। रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र के टीपा गांव में पंकज सिंह ने लगभग चार वर्ष पूर्व अपनी पत्नी ज्योति सिंह को फोन पर बात करने से नाराज होकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। पिता के आवेदन पर केस हुआ और अब कोर्ट ने पति को सजा सुनाई है। रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी करार दिए गए पति के खिलाफ शुक्रवार को अदालत ने सख्त फैसला सुनाया। कोर्ट ने मामले के एकमात्र अभियुक्त पंकज सिंह को सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, विभिन्न धाराओं के तहत उस पर कुल 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुमार्ने की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। सर में देसी कट्टे से गोली मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बता दें कि झारखंड के जपला की रहने वाली ज्योति सिंह की शादी वर्ष 2020 में पंकज सिंह से हुई थी। दोनों की एक बेटी भी है। मामले में आरोपी पंकज सिंह के पिता राजेश्वर सिंह ने ही घटना की जानकारी पुलिस को दी थी और अपने पुत्र के खिलाफ नौहट्टा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पंकज सिंह को एक देसी कट्टा और खोखे के साथ गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में सासाराम के अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी चंद्र विकास ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 10 गवाहों की गवाही कराई गई थी। इसके बाद अदालत में प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-14 प्रहलाद कुमार की अदालत ने अभियुक्त पंकज सिंह को हत्या और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाते हुए अर्थदंड के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

संक्षिप्त डायरी

नालंदा में 5 नवंबर को लगेगा रोजगार मेला, 20 कंपनियां करेंगी ऑन-द-स्पॉट भर्ती

एजेंसी

पटना। बिहार के नालंदा जिले में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए 5 नवंबर 2026 को नियोजन सह मार्गदर्शन मेला आयोजित किया जाएगा। जिला नियोजनालय की ओर से बिहारशरीफ स्थित संयुक्त श्रम भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक मेले का आयोजन होगा। बिहार के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए नौकरी पाने का अच्छा अवसर मिलने जा रहा है। नालंदा जिले में 5 नवंबर को भव्य नियोजन सह मार्गदर्शन मेला-2026 आयोजित किया जाएगा। इस मेले में निजी क्षेत्र की करीब 20 नामी कंपनियां हिस्सा लेंगी और योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर मौके पर ही चयन करेंगी। बैंकिंग, वित्त, बीमा, स्वास्थ्य, शिक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल और लॉजिस्टिक्स सहित कई क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही युवाओं को करियर काउंसलिंग, कौशल प्रशिक्षण और स्वरोजगार से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। 5 नवंबर को संयुक्त श्रम भवन में लगेगा रोजगार मेला बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के निर्देश पर जिला नियोजनालय, नालंदा की ओर से इस एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 5 नवंबर 2026 को बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय परिसर के निकट स्थित संयुक्त श्रम भवन में लगेगा। मेले का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला नियोजनालय के अनुसार, इसका उद्देश्य जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ उनके बेहतर भविष्य की राह आसान बनाना है। जिला नियोजनालय से मिली जानकारी के अनुसार, रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की करीब 20 प्रतिष्ठित और अग्रणी कंपनियों के शामिल होने की पुष्टि हुई है। ये कंपनियां बैंकिंग एवं वित्त, जीवन बीमा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल, डिलीवरी और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में खाली पदों के लिए महिला और पुरुष अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेंगी। योग्य उम्मीदवारों का चयन मौके पर ही किया जाएगा। ल्ल इस मेले में सामाजिक समावेशन का भी ध्यान रखा गया है। राज्य सरकार के नियमानुसार कुल रिक्तियों में दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए चार प्रतिशत पद आरक्षित रखे गए हैं। इससे दिव्यांग युवाओं को भी रोजगार पाने का अवसर मिलेगा। नौकरी के साथ करियर काउंसलिंग और स्वरोजगार की जानकारी नियोजन सह मार्गदर्शन मेले की खास बात यह है कि यहां युवाओं को केवल नौकरी के अवसर ही नहीं मिलेंगे, बल्कि उन्हें करियर से जुड़ी सही दिशा भी दिखाई जाएगी। इसके लिए मेले में विशेष करियर एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन डेस्क बनाए जाएंगे। यहां मौजूद विशेषज्ञ युवाओं को मौजूदा रोजगार बाजार की मांग, जरूरी कौशल और कौशल संवर्धन से जुड़े विकल्पों की जानकारी देंगे। इसके अलावा विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे। इनके माध्यम से युवाओं को सरकारी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना और स्वरोजगार के लिए उपलब्ध सरकारी ऋण एवं अनुदान योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इससे नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के साथ अपना व्यवसाय शुरू करने की इच्छा रखने वाले अभ्यर्थियों को भी मदद मिलेगी। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक सभी अभ्यर्थियों के लिए बिहार रोजगार सेतु पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर बिना किसी शुल्क के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। जिला नियोजनालय, नालंदा ने जिले के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। अभ्यर्थियों को मेले में शामिल होने के लिए अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्र और बायोडाटा साथ लेकर निर्धारित समय पर पहुंचना होगा। इस पहल के जरिए युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी पाने के साथ करियर और स्वरोजगार के नए विकल्पों की जानकारी मिल सकेगी।

बिहार के कितने जिलों में बारिश का अलर्ट, पटना में अगले पांच दिनों तक कैसा रहेगा मौसम

एजेंसी

पटना। मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के 13 जिलों में बारिश, गरज-चमक और तेज हवा की चेतावनी जारी की है। पटना में आज भी धूप नहीं निकली। सुबह से ही ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। बिहार में चक्रवाती तूफान अर्नब का असर धीरे-धीरे कम होने लगा है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हो रही बारिश के बाद अब मौसम में सुधार की उम्मीद है। हालांकि, शनिवार को भी 13 जिलों में बारिश, गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवा को लेकर चेतावनी जारी की गई है। पटना समेत कई जिलों में सुबह से ही रुक-रुककर हल्की बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, शनिवार दोपहर के बाद बारिश की गतिविधियों में कमी आ सकती है। इसके बावजूद कई इलाकों में बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट से सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास बढ़ने लगा है। 13 जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी मौसम विभाग ने शनिवार को बिहार के 13 जिलों में खराब मौसम की आशंका जताई है। इन जिलों में बारिश के साथ गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवा चल सकती है। लोगों को खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। उत्तर बिहार के पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सारण, सीवान, गोपालगंज, सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों में बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर बारिश होने के आसार हैं। पटना में अगले पांच दिनों तक कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विज्ञान केंद्र के पूवार्नुमान के मुताबिक, 31 अक्तूबर को पटना में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। एक-दो बार बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इस दिन अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। एक नवंबर को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना बनी रहेगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 30 और 22 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। दो नवंबर को आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इस दिन अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। तीन नवंबर को राजधानी में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। बारिश का कोई स्पष्ट उल्लेख पूवार्नुमान में नहीं है। अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। चार नवंबर को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दिन अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। पटना में अगले पांच दिनों के कितना रहेगा तापमान? पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के कई जिलों में बारिश और बादल छाए रहने के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पटना में भी बारिश का असर दिन के तापमान पर पड़ा। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, बारिश की गतिविधियां कम होने के बाद मौसम में धीरे-धीरे बदलाव हो सकता है। सुबह और शाम के समय तापमान में गिरावट के कारण लोगों को हल्की ठंड महसूस होने की संभावना है। अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 21 से 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वज्रपात और तेज हवा के दौरान बरतें सावधानी मौसम विभाग ने खराब मौसम के दौरान लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। गरज-चमक और वज्रपात के समय खुले मैदान में जाने से बचें। पेड़ों, बिजली के खंभों और कमजोर संरचनाओं के नीचे खड़े न हों। तेज हवा और बारिश के दौरान सुरक्षित स्थान पर रहें। किसानों को भी खेतों में काम करते समय मौसम के पूवार्नुमान पर ध्यान देने और खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों पर काम करने से बचने की सलाह दी जाती है।

खबर संक्षेप

एसजेवीएन का मुनाफा हुआ दोगुना से अधिक



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एसजेवीएन लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 657.72 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 307.60 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

एथर का लाभ 26 फीसदी बढ़कर 68 करोड़ रुपए

मुंबई। विशेष रसायन बनाने वाली कंपनी एथर इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (सितंबर) तिमाही में 26.62 प्रतिशत बढ़कर 67.99 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 53.95 करोड़ रुपये था। तिमाही में उसकी परिचालन आय 23.95 प्रतिशत बढ़कर 347.21 करोड़ रुपये हो गई।

वरुण बेवरेजेज का लाभ बढ़कर 830 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। पेप्सिको की सबसे बड़ी 'फ्रेंचाइजी बॉटलर' कंपनी वरुण बेवरेजेज लिमिटेड का तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 13.54 प्रतिशत बढ़कर 830.6 करोड़ रुपये रहा। भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बिक्री की मात्रा में दहाई अंक की वृद्धि से कंपनी का लाभ बढ़ा। तिमाही में शुद्ध लाभ 731.51 करोड़ रुपये रहा था।

मैक्स हेल्थकेयर का लाभ 10 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 10.34 प्रतिशत बढ़कर 448 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 की दूसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 406 करोड़ रुपये था। मैक्स हेल्थकेयर ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी सकल आय 20 प्रतिशत बढ़कर 3,219 करोड़ रुपये हो गई।

एयरटेल अफ्रीका के लाभ में 16 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। एयरटेल अफ्रीका का वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 25.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। कंपनी ने बीते वित्त 2025-26 की समान तिमाही में 21.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आय 26 प्रतिशत बढ़कर 197 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई।

जीएमडीसी के मुनाफे में 63 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की खनन एवं खनिज कंपनी गुजरात मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (जीएमडीसी) का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 63.3 प्रतिशत घटकर 170.79 करोड़ रुपये रहा। बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी ने 465.75 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 986.78 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 635.76 करोड़ रुपये थी।

1 नवंबर से डायरेक्ट म्यूचुअल फंड होगा पहला विकल्प, निवेशकों को होगा लाभ

नई दिल्ली

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए 1 नवंबर से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अब डायरेक्ट म्यूचुअल फंड प्लान डिफॉल्ट ऑप्शन होंगे।

- रेगुलर प्लान में डिस्ट्रीब्यूटर से जुड़ा खर्च भी शामिल होता है

यानी निवेश करते समय निवेशकों को सबसे पहले डायरेक्ट प्लान का ऑप्शन दिखेगा। वहीं, रेगुलर प्लान चुनने वालों को उसके ज्यादा एक्सपेंस रेश्यो की जानकारी भी देनी होगी। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने यह जानकारी दी। सेबी के इस कदम का मकसद निवेशकों को निवेश की लागत समझने और बेहतर फैसला लेने में मदद करना है। डायरेक्ट प्लान में निवेशक बिना किसी डिस्ट्रीब्यूटर के म्यूचुअल फंड खरीदते हैं। वहीं, रेगुलर प्लान में डिस्ट्रीब्यूटर से जुड़ा खर्च भी शामिल होता है।

निवेशकों को निवेश की लागत समझने में मदद मिलेगी

निवेश से पहले लागत और जोखिम समझना जरूरी

तुहिन कांत पांडे ने कहा कि निवेश करना आसान होना ही काफी नहीं है, बल्कि निवेशकों को यह भी समझना चाहिए कि वे किस चीज में पैसा लगा रहे हैं, उसका खर्च कितना है और उसमें कितना जोखिम है। उन्होंने सेबी के निवेशक सर्वे का हवाला देते हुए बताया कि 63 प्रतिशत परिवारों को सिक्योरिटीज मार्केट के कम से कम एक प्रोडक्ट की जानकारी है। हालांकि, इनमें से सिर्फ करीब 9.5 प्रतिशत परिवार ही बाजार में निवेश करते हैं।



विदेशी निवेशकों के लिए भी आसान होगी प्रक्रिया

सेबी चीफ ने भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों की भागीदारी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार काफी हद तक दुनिया के बड़े बाजारों के बराबर हैं, लेकिन नियमों के पालन से जुड़ा बोझ कम करने की जरूरत है। सेबी यह देखेगा कि भारतीय बाजार में काम करने वाले लोगों और कंपनियों पर दूसरे विकसित और उभरते बाजारों के मुकाबले ज्यादा नियमों का बोझ तो नहीं है। इसके लिए रेगुलेटर कुछ मौजूदा नियमों में बदलाव को लेकर जल्द कंसल्टेशन पेपर भी जारी करेगा। इसके अलावा, तुहिन कांत पांडे ने बताया कि विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय बाजार में निवेश की प्रक्रिया को तेज और आसान बनाने के लिए सेबी, भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मिलकर काम कर रहा है।

दोनों प्लान एक ही स्कीम में निवेश करते हैं

दोनों प्लान एक ही म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश करते हैं और उनका पोर्टफोलियो भी एक जैसा होता है। लेकिन डायरेक्ट प्लान का एक्सपेंस रेश्यो आमतौर पर कम होता है। इससे लंबे समय में निवेशकों के रिटर्न पर असर पड़ सकता है। निवेशक चाहें तो रेगुलर प्लान भी चुन सकेंगे। हालांकि, ऐसा करने पर उन्हें ज्यादा एक्सपेंस रेश्यो के बारे में बताया जाएगा।

व्यापक दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया

दूरसंचार कंपनियों को एआई नीति की निदेशक मंडल से लेनी होगी मंजूरी: ट्राई

नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार नेटवर्क और सेवाओं में कृत्रिम मेधा (एआई) के जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए शुक्रवार को व्यापक दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किए। इसके तहत दूरसंचार कंपनियों को निदेशक मंडल से स्वीकृत एआई नीति बनानी होगी, विशेष निगरानी एवं सुरक्षा समितियां गठित करनी होंगी और एआई से जुड़ी गंभीर घटनाओं की जानकारी ट्राई को देनी होगी।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने संबंधित पक्षों से सुझाव मांगने के लिए जारी मसौदे में कहा है कि कंपनियां अपने नेटवर्क और सेवाओं में इस्तेमाल होने वाली एआई प्रणालियों के परिणामों के लिए जवाबदेह होंगी।

यह जिम्मेदारी इस बात से प्रभावित नहीं होगी कि एआई प्रणाली कंपनी ने खुद विकसित की है या आउटसोर्स की है। ट्राई ने मसौदा दिशानिर्देशों पर हितधारकों से 27 नवंबर तक सुझाव मांगे हैं।

एआई प्रणालियों को तीन श्रेणियों में बांटना होगा

मसौदा दिशानिर्देशों के मुताबिक, एआई का इस्तेमाल करने वाली दूरसंचार कंपनियों और अन्य अधिकृत इकाइयों को अपनी एआई प्रणालियों को उच्च, मध्यम और निम्न जोखिम वाली श्रेणियों में बांटना होगा। यह वर्गीकरण नेटवर्क परिचालन, वित्तीय एवं परिचालन परिणामों और उपभोक्ताओं पर संभावित प्रभाव के आधार पर किया जाएगा।

खास बातें

- विशेष निगरानी एवं सुरक्षा समितियां गठित करनी होंगी
- गंभीर घटनाओं की जानकारी ट्राई को देनी होगी
- कंपनियां एआई प्रणालियों के परिणामों के लिए जवाबदेह होंगी



शिकायतों के निपटारे की व्यवस्था शामिल होगी : प्रत्येक कंपनी को अपने निदेशक मंडल या समकक्ष संचालन निकाय से मंजूर एक आंतरिक एआई नीति बनानी होगी। इसमें जोखिम का वर्गीकरण, एआई प्रणाली को इस्तेमाल की मंजूरी, घटनाओं का प्रबंधन, मानवीय निगरानी, डेटा का प्रबंधन और उपभोक्ता शिकायतों के निपटारे की व्यवस्था शामिल होगी।

मानवीय निगरानी होगी अनिवार्य : मसौदे में कहा गया है कि जोखिम कम करने के लिए सभी एआई प्रणालियों पर पहले से तय व्यवस्था के तहत उचित मानवीय निगरानी अनिवार्य होगी। ट्राई ने एआई से जुड़ी घटनाओं को गंभीरता के आधार पर चार श्रेणियों-गंभीर, उच्च, मध्यम और निम्न में बांटने का प्रस्ताव किया है।

वर्ष में एक बार समीक्षा जरूरी होगी

समिति को प्रत्येक वित्त वर्ष में कम-से-कम एक बार एआई प्रणालियों के प्रदर्शन की समीक्षा करनी होगी। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त समीक्षा भी की जा सकेगी। इसके आधार पर जरूरी सुधारात्मक कदम उठाने होंगे। इनमें संबंधित एआई प्रणाली में बदलाव करना या जरूरत पड़ने पर उसे बंद करना भी शामिल है।

लागू करने से पहले आकलन अनिवार्य

दिशानिर्देशों में नई एआई प्रणाली लागू करने या मौजूदा प्रणाली में बदलाव करने से पहले उसका सत्यापन, निर्धारित मानकों के अनुरूप होने की जांच और प्रभाव का आकलन अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इसमें प्रणाली की सटीकता, मजबूती, उसके कामकाज को समझने की क्षमता, निष्पक्षता, समय के साथ मॉडल के प्रदर्शन में बदलाव के प्रति उसकी संवेदनशीलता और मानवीय निगरानी की व्यवस्था का आकलन शामिल होगा।

उपभोक्ताओं के नुकसान व शिकायतों का रखना होगा रिकॉर्ड

गंभीर और उच्च श्रेणी की घटनाओं की जानकारी निर्धारित प्रारूप, तरीके और समयसीमा के भीतर ट्राई को देना अनिवार्य होगा। दूरसंचार कंपनियों को एआई से जुड़ी घटनाओं और इसके कारण उपभोक्ताओं को हुए नुकसान की शिकायतों का केंद्रीय रिकॉर्ड भी रखना होगा। इसके साथ ही ऐसी घटनाओं की जांच, नुकसान कम करने और समाधान के लिए व्यवस्था बनानी होगी।

देशभर में एक नवंबर से शुरू होगा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान

नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश भर में एक नवंबर से 2,000 शहरों और जिलों में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान शुरू किया जाएगा। यह अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान है।

पेंशन जारी रखने के लिए पेंशनभोगियों को हर साल जीवन प्रमाणपत्र जमा करना होता है। डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र के जरिये यह प्रक्रिया 'जीवन प्रमाण' नामक बायोमेट्रिक आधारित डिजिटल सेवा से पूरी की जा सकती है।

कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग एक नवंबर से से पांचवां राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान शुरू करेगा, जो 30 नवंबर, 2026 को समाप्त होगा। यह अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान होगा। सरकार ने कहा कि इस अभियान के लिए पेंशन वितरित करने वाले बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, पेंशनभोगी कल्याण संघों, रक्षा महालेखा नियंत्रक (सीजीडीए), दूरसंचार विभाग, रेलवे, ईपीएफओ, राज्य सरकारों, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ समन्वय किया जाएगा।



- देश के 2000 शहरों और जिलों में शुरू किया जाएगा डीएलसी
- पेंशन जारी रखने पेंशनभोगियों को देना होता है डीएलसी

स्वास्थ्य की जांच व आधार अपडेट जैसी सुविधा शामिल

इनमें पेंशनधारकों के स्वास्थ्य की जांच और आधार में जानकारी 'अपडेट' करने जैसी सुविधाएं शामिल हैं। जरूरत पड़ने पर पेंशनधारकों को उनके घर पर भी सेवाएं दी जाएंगी। सरकार ने कहा कि डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र से जुड़ी शिकायतों के निपटान के लिए शिकायत अधिकारी तैनात किए जाएंगे, जो उनका तत्काल समाधान सुनिश्चित करेंगे।

बैंक ऋण 17.94% बढ़ा, जमा की वृद्धि दर से आगे निकला

मुंबई

बैंकों ऋण 15 अक्टूबर तक सालाना आधार पर 17.94 प्रतिशत बढ़कर 232.54 लाख करोड़ रुपये हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह कहा।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान बैंक जमा में 16.60 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पंद्रह अक्टूबर, 2026 तक बैंकों में कुल जमा राशि बढ़कर 284.37 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो 17 अक्टूबर, 2025 तक 243.88 लाख करोड़ रुपये थी। इस तरह जमा में सालाना आधार पर 16.60 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 15 अक्टूबर, 2026 तक बैंक ऋण 232.54 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल 17 अक्टूबर को 197.17 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह इसमें सालाना आधार पर 17.94 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ऋण में तेज वृद्धि की एक वजह अक्टूबर के शुरुआती दिनों में बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नकदी उपलब्ध होना और त्योहार रहा। आरबीआई की रियायती सुविधा के तहत बैंकों को बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर-बी) जमा मिलने से बैंकों में नकदी की उपलब्धता बढ़ गई थी। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, एक से 15 अक्टूबर के बीच बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त नकदी का स्तर दो लाख करोड़ रुपये से 4.5 लाख करोड़ रुपये के बीच रहा।



- आरबीआई ने कहा, बैंक ऋण बढ़कर हुआ 232 लाख करोड़
- बैंक जमा में 16.60 प्रतिशत की वृद्धि हुई

बैंकों में औसत 5.9 लाख की नगदी रही

अगस्त 2026 में हुई पिछली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद से नकदी समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत शुद्ध स्थिति के आधार पर बैंकिंग प्रणाली में प्रतिदिन औसतन 5.9 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी रही। एलएएफ के तहत प्रतिदिन औसतन शुद्ध नकदी निकासी जुलाई 2026 में 1.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर अगस्त में 5.8 लाख करोड़ रुपये और सितंबर में 7.8 लाख करोड़ रुपये हो गयी।


- ट्रेंट, आईटी शेयरों में निवेशकों की रही खरीदारी
- विदेशी निवेशकों की खरीदारी सीमित रही

शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़ा, सेंसेक्स में 308 अंक की तेजी

मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और खुदरा कंपनी ट्रेंट के शेयरों में जोरदार लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स 308 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 116 अंक की तेजी रही। वैश्विक बाजारों में कमजोर संकेतों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का रुख रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार की बढ़त सीमित रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 308.49 अंक चढ़कर 74,459.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 591.55 अंक बढ़कर 74,742.59 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 116.35 अंक के साथ 23,053.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सर्वाधिक 5.20 प्रतिशत चढ़ गया। टाटा समूह की खुदरा कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया था कि सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 468 करोड़ रुपये रहा।



जियो प्लेटफॉर्म्स तीन सत्र में 28 प्रतिशत उछला : रिलायंस समूह की डिजिटल सेवा कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद से अब तक करीब 28 प्रतिशत चढ़ चुका है। बीएसई में कंपनी का शेयर शुक्रवार को निर्गम मूल्य से 27.89 प्रतिशत उछलकर 1,431.20 रुपये पर रहा।

एटमबर्ग और पंजाब कार्बोनिक को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली। घरेलू उपकरण बनाने वाली कंपनी एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज और कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) के संग्रहण एवं उपयोग के साथ औद्योगिक गैस समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी पंजाब कार्बोनिक को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज के आईपीओ के लिए मसौदा दस्तावेज अगस्त में मिले थे, जबकि पंजाब कार्बोनिक ने अप्रैल में मसौदा दस्तावेज जमा किए थे। इन दस्तावेजों की समीक्षा के बाद नियामक ने 29-30 अक्टूबर के दौरान दोनों कंपनियों को अंतिम टिप्पणियां दीं।

चांदी 8,300 रु. टूटकर निचले स्तर पर

नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 8,300 रुपये लुढ़ककर करीब 11 महीने के निचले स्तर 1.90 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेज गिरावट के कारण कीमती धातुओं में बिकवाली से चांदी के दाम टूटे। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,300 रुपये टूटकर 1,45,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर रहा। बृहस्पतिवार को इसका भाव 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था। पिछले कारोबारी सत्र में मामूली बढ़त दर्ज करने के बाद चांदी में गिरावट आई।

चांदी का भाव 8,300 रुपये गिरकर 1,90,200 रुपये प्रति किलोग्राम रहा, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। चांदी का भाव इससे पहले 10 दिसंबर, 2025 को इस स्तर के आसपास था।



- सोना 1,300 रुपए फिसलकर 1,45,200 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी लुढ़कर 1.90 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर

आदित्य बिड़ला कैपिटल का लाभ 38 प्रतिशत बढ़ा ...



नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला कैपिटल का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 38 प्रतिशत बढ़कर 1,288 करोड़ रुपये रहा। विभिन्न कारोबारों में मजबूत वृद्धि से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 933.52 करोड़ रुपये था। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 14,003 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,595 करोड़ रुपये थी।

इस साल सूखे के संकट के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा

देश में अब विदेश से आएगा आटा, तेल, सोयाबीन और मक्का

नई दिल्ली

कारोबारी साल 2026-27 में भारत खाने-पीने की तमाम चीजों के साथ-साथ पशु चारे और कृषि क्षेत्र से जुड़े कच्चे माल का आयात बढ़ा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार दरअसल, इस साल सूखे के संकट के बीच फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे घरेलू स्तर पर आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

- भारत कारोबारी वर्ष में खाने-पीने की तमाम चीजों का आयात बढ़ा सकता है

रिपोर्ट के मुताबिक, सोयाबीन और मूंगफली खरीफ सीजन की प्रमुख फसलें हैं। कमजोर मानसून से इन्हें नुकसान पहुंचने से देश के भीतर खाद्य तेलों और पशु-आहार की भारी किल्लत हो गई है। ऐसे में आने वाले समय में खाद्य तेल का आयात बढ़ सकता है। अब चूंकि मक्का और सोयाबीन मील जैसे पशु चारे के दाम बढ़े हैं, तो इसका बुरा असर डेयरी और पोल्ट्री उद्योग पर पड़ा है। इससे आम उपभोक्ताओं के लिए अंडे, दूध और चिकन की कीमतें बढ़ गई हैं।

सोयाबीन और मक्का आयात की मांग

पोल्ट्री फीड बनाने वाली कंपनियां सोयाबीन मील और मक्का आयात करने की अनुमति मांग रही हैं और कपड़ा निर्माता कपास पर आयात शुल्क हटाने की मांग कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि स्टार्च उद्योग को इस बात की चिंता है कि अगर मक्के का एक बड़ा हिस्सा इथेनॉल उत्पादन में चला जाता है, तो चीन से स्टार्च के आयात की जरूरत बढ़ सकती है। इन्हीं सब चिंताओं के बीच सर्दियों में होने वाली सरसों की फसल को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है।



सोयाबीन पर क्या है संकट?: सोयाबीन की फसलों पर मौसम की दोहरी मार पड़ी है। पिछले साल अत्यधिक और बेमौसम बारिश के कारण पकी हुईं फसलें खेतों में ही सड़ गई थीं। वहीं, अब इस वित्तीय वर्ष (2026-27) में मानसून की बेरुखी ने मराठवाड़ा, विदर्भ, तेलंगाना और मध्य प्रदेश के सोयाबीन बेल्ट में फसलों को नुकसान पहुंचाया है। उद्योग जगत ने सरकार से 3 मिलियन टन सोयाबीन मील (सोयाबीन की खली) के आयात की अनुमति मांगी है। पोल्ट्री फीड में सोयाबीन मील और मक्के की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत है और इनकी ऊंची कीमतों के कारण लागत का दबाव बढ़ रहा है।

चीनी कारोबारियों को पहले ही राहत

चीनी उद्योग को कच्चे चीनी के आयात के लिए समयसीमा को पहले ही बढ़ा दिया है। इसके अलावा, अगर मक्के का ज्यादा इस्तेमाल इथेनॉल उत्पादन में होता है, तो स्टार्च उद्योग को आपूर्ति के लिए चीन पर और अधिक निर्भर रहना पड़ सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सूखे के कारण घरेलू स्तर पर तिलहन के उत्पादन पर असर पड़ने से, भारत का खाद्य तेल आयात 2025-26 के 16.5 मिलियन टन से बढ़कर 2026-27 में 17.5 मिलियन टन तक पहुंच सकता है।

खाद्य तेल का आयात सरसों के उत्पादन पर निर्भर : इस साल अंतिम अनुमान काफी हद तक सरसों के उत्पादन पर निर्भर करेगा। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले साल अत्यधिक बारिश के कारण फसल को नुकसान पहुंचने के बाद, अफ्रीका के सबसे कम विकसित देशों से सोयाबीन का आयात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

परिणाम स्मार्टवर्क्स मुनाफे में आई, लाभ 26 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेज का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 25.64 करोड़ रुपये रहा। आय में वृद्धि से कंपनी मुनाफे में आई है। कंपनी को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-तिमाही) तिमाही में 3.13 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेज ने बताया कि दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 37 प्रतिशत बढ़कर 605.3 करोड़ रुपये हो गई, जो गत वित्त वर्ष की समान अवधि में 441.06 करोड़ रुपये थी।

जापान को 4-1 से हराया, अभिषेक-हरमनप्रीत और विष्णुकांत ने दागे गोल



भारतीय हॉकी टीम ने लगाई जीत की हैट्रिक

जालंधर, एजेंसी। भारतीय हॉकी टीम का एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन जारी है। पांच बार की चैंपियन भारत ने खेले गए मुकाबले में जापान को 4-1 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत की जीत के हीरो अभिषेक नैन रहे, जिन्होंने दो शानदार मैदानी गोल दागे। भारत की ओर से अभिषेक नैन ने 11वें और 51वें मिनट में गोल किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा, जबकि विष्णुकांत सिंह ने 56वें मिनट में मैदानी गोल कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। जापान की ओर से एकमात्र गोल शोता यामादा ने 15वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर किया।

पहले हाफ में जापान ने दी कड़ी चुनौती

मुकाबले की शुरुआत में जापान ने आक्रामक रुख अपनाया और दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। हालांकि, जापानी खिलाड़ी केन नागायोशी का प्रयास लक्ष्य से चूक गया। शुरुआती मिनटों में भारतीय मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन के बीच तालमेल की कमी नजर आई। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने खेल को संभालने की कोशिश की। इसी बीच 11वें मिनट में भारत ने शानदार मूव बनाते हुए बढ़त हासिल कर ली। हार्दिक सिंह ने सर्कल के अंदर सुखजीत सिंह को गेंद दी, जिन्होंने अभिषेक को पास दिया। अभिषेक ने गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। यह अभिषेक का 150वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला भी था।

हालांकि, जापान ने हार नहीं मानी। पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। दूसरे प्रयास के दौरान गेंद भारतीय खिलाड़ी संजय के शरीर से टकराई, जिसके बाद जापान को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। 15वें मिनट में शोता यामादा ने इसे गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद जापान ने मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाया और भारतीय खिलाड़ियों को गोल करने के ज्यादा मौके नहीं दिए। पहले हाफ की समाप्ति तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं।

आखिरी क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने बदला मैच का रुख

तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारत ने गोल करने के कुछ अच्छे मौके बनाए, लेकिन जापानी गोलकीपर ताकुमी कितागावा ने शानदार बचाव किया। 36वें मिनट में जापान को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सका। तीन क्वार्टर तक स्कोर 1-1 रहने के बाद भारतीय टीम ने आखिरी 15 मिनट में आक्रामक खेल दिखाया। 46वें मिनट में भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शानदार लो फ्लिक के जरिए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद 51वें मिनट में अभिषेक ने बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत की बढ़त 3-1 कर दी। मैच खत्म होने से चार मिनट पहले यानी 56वें मिनट में विष्णुकांत सिंह ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के सटीक एरियल पास को गोल में बदलकर स्कोर 4-1 कर दिया।

अब मलयेशिया से होगा भारत का अगला मुकाबला

भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में इससे पहले बांग्लादेश को 13-0 और चीन को 5-2 से हराया था। वहीं, जापान ने दक्षिण कोरिया को 3-2 और बांग्लादेश को 1-0 से मात दी थी। भारत का अगला मुकाबला रविवार को मलयेशिया से होगा। हाल ही में आयोजित आइची-नागोया एशियन गेम्स में भी भारतीय टीम ने मलयेशिया को 5-1 से हराया था। वहीं, जापान की टीम अगले मुकाबले में चीन से भिड़ेगी।

भारत vs न्यूजीलैंड...

वनडे सीरीज से पहले टीम इंडिया में बड़ा बदलाव, नबी की हुई एंट्री

मुंबई, एजेंसी। न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से पहले भारतीय टीम में बदलाव किया गया है। चयन समिति ने तेज गेंदबाज आकिब नबी को पहले तीन वनडे मुकाबलों के लिए भी टीम में शामिल कर लिया है। इससे पहले उन्हें सीरीज के चौथे और पांचवें वनडे के लिए चुना गया था। अब वह सीरीज की शुरुआत से ही भारतीय टीम का हिस्सा होंगे।

आकिब की पहले तीन वनडे में भी हुई एंट्री

आकिब को प्रसिद्ध कृष्णा की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। प्रसिद्ध फिलहाल चोट की वजह से रिहैब में हैं और उनका टीम में शामिल होना फिटनेस टेस्ट पर आधारित था, लेकिन वह समय से फिट नहीं हो पाए हैं और ऐसे में आकिब को शामिल करना पड़ा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम अपडेट जारी करते हुए बताया कि पुरुष चयन समिति ने आकिब नबी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन वनडे के लिए भी टीम में शामिल किया है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकिब को शुरुआत में सीरीज के आखिरी दो मुकाबलों के लिए चुना गया था। अब उन्हें पहले तीन मैचों के लिए भी टीम में जगह मिल गई है। इस बदलाव के बाद वह पूरी वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से इस बदलाव की कोई वजह नहीं बताई गई है।



पहले तीन वनडे के लिए भारतीय टीम

पहले तीन मुकाबलों के लिए शुभमन गिल कप्तान होंगे और श्रेयस अय्यर उपकप्तान रहेंगे। टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। ईशान किशन को विकेटकीपर के तौर पर जगह मिली है।

पहले तीन वनडे के लिए टीम: शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, नमन धीर, अंशुल कंबोज, गुरनूर बराड़, ऋतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, ईशान किशन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी (केवल पहला वनडे), आकिब नबी।

दो वनडे के लिए अलग टीम

सीरीज के आखिरी दो मुकाबलों के लिए भी भारतीय टीम में बदलाव है। इन मैचों में श्रेयस अय्यर कप्तानी करेंगे, जबकि ईशान किशन उपकप्तान होंगे। तिलक वर्मा, कुमार कुशाग्र और यश ठाकुर को भी टीम में शामिल किया गया है।

चौथे और पांचवें वनडे के लिए टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर, उपकप्तान), अक्षर पटेल, नमन धीर, आकिब नबी, गुरनूर बराड़, ऋतुराज गायकवाड़, अर्शदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, यश ठाकुर और कुलदीप यादव।





पैन पैसिफिक ओपन के फाइनल में पहुंचीं लेयला फर्नांडेज

टोक्यो। पैन पैसिफिक ओपन 2026 में कनाडा की स्टार टेनिस खिलाड़ी लेयला फर्नांडेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में कामिला राखिमोवा को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से हराया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में डायना श्नाइडर ने मिया पोहांकोवा को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।कनाडा की लेयला फर्नांडेज ने सेमीफाइनल मुकाबले में उज्बेकिस्तान की कामिला राखिमोवा को 7-5, 6-3 से हराया। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मुकाबला एक घंटे 54 मिनट तक चला। फर्नांडेज को दोनों सेटों में शुरुआती समय में ब्रेक का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। लेयला फर्नांडेज के लिए यह साल का तीसरा डब्ल्यू फाइनल होगा। एशियाई दौरे पर उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने सितंबर में सिंगापुर ओपन का खिताब जीता था, जहां उन्होंने तालिया गिब्सन को हराया था। हालांकि, पिछले सप्ताह निंगबो ओपन के फाइनल में उन्हें एलेना रिबाकिना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

डायना श्नाइडर ने भी फाइनल में बनाई जगह

दूसरे सेमीफाइनल में रूस की डायना श्नाइडर ने वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली 18 वर्षीय मिया पोहांकोवा को 6-4, 7-6 (7) से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 46 मिनट तक चला। श्नाइडर ने पहले सेट में शुरुआती ब्रेक के बाद वापसी की और 6-4 से जीत हासिल की। दूसरे सेट में उन्हें टाईब्रेक के दौरान सेट प्वाइंट भी बचाना पड़ा।दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। पोहांकोवा ने सेट जीतने का मौका बनाया, लेकिन श्नाइडर ने शानदार खेल दिखाते हुए सेट प्वाइंट बचा लिया। इसके बाद उन्होंने टाईब्रेक 9-7 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ श्नाइडर ने सीजन के अपने पहले फाइनल में जगह बना ली।

सिंधु और अनमोल के बीच सेमीफाइनल मुकाबला

जर्मनी। हाइलो ओपन 2026 में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और युवा शटलर अनमोल खरब ने महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दोनों खिलाड़ियों की जीत के साथ अब सेमीफाइनल में ऑल-इंडियन मुकाबला तय हो गया है। वहीं पुरुष एकल में लक्ष्य सेन ने भी शानदार वापसी करते हुए अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली है।

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और दूसरी वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु ने हाइलो ओपन 2026 के क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने डेनमार्क की अमाली शुल्ज को लगातार दो गेम में 21-12, 21-10 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला सिर्फ 28 मिनट तक चला, जिसमें सिंधु ने शुरुआत से ही अपनी प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा।

भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए छठी वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा को हरा दिया। दोनों भारतीय खिलाड़ियों के बीच मुकाबला काफी रोमांचक रहा।

युवराज सिंह की चयनकर्ताओं को बड़ी सलाह

अभिषेक-वैभव को वनडे में मौका नहीं मिला तो होगी बड़ी नाइंसाफी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह ने युवा बल्लेबाजों को लेकर बड़ा बयान दिया है। युवराज चाहते हैं कि अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी और ईशान किशन को वनडे क्रिकेट में भी नियमित मौके मिलने चाहिए। उनका मानना है कि इन खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 50 ओवर के फॉर्मेट से दूर रखना सही नहीं है।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह का मानना है कि अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी और ईशान किशन जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को वनडे क्रिकेट में भी खेलने का मौका मिलना चाहिए। युवराज लंबे समय से अभिषेक को मार्गदर्शन देते रहे हैं और उनकी बल्लेबाजी को करीब से समझते हैं। उन्होंने साफ कहा कि इन खिलाड़ियों को 50 ओवर के फॉर्मेट में मौका नहीं देना उनकी प्रतिभा के साथ नाइंसाफी होगी। युवराज सिंह ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'मैं ईमानदारी से अभिषेक को वनडे क्रिकेट में खेलते हुए देखना चाहूंगा। मैं पहले भी कह चुका हूं कि अगर हम ईशान किशन, अभिषेक और वैभव सूर्यवंशी जैसे खिलाड़ियों को 50 ओवर के क्रिकेट में नहीं चुनते हैं, तो कहीं न कहीं हम उनकी प्रतिभा के साथ नाइंसाफी कर रहे हैं।' युवराज ने आगे कहा, 'मैं समझता हूं कि हमारे पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं और उनके लिए टीम में जगह बनाना मुश्किल है। लेकिन जिस तरह ये युवा बल्लेबाज प्रदर्शन कर रहे हैं, उम्मीद है कि उन्हें जल्द ही टीम में जगह मिलनी चाहिए। अभिषेक ने जो कुछ हासिल किया है, वह उनकी कड़ी



तीनों खिलाड़ियों ने दिखाई है अपनी ताकत

अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और वैभव सूर्यवंशी ने टी20 क्रिकेट में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से खास पहचान बनाई है। ईशान किशन ने 2026 टी20 वर्ल्ड कप में भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान दिया था। वहीं अभिषेक अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से लगातार प्रभावित कर रहे हैं। दूसरी ओर युवा वैभव सूर्यवंशी ने कम उम्र में ही बड़े-बड़े गेंदबाजों के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी करके सुर्खियां बटोरी हैं।

ईशान की वनडे टीम में हो चुकी है वापसी

ईशान किशन की वनडे टीम में वापसी कुछ महीने पहले हुई थी। उन्होंने अफगानिस्तान और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा लिया था। लखनऊ में खेले गए वनडे मुकाबले में ईशान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 125 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी। हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ दो मुकाबलों में वह बड़ी पारी खेलने में सफल नहीं रहे थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी ईशान किशन भारतीय टीम का हिस्सा हैं।

हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस: भारत ने लगाई हार की हैट्रिक! अब इंग्लैंड ने हराया

मोंग कोक। हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस 2026 में भारतीय टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है। पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बाद अब इंग्लैंड ने भी भारत को हरा दिया है। शनिवार को खेले गए बाउल सेमीफाइनल-2 में इंग्लैंड ने भारत को तीन रन से शिकस्त दी। इस हार के साथ ही भारतीय टीम ने लगातार तीसरी हार झेली। अब भारत को टूर्नामेंट



में 11वें और 12वें स्थान के लिए मुकाबला खेलना होगा।भारत को यूएई के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। टिन क्वॉंग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने छह ओवर में छह विकेट पर 94 रन बनाए। भारत की ओर से टी. नटराजन ने 14 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 38 रन बनाए। राहुल त्रिपाठी ने 24 और कप्तान क्रुणाल पंड्या ने 15 रन का योगदान दिया। हालांकि, बाकी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। जवाब में यूएई ने 95 रन का लक्ष्य महज 4.2 ओवर में बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया। कप्तान खालिद शाह ने 14 गेंदों में नाबाद 52 और अंश टंडन ने 12 गेंदों में नाबाद 39 रन बनाए।

उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे...नहीं चला भुवनेश्वर का जादू!

चार साल बाद की थी वापसी, आकाश चोपड़ा ने जताई निराशा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के शुरुआती तीन मुकाबलों में उनके प्रदर्शन ने सवाल खड़े कर दिए हैं। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज और मशहूर कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भी भुवनेश्वर की वापसी को लेकर निराशा जाहिर की है। आकाश चोपड़ा का मानना है कि भुवनेश्वर की वापसी वैसी नहीं रही, जैसी भारतीय प्रशंसकों और टीम मैनेजमेंट को उनसे उम्मीद थी। यही वजह रही कि न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी20 मुकाबले में उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर बैठना पड़ा और उनकी जगह मयंक यादव को मौका दिया गया।

चोपड़ा ने भुवनेश्वर के प्रदर्शन पर उठाए सवाल

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर साझा किए गए वीडियो में भुवनेश्वर कुमार के प्रदर्शन का विश्लेषण किया। उन्होंने कहा कि शुरुआती तीन टी20 मुकाबलों में भुवनेश्वर ने काफी रन खर्च किए, जिसके बाद उनकी वापसी पर सवाल उठने लगे हैं। चोपड़ा ने कहा, 'इंजरी की वजह से प्रसिद्ध कृष्णा को वनडे टीम में नहीं चुना गया। भुवी को वनडे टीम में नहीं चुना गया है। उन्होंने शुरुआती तीन टी20 मैचों में इतने रन दिए हैं कि उनकी वापसी पर सवाल उठ रहे हैं। चौथे टी20 में उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर रखने ने उनकी वापसी पर उठ रहे सवाल को और गहरा दिया है। भुवी की वापसी वैसी नहीं रही है जैसी इंडियन फैंस उम्मीद कर रहे थे।'

चौथे टी20 में भी भारतीय गेंदबाजों ने लुटाए 259 रन

न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी20 मुकाबले में भारतीय गेंदबाजी एक बार फिर प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही। भुवनेश्वर कुमार की गैरमौजूदगी में उतरी भारतीय टीम ने 259 रन खर्च कर दिए। इसके जवाब में भारतीय बल्लेबाज 172 रन ही बना सके और टीम को 87 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में भुवनेश्वर की जगह मयंक यादव को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था। हालांकि, भारतीय गेंदबाजी की कमजोरियां इस मैच में भी उजागर हुईं।

पांचवें टी20 में भुवनेश्वर की वापसी पर नजर

अब सभी की निगाहें सीरीज के पांचवें और आखिरी टी20 मुकाबले पर टिकी हैं। यदि भुवनेश्वर कुमार को इस मैच में भी मौका नहीं मिलता है, तो उनके अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर को लेकर चर्चाएं और तेज हो सकती हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांचवां टी20 मुकाबला एक नवंबर को हैमिल्टन में खेला जाएगा। भारतीय टीम सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना चुकी है। टीम इंडिया की कोशिश आखिरी मुकाबला जीतकर सीरीज को 4-1 से अपने नाम करने की होगी, जबकि न्यूजीलैंड जीत के साथ सीरीज का अंत 3-2 से करना चाहेगा।



फाइव स्टार होटल के स्विमिंग पूल में करंट से दो विदेशी नागरिकों की मौत

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के हलसूरु स्थित प्रतिष्ठित पांच सितारा कॉनराड होटल में शुक्रवार की शाम बड़ा हादसा हो गया। होटल की तीसरी मंजिल पर बने स्विमिंग पूल में करंट लगने की आशंका के बीच दो विदेशी नागरिकों की मौत हो गई। उन्हें बचाने की कोशिश में एक अमेरिकी पर्यटक और होटल का लाइफगार्ड भी घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, हादसे के समय स्विमिंग पूल में मौजूद जर्मनी और स्लोवाकिया के दो नागरिक संदिग्ध परिस्थितियों में करंट की चपेट में आ गए। शुरुआती जांच में बिजली का करंट लगना मौत की संभावित वजह माना जा रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के बाद ही हो सकेगी। हादसे के दौरान दोनों विदेशी नागरिकों को बचाने की कोशिश में 41 वर्षीय अमेरिकी नागरिक मैथ्यू डेसेंटिस और 28 वर्षीय राहुल तिवारी भी घायल हो गए। मैथ्यू होटल में ठहरे हुए अमेरिकी पर्यटक हैं, जबकि राहुल तिवारी कॉनराड होटल में पूल अटेंडेंट और लाइफगार्ड के रूप में काम करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने फॉर्म-7 की जांच के दिए आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 के कथित दुरुपयोग का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। अदालत ने मामले की जांच के आदेश देने के साथ ही शिकायतों की पड़ताल और व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए हैं। दरअसल, निर्वाचन आयोग के समक्ष मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 जमा किए जाने को लेकर शिकायतें सामने आई थीं। आरोप है कि कुछ मामलों में बड़ी संख्या में फॉर्म जमा किए गए, लेकिन संबंधित मतदाताओं के नाम नहीं हटाए गए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष इस मामले से जुड़ी याचिकाएं रखी गईं। इनमें एक विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के लिए 32 फॉर्म-7 जमा किए जाने का आरोप भी शामिल है। अदालत ने निर्वाचन आयोग से शिकायतों की जांच कर आवश्यक सुधार करने और रिपोर्ट देने को कहा है।

महाराष्ट्र में दो बार कांपी धरती, चार पड़ोसी देशों में भी लगे झटके

- सभी जगहों पर भूकंप की तीव्रता अलग-अलग रही, जानमाल के नुकसान की खबर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में शनिवार को भूकंप के झटके लगे। महाराष्ट्र के पालघर जिले में शनिवार की आधी रात को धरती दो बार कांपी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक पहला भूकंप रात 12 बजकर 54 मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.2 मापी गई। इसके बाद रात 1 बजकर 30 मिनट पर एक बार फिर झटके लगे और इस दूसरे भूकंप की तीव्रता 2.1 मापी गई। दोनों भूकंप का केंद्र महाराष्ट्र के पालघर में ही था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में आए इन दो भूकंपों के अलावा अफगानिस्तान, चीन के तिब्बत क्षेत्र, म्यांमार और बांग्लादेश में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए यानी कुछ ही घंटों में एशिया के अलग-अलग हिस्सों में धरती कांपी। हालांकि इन सभी जगहों पर दर्ज भूकंप की तीव्रता अलग-अलग रही। राहत की बात यह है कि महाराष्ट्र समेत अन्य देशों में आए भूकंप में अभी तक जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भारत के अलावा अफगानिस्तान और चीन के तिब्बत क्षेत्र में भी भूकंप दर्ज किए गए। अफगानिस्तान में शनिवार सुबह 3 बजकर 48 मिनट 15 सेकंड पर भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 4.0 मापी गई।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर देश ने किया लौह पुरुष सरदार पटेल को नमन, राष्ट्रपति, पीएम और सीएम ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, एजेंसी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के मौके पर देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है. राजधानी दिल्ली के संसद मार्ग स्थित सरदार पटेल चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कई अन्य प्रमुख हस्तियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. इस दौरान सरदार पटेल के देश की एकता और राष्ट्र निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को याद किया गया. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और देशवासियों को राष्ट्रीय



एकता दिवस की शुभकामनाएं दीं. मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण से देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया. उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने सैकड़ों रियासतों को एकजुट कर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत आधार दिया. उनका जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है. राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता.

दरअसल, सरदार वल्लभभाई पटेल का नाम भारतीय इतिहास में एक ऐसे नेता के तौर पर दर्ज है, जिन्होंने देश को एकजुट रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. 15 दिसंबर 1950 को उनके निधन से पहले ही भारत के राजनीतिक एकीकरण की मजबूत नींव रखी थी. 15 अगस्त 1947 को जब भारत आजाद हुआ, उस समय देश के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक सैकड़ों देसी रियासतों को भारतीय संघ में शामिल करना था. ऐसे मुश्किल दौर में सरदार पटेल ने तत्कालीन गृह मंत्री और उपप्रधानमंत्री के रूप में अहम जिम्मेदारी निभाई. उन्होंने वी.पी. मेनन के साथ मिलकर बातचीत, कूटनीति और जरूरत पड़ने पर कठोर फैसलों के जरिए रियासतों के एकीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया.जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी रियासतों का भारत में विलय इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के महत्वपूर्ण अध्याय रहे.सरदार पटेल को लौह पुरुष यूं ही नहीं कहा जाता, उनके मजबूत फैसलों, दृढ़ इच्छाशक्ति और नेतृत्व क्षमता ने उन्हें भारतीय इतिहास में एक अलग पहचान दिलाई. आजादी की लड़ाई के दौरान भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. साल 1928 में गुजरात के बारडोली सत्याग्रह का सफल नेतृत्व करने के बाद उन्हें 'सरदार' के नाम से व्यापक पहचान मिली. महात्मा गांधी के नेतृत्व में चले स्वतंत्रता आंदोलन में भी उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी रही.आजादी के बाद देश के सामने सिर्फ राजनीतिक एकीकरण ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने की भी चुनौती थी. सरदार पटेल ने अखिल भारतीय सेवाओं के महत्व पर जोर दिया और एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के निर्माण में योगदान दिया. सरदार पटेल की जयंती को साल 2014 से राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है. इसका उद्देश्य देशवासियों को एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश देना है. भारत अलग-अलग धर्मों, भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं वाला देश है. ऐसे में राष्ट्रीय एकता दिवस हमें याद दिलाता है कि विविधता के बावजूद देश की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है. सरदार पटेल का जीवन यह संदेश देता है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए आपसी सहयोग और एकजुटता से बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है.

रामलीला मैदान में होने वाली रैली से पहले रिजिजू ने पूछे कांग्रेस से सवाल

- सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर केंद्रीय मंत्री का पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडिया गठबंधन की ओर से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के मुद्दे पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उससे सवाल पूछे हैं। उन्होंने कांग्रेस को इन सवालों का जवाब देने की चुनौती भी दी है।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कांग्रेस को बुनियादी सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने पूछा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को महज 44 सीटें कैसे मिलीं, जबकि उस समय चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति उसकी ही सरकार ने की थी?



उनका दूसरा सवाल था कि 2024 में जब ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त नहीं थे, तब कांग्रेस को लगातार तीसरी बार चुनाव में हार का सामना कैसे करना पड़ा? उन्होंने सवाल किया, क्या कांग्रेस के मौजूदा मुख्यमंत्री इस्तीफा देंगे और 2014 से 2026 के बीच सरकारें बनाने के लिए माफी मांगेंगे?

रिजिजू ने अगले सवाल में मतदाता सूची से अवैध प्रवासियों, मृत व्यक्तियों, दूसरी जगह चले गए लोगों और दोहरे नामों को हटाने के मुद्दे पर कांग्रेस का रुख पूछा। अंत में रिजिजू का सवाल था, क्या 1952-56, 1958-61, 1965-66, 1983-84, 1987-88, 1993, 1995 और 2002-2004 के दौरान किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) भी अवैध थे? इसी के साथ ही रिजिजू ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा, एक परिवार की पार्टी बाहरी ताकतों के साथ मिलकर संविधान और भारतीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

पंजाब चुनाव 2027 : आप ने जारी की 40 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट, धुरी से चुनाव लड़ेंगे सीएम मान

भटिंडा, एजेंसी। पंजाब में अगले साल (2027) होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी है. पार्टी ने शनिवार (31 अक्तूबर) को 40 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की है. उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने के एक दिन पहले शनिवार को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत पार्टी के अन्य नेताओं ने उम्मीदवारों के नामों पर मंथन किया था. आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को एक बार फिर संगरूर जिले की



धुरी विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है. वहीं, पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां को कोटकपूरा से उम्मीदवार बनाया गया है. पहली सूची में कई अन्य प्रमुख नेताओं को भी जगह मिली है. शुक्रवार को नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर चुनावी तैयारियों को लेकर बैठक हुई थी. इसमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्य के पार्टी प्रभारी मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और जैस्मिन शाह शामिल हुए थे. पंजाब अअढ अध्यक्ष अमन अरोड़ा और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में हिस्सा लिया था. बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया था कि कुछ उम्मीदवारों के नामों पर सहमति बनी है. इन नामों को पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति के सामने रखा जाएगा. उन्होंने कहा था कि शनिवार को पीएसी की एक और बैठक होगी, जिसके बाद उम्मीदवारों की पहली सूची सार्वजनिक की जाएगी. पार्टी ने उसी कार्यक्रम के तहत उम्मीदवारों की घोषणा की है. पंजाब विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 16 मार्च 2027 को खत्म हो रहा है. राज्य की कुल 117 विधानसभा सीटों के लिए अगले साल चुनाव होंगे. हालांकि, निर्वाचन आयोग ने अभी मतदान की आधिकारिक तारीखों की घोषणा नहीं की है.

जम्मू-कश्मीर में कैबिनेट फेरबदल से विधायकों की नाराजगी आई सामने

- फारूक और उमर अब्दुल्ला को ज्ञापन सौंपेंगे चार विधायक, पार्टी नहीं छोड़ने पर सहमति

जम्मू, एजेंसी । जम्मू-कश्मीर में मंत्रिमंडल फेरबदल के बाद सत्ताधारी नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के भीतर असंतोष की खबरें सामने आई हैं। पार्टी के कम से कम 18 विधायकों ने श्रीनगर में लोलाब के विधायक कैसर जमशेद लोन के आवास पर एक बैठक की। 27 अक्टूबर को हुए मंत्रिमंडल फेरबदल के बाद हुई इस बैठक को पार्टी के भीतर बढ़ती नाराजगी के सामने आने से जोड़कर देखा जा रहा है।

मंत्रिमंडल विस्तार में नेशनल कॉन्फ्रेंस के चार विधायकों अली मोहम्मद सागर, मीर सैफुल्ला, शमीमा फिरदौस और अल्ताफ अहमद कालू को मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया था, जबकि निर्दलीय विधायक सतीश शर्मा को बाहर कर दिया गया। बैठक में शामिल एक वरिष्ठ विधायक ने इसे केवल दोस्ताना लंच बताया और किसी राजनीतिक महत्व से इनकार किया।

हालांकि, सूत्रों के मुताबिक विधायकों ने कैबिनेट व्यवस्था और पार्टी के संगठनात्मक कामकाज को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। साथ ही सर्वसम्मति से तय किया गया कि कोई भी विधायक पार्टी नहीं छोड़ेगा और न ही पार्टी तोड़ने की कोशिश करेगा।

चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सौंपेगा ज्ञापन

सूत्रों के अनुसार, विधायकों ने नजीर अहमद के नेतृत्व में चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बनाने का फैसला किया है। यह प्रतिनिधिमंडल पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को ज्ञापन सौंपेगा। इसमें कैबिनेट व्यवस्था में बदलाव और दो साल से अधिक समय से मंत्री पद पर बने नेताओं को हटाने की मांग शामिल हो सकती है।

सीएम सलाहकार पर भी उठे सवाल

विधायकों ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार नासिर सोगमी की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। उन पर पार्टी नेतृत्व को गुमराह करने और संगठनात्मक



मामलों में हस्तक्षेप करने के आरोप लगाए गए हैं। विधायक उनके इस्तीफे, बिना शर्त माफी और पद से हटाने की मांग कर सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात और नेतृत्व की प्रतिक्रिया के बाद ही विधायक आगे की रणनीति तय करेंगे।

अमित शाह ने संभाली चुनावी कमान, योगी के नेतृत्व में मैदान में उतरेगी बीजेपी

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं. प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को चुनाव की तैयारी में जुटने का संदेश दिया. उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कामकाज की तारीफ की और उनके नेतृत्व में प्रदेश में हुए बदलावों को गिनाया. बैठक से यह संकेत मिला कि भाजपा आगामी



चुनाव में योगी सरकार के कामकाज को प्रमुखता से जनता के बीच रखेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता भी पार्टी के चुनाव प्रचार का अहम हिस्सा होगी. अमित शाह ने अपने संबोधन में साफ किया कि भाजपा चुनाव में हिंदुत्व के साथ विकास और कानून-व्यवस्था को भी बड़ा मुद्दा बनाएगी. उन्होंने समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा भी दोहराया. पार्टी की कोशिश होगी कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाया जाए. इसके साथ ही भाजपा राम मंदिर निर्माण को भी अपनी बड़ी उपलब्धि के रूप में जनता के सामने रखेगी.

अमित शाह ने कार्यकताओं से कहा कि वे जनता को भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच का अंतर बताएं. उन्होंने राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए 30 अक्टूबर 1990 को अयोध्या में कारसेवकों पर हुई गोलीबारी की घटना को भी चुनावी मुद्दा बनाने का संकेत दिया. भाजपा इस मुद्दे के जरिए सपा को घेरने की तैयारी में है. इससे आगामी विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव के बीच राजनीतिक मुकाबला और तेज हो सकता है.

गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति में हुए सुधार का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों और अराजक तत्वों पर कार्रवाई हुई है और कानून का राज स्थापित करने की दिशा में काम किया गया है. शाह ने कार्यकताओं से सरकार के इन कामों को लोगों तक पहुंचाने को कहा. बैठक से यह संदेश मिला कि भाजपा योगी सरकार के कामकाज को चुनाव में अपनी बड़ी ताकत बनाएगी. अमित शाह ने पार्टी नेताओं को हर बूथ पर संगठन मजबूत करने का निर्देश दिया.

राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कभी नहीं जीत सकती : प्रह्लाद जोशी

जयपुर, एजेंसी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजस्थान की सियासत में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है. कांग्रेस की तरफ से लगाए जा रहे वोट चोरी के आरोपों का जवाब देने के लिए भाजपा ने लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान की शुरूआत की है. इसी सिलसिले में शनिवार को जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कांग्रेस नेतृत्व, विशेषकर राहुल गांधी पर हमला बोला. जोशी ने कहा कि जब-जब चुनाव में कांग्रेस को जनता नकार देती है, वह संवैधानिक संस्थाओं, अदालतों और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठाने लगती है. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में भ्रम, डर और अस्थिरता का माहौल खड़ा करने की कोशिश कर रही है. केंद्रीय मंत्री के अनुसार, कांग्रेस नेतृत्व एक ऐसे 'फेल प्रोजेक्ट' को बार-बार नए आवरण में लॉन्च करने का प्रयास कर रहा है, जिसे जनता पूरी तरह खारिज कर चुकी



है. उन्होंने दावा किया कि प्रशांत भूषण और राहुल गांधी के करीबी लोग खुले तौर पर सत्ता परिवर्तन और रेजीम चेंज की चर्चा कर रहे हैं. लोकतंत्र में सरकार बदलने का एकमात्र संवैधानिक रास्ता चुनाव है. भारत के लोकतांत्रिक मूल्य देश के डीएनए में हैं और यहां सत्ता का परिवर्तन मतदाताओं के फैसले से ही हो सकता है.

प्रह्लाद जोशी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की ओर से सत्ता परिवर्तन के संदर्भ में बांग्लादेश का उदाहरण दिया जा रहा है और राहुल गांधी भी ऐसे विचारों का समर्थन कर रहे हैं. जोशी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं, ऐसे में वहां की परिस्थितियों का उदाहरण देकर भारत में राजनीतिक अस्थिरता की बात करना उचित नहीं है. केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी के लगातार वोट चोरी के आरोप लगाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस को चुनाव आयोग और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा करना चाहिए. उन्होंने कर्नाटक के विधान परिषद चुनाव का उदाहरण देते हुए दावा किया कि वहां बैलेट पेपर से हुए चुनाव में कांग्रेस चारों सीटें हार गई. इसी तरह 28 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस को केवल एक सीट पर जीत मिली. जोशी ने कहा कि इन चुनावों में सरकारी कर्मचारियों को भी मतदाता सूची में शामिल किया गया था, इसके बावजूद कांग्रेस को अपेक्षित परिणाम नहीं मिले. उन्होंने त्रिपुरा के स्थानीय निकाय चुनावों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव होने के बावजूद कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा. जोशी ने कहा कि कांग्रेस चुनाव आयोग के खिलाफ लगातार मुद्दे खड़े कर रही है. उन्होंने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों एमएस गिल, टीएन शेषन और नवीन चावला का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पुराने कार्यकाल और चुनाव आयोग के प्रति उसके रवैये पर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य चुनावी संस्थाओं को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाए रखना है. संस्थाओं पर किसी तरह का दबाव नहीं है और लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने संवैधानिक दायरे में काम कर रही है.

एसआईआर को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर जोशी ने कहा कि कांग्रेस का आरोप है कि करीब 13 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए. उन्होंने सवाल किया कि क्या इन सभी नामों को बिना सत्यापन के दोबारा जोड़ दिया जाना चाहिए? जोशी ने कहा कि इनमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जिनकी मृत्यु हो चुकी है, जो स्थायी रूप से दूसरी जगह जा चुके हैं या जिनका पता नहीं चल पाया है. उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि क्या ऐसे नामों को भी मतदाता सूची में बनाए रखना चाहिए? जोशी ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया अभी भी उपलब्ध है. पात्र नागरिक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ऐसे में कांग्रेस को लोगों को भ्रमित करने के बजाय मतदाता सूची को शुद्ध बनाने की प्रक्रिया में सहयोग करना चाहिए. कांग्रेस के विरोध प्रदर्शनों के समय पर ऐतराज जताते हुए प्रह्लाद जोशी ने कहा कि कांग्रेस को दिवाली के अलावा प्रदर्शन करने का कोई दूसरा समय नहीं मिलता. उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे प्रदर्शनों से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं और व्यापारियों को करीब 20 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों के बीच भी 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रही है और देश में 2.40 लाख से अधिक स्टार्टअप हैं.

कैदियों के भागने के मामले में सीएम विजय का एक्शन, डिप्टी जेल सुपरिटेंडेंट निलंबित

17 कर्मचारियों को भी किया निलंबित, अब सभी जेलों में हथियारबंद गार्ड होंगे तैनात

चेन्नई, एजेंसी । तमिलनाडु के थेनी जिला जेल से हाल ही में 17 कैदियों के फरार होने के गंभीर मामले में सीएम विजय ने सख्त एक्शन लिया है। राज्य सरकार ने थेनी जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट एन रामलिंगम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सुरक्षा में हुई चूक के बाद यह फैसला लिया गया, जिसने राज्यभर की जेल सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए थे।



जानकारों के मुताबिक अगस्त 2024 से थेनी में तैनात डिप्टी जेल अधीक्षक एन रामलिंगम को जेल प्रशासन और सुरक्षा निगरानी में विफलता का दोषी पाया गया, जिसके कारण उन्हें सेवा से बर्खास्त किया गया है। उनके साथ कुल 17 अन्य कर्मचारियों को भी निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना के बाद सरकार ने तमिलनाडु की सभी केंद्रीय और जिला जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का अहम फैसला लिया है। जेल और सुधार सेवा के पुलिस महानिदेशक संदीप राय राठौर ने इस जानकारी की पुष्टि की है। यह तैनाती सुरक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव का हिस्सा है।

पुलिस महानिदेशक संदीप राय राठौर ने बताया कि अब सभी जेलों के वॉचटावरों पर हथियारबंद जवान तैनात किए जाएंगे, जिन्हें भागने की कोशिश करने वाले किसी भी कैदी को देखते ही गोली मारने का निर्देश दिया जाएगा। यह एक अहम नीतिगत बदलाव है, क्योंकि अभी तक राज्य की ज्यादातर जेलों में वॉचटावरों पर तैनात गार्ड हथियार नहीं रखते थे। इसके साथ ही सभी जेलों में अलार्म सिस्टम ठीक से काम करें, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। सुरक्षा ऑडिट पूरा होने और नई संचालन प्रक्रिया लागू होने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा उपाय भी किए जाएंगे, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

बता दें 26 अक्टूबर की रात को थेनी जेल से जेलकर्मियों को घायल कर 17 कैदी फरार हो गए थे, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और 17 विशेष टीमें बनाकर इन सभी कैदियों को जल्द ही पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद सभी कैदियों को उच्च सुरक्षा वाली जेलों में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



राघव की इकाई का बीटीएस वीडियो हुआ वायरल

नई दिल्ली। विकास बहल की आगामी फिल्म 'इकाई' की शूटिंग का एक बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें राघव जुयाल और फिल्म से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहीं कोमल पावस्कर नजर आ रहे हैं। यह वीडियो फिल्म की शूटिंग की एक झलक पेश करता है।'किल और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपने अभिनय से पहचान बनाने वाले राघव जुयाल लगातार अलग-अलग तरह के किरदारों के साथ प्रयोग कर रहे हैं। अब वह इस आगामी प्रोजेक्ट में कोमल पावस्कर के साथ एक नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी के रूप में नजर आएंगे। लीक हुए बीटीएस वीडियो में राघव और कोमल को एक पारंपरिक बाजार जैसे माहौल में सीढ़ियों पर बैठे देखा जा सकता है।

लाइफ Style

श्रीनिधि

सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती

साउथ की मशहूर अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने साल 2018 में कन्नड़ फिल्म केजीएफ: चैप्टर 1 से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद वह घर-घर में पहचानी जाने लगीं। केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि शेट्टी ने हिट: द थर्ड केस, कोबरा और तेलुगु कडा जैसी फिल्मों में काम किया।

8 साल के कॅरियर में उनकी चुनिंदा फिल्में आईं। ऐसे कयास लगाए जाते हैं कि केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि ने अपनी फीस 7 से 8 करोड़ रुपए प्रति फिल्म कर दी थी। अब खुद श्रीनिधि शेट्टी ने इन अफवाहों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा कि पैसा उनके लिए मायने नहीं रखता है। केजीएफ फिल्मों (चैप्टर 1 और चैप्टर 2) की सफलता के बाद कहा जा रहा है कि मैं 7 से 8 करोड़ रुपए मांग रही हूं। मैंने अब तक कुछ ही फिल्मों में काम किया है। ऐसे में मैं इतनी बड़ी रकम कैसे मांग सकती हूं? इसलिए, यह सिर्फ एक अफवाह है। अगर पैसा कमाना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य होता तो मैं पिछले कुछ सालों में 30 से 40 फिल्मों में काम कर सकती थी, लेकिन मैं सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती। मैं अच्छी कहानियों और बेहतरीन किरदारों को प्राथमिकता देती हूं। श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबरः 47 - एके47' के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म का निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं। फिल्म में श्रीनिधि के अलावा लीड रोल में वेंकटेश हैं। वहीं, नारा रोहित, निवेथा पेथुराज और युविना पार्थवी सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।




हॉलीवुड मसाला




'लव इन वेन' में मिला लीड रोल

लॉस एंजिल्स। फैंस के 'आइरन मैन' और हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर के तो हम सभी दीवाने हैं। हर सिनेमा दर्शक को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। लेकिन, इस बीच एक बड़ी खबर ये है कि उनके 33 साल के बेटे इंडियो फाल्कनर डाउनी भी जल्द ही बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। इंडियो को बतौर लीड हीरो उनकी पहली फीचर फिल्म 'लव इन वीन' में काम मिला है। विल डी लॉस सैंटोस के निर्देशन में बनने वाली यह इंडिपेंडेंट फिल्म राइटर रयान लियोन के नॉवल 'वेस्टिंग टैलेंट' पर बेस्ड है।



ऑस्कर की रेस में भारतीय फिल्म का देंगी साथ

लॉस एंजिल्स। फिल्ममेकर प्रणव भसीन की फिल्म 'वी वर हीअर' को अब ऑस्कर की दौड़ के लिए तैयार किया जा रहा है। उनकी मदद के लिए अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाथ आगे बढ़ाया है। प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर भारतीय सिनेमा को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान दिलाने की दिशा में कदम बढ़ाती नजर आ रही हैं। प्रणव भसीन के निर्देशन और लेखन में बनी शॉर्ट फिल्म 'वी वर हीअर' को अब तक 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जा चुका है। फिल्म से जुड़ने को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने एक प्रेस नोट में कहा, 'यह फिल्म एक ऐसे विषय को नए और मजेदार अंदाज में पेश करती है, जो आज के समय में काफी प्रासंगिक है।



35 हजार फीट ऊंचाई पर तोड़ा व्रत

नई दिल्ली। परिणीति चोपड़ा ने भी पति की लंबी उम्र के लिए करवाचौथ का व्रत रखा था। जहां तमाम फिल्म स्टार्स की पत्नियों और एक्ट्रेसेस ने एकसाथ मिलकर इसे सेलिब्रेट किया वहीं एक्ट्रेस ने इसे अलग अंदाज में मनाया है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट कर बताया कि एक्ट्रेस ने अपना व्रत 35 हजार फीट ऊपर पहुंचकर आसमान में तोड़ा। इसी के साथ परिणीति की इन झलकियों नें उनकी बहन प्रियंका चोपड़ा के उस किस्से को ताजा कर दिया है जब चांद न निकलने पर करवाचौथ का व्रत तोड़ने के लिए निक प्रियंका को लेकर प्राइवेट प्लेन से बादलों के पार पहुंच गए थे। परिणीति चोपड़ा ने आज 30 अक्टूबर को इंस्टाग्राम पर ये मजेदार वीडियो शेयर किया है। इन झलकियों में कपल एक एयरक्राफ्ट केबिन के अंदर नजर आ रहे हैं।



ओम चैप्टर 1 में आईपीएस ऑफिसर बनीं साई

मुंबई। अगले महीने 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली 'रामायणम' में सीता का किरदार निभाने के बाद, साई पल्लवी अब 'ओमः चैप्टर 1 – उधिरमः द ब्लड वुड' में एक बिल्कुल अलग रोल में नजर आएंगी। इस आने वाली एक्शन थ्रिलर के मेकर्स ने उनके किरदार, नित्या रेड्डी, से पर्दा उठाया है। फिल्म में वह एक सीबीआई ऑफिसर की भूमिका में हैं, जिन्हें लाल चंदन की अवैध तस्करी की जांच करने का काम सौंपा गया है। फिल्म की पहली झलक में उनके किरदार के अतीत और उस निजी नुकसान की झलक मिलती है, जो उन्हें इस जांच के लिए प्रेरित करता है। इसी वजह से वह धनुष और ममूटी के किरदारों के संपर्क में आती हैं। प्रमोशनल वीडियो में नित्या को 'ईमानदारी, समझदारी और युवा जोश के साथ अनुभव' का एक बेहतरीन मिश्रण बताया गया है।

टीवी मसाला

'फैमिली फुल हाउस' में पहुंचे राजपाल, कॉमेडी से सबको हंसाया



नई दिल्ली। रोहित शर्मा इन दिनों 'फैमिली फुल हाउस' के चलते चर्चा में हैं। क्रिकेटर और होस्ट रोहित शर्मा के शो में हाल ही में राजपाल यादव पहुंचे थे जहां उन्होंने बताया कि कैसे राजपाल यादव की फिल्मों ने उन्हें मैदान पर मुश्किल दिनों से उबरने में मदद की। रोहित शर्मा ने अपनी कुछ पुरानी यादों को शेयर करते हुए कहा, 'जब मैं खेलता हूं, आउट हो जाता हूं या हम मैच हार जाते हैं,

नाचते हुए मरी तो मिसाल बन जाऊंगी, विठाबाई बन छाईं श्रद्धा


मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में श्रद्धा कपूर एक बिल्कुल अलग और दमदार अवतार में नजर आ रही हैं। यह फिल्म 4 दिसंबर, को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'स्त्री' के जरिए दर्शकों को डराने और एंटरटेन करने वाली श्रद्धा इस बार महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारने जा रही हैं। फिल्म के ट्रेलर में लोककला, संघर्ष, जुनून और एक कलाकार की जिंदगी के कई रंग देखने को मिलते हैं। 3 मिनट 2 सैकेंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक जबरदस्त डॉयलॉग के साथ होती है, जिसमें सुनने को मिलता है कि तुम्हीं ने कहा था ना कि देखते हैं क्या टूटता है? मेरा भरोसा या मेरा घमंड, मेरा भरोसा ही मेरा घमंड था रे, जब वो टूट गया ना सब टूट गया। इसके बाद ट्रेलर में विठाबाई की जिंदगी के संघर्ष को दिखाया गया है।



प्रोफेसर चार्ल्स बनकर दिमाग पर छाए, आखिरी बार 'एवेंजर्स-डूम्सडे में नजर आएंगे पैट्रिक

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज कलाकार पैट्रिक स्टीवर्ट का बुधवार को 86 साल की उम्र में निधन हो गया। अभिनेता ने एक्स-मेन सीरीज में अपने किरदार प्रोफेसर चार्लस जेवियर से दर्शकों का दिल जीता है। उन्होंने एक्स-मेन' फिल्मों में प्रोफेसर एक्स के अलावा कई दूसरे प्रोजेक्ट में यादगार किरदार निभाए हैं। यहां उनके कुछ किरदारों का जिक्र है। पैट्रिक स्टीवर्ट की आखिरी फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' होगी, जो 17 दिसंबर को भारत में रिलीज होने वाली है।

नोबलमैन : मिस्टर स्टीवर्ट अपने देश ब्रिटेन में मंच (स्टेज) के एक मशहूर अभिनेता थे। उन्होंने 1966 में रॉयल शेक्सपियर कंपनी के साथ काम करना शुरू किया। उनके सबसे चर्चित किरदारों में 'मैकबेथ' में मुख्य किरदार यानी परेशान कुलीन व्यक्ति (नोबलमैन) शामिल है। मिस्टर स्टीवर्ट ने इस किरदार




के बारे में कहा था, 'मैंने पूरे 365 दिनों तक मैकबेथ का किरदार निभाया। यह किरदार मेरे अंदर इतनी गहराई तक उतर गया था कि उस समय इसने मेरी पूरी जिंदगी पर कब्जा कर लिया था'

प्रोफेसर एक्स : मिस्टर स्टीवर्ट ने कई 'एक्स-मेन' फिल्मों में चार्ल्स जेवियर, यानी प्रोफेसर एक्स का किरदार निभाया। इसमें वह व्हीलचेयर पर बैठे एक अमीर टेलीपैथ (जो दिमाग से दूसरों से जुड़ सकता है) के रूप में नजर आए। उनका यह किरदार काफी मशहूर हुआ।

प्रोफेसर एक्सः हाल ही में मिस्टर स्टीवर्ट ने 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में फिर से यही किरदार निभाया है, जो दिसंबर में रिलीज होने वाली है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि 'मुझे अभी भी दिलचस्प ऑफर मिलते रहते हैं और मुझे नए काम की चुनौतियों का सामना करना अच्छा लगता है। मैं कभी भी आधिकारिक तौर पर रिटायर होने के बारे में सोच भी नहीं सकता। मैं हमेशा और हमेशा के लिए एक एक्टर ही रहूंगा।'

कैप्टन पिकार्ड : कैप्टन पिकार्ड 20वीं सदी के टेलीविजन के सबसे मशहूर किरदारों में से एक हैं। मिस्टर स्टीवर्ट ने 'स्टार ट्रेकः द नेक्स्ट जेनरेशन' में इस किरदार को बहुत ही शांत और गंभीर अंदाज में निभाया।



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.